3 राजधानी
धान क्रय व भुगतान में तेजी के निर्देश

6 अभिमत
सीमावर्ती क्षेत्रों में अद्वितीय आर्थिक पहचान

10 विदेश
यरुशलम में गोलीबारी तीन लोगों की मौत

11 राष्ट्रीय
राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगीः गहलोत

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 43
लखनऊ, शुक्रवार, 01 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



केएल राहुल को वनडे टीम की कमान
स्पोर्ट्स-12

# मप्र में भाजपा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बढ़त

## राजस्थान में कमल खिलने के आसार तो तेलंगाना में पंजे के भारी पड़ने का अनुमान

**एग्जिट पोल**

- ज्यादातर एग्जिट पोल में मिजोरम में खंडित जनादेश रहने का अनुमान, इन सभी राज्यों में मतगणना तीन दिसंबर को होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हैदराबाद के गोशमहाल इलाके में बृहस्पतिवार को वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता।

**देश** के पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए मतदान के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में राजस्थान और मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है वहीं तेलंगाना तथा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के आगे रहने की संभावना जताई गई है।

छत्तीसगढ़ में दो चरणों में सात नवंबर और 17 नवंबर को मतदान हुआ था। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 25 नवंबर और तेलंगाना को 30 नवंबर को वोट डाले गए थे। मिजोरम में सात नवंबर को मतदान हुआ था। इन सभी राज्यों में मतगणना तीन दिसंबर को होगी। इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया के एग्जिट पोल में राजस्थान में कांग्रेस को बढ़त दिखाई गई हैं, हालांकि कई अन्य सर्वेक्षणों में भाजपा के आगे रहने का अनुमान लगाया गया है। टीवी9-पोलस्ट्रेट के सर्वेक्षण के अनुसार, राजस्थान में भाजपा 100 से 110 सीटें हासिल करके सरकार बना सकती है तो सत्तारूढ़ कांग्रेस को 90 से 100 सीटें मिल सकती हैं। इस सर्वे में कहा गया है कि राजस्थान में अन्य को पांच से 15 सीटें हासिल हो सकती हैं। टाइम्स नाउ-ईटीजी के एग्जिट पोल में कहा गया है कि राजस्थान में भाजपा 108 से 128 सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है जबकि कांग्रेस को 56 से 72 सीटों के साथ संतोष करना पड़ सकता है।

इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया के सर्वेक्षण के अनुसार, राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस 42 प्रतिशत मतों के साथ 86 से 106 सीटें हासिल कर सकती है तो भाजपा को 41 प्रतिशत मतों के साथ 80 से 100 सीटें हासिल हो सकती हैं। न्यूज 24-टुडेज चाणक्या के एग्जिट पोल के मुताबिक, मध्य प्रदेश में भाजपा को 45 प्रतिशत मतों के साथ 151 सीटें मिल सकती हैं तो भाजपा को 38 प्रतिशत मतों के साथ 74 सीटों से संतोष करना पड़ सकता है। टीवी9-पोलस्ट्रेट के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में कांग्रेस को निर्णायक बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके मुताबिक, कांग्रेस को 230 सदस्ईय विधानसभा में 111-121 सीटें मिल सकती हैं तो भाजपा के खाते में 106-116 सीटें जा सकती हैं। इंडिया टीवी-सीएनएक्स के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में कांटे का मुकाबले का अनुमान लगाया गया है, लेकिन भाजपा को बढ़त दिखाई गई है। इसके अनुसार, भाजपा को 116 तो कांग्रेस को 11 सीटें मिल सकती हैं।

रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके मुताबिक, भाजपा को 118-130 सीटें मिल सकती हैं तो कांग्रेस को 97 से 107 सीटें हासिल हो सकती हैं। न्यूज 24-टुडेज चाणक्या के एग्जिट पोल के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की एक बार फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार बन सकती है। इस सर्वेक्षण के आंकड़े के अनुसार, कांग्रेस 57 सीटें हासिल कर सकती हैं तो भाजपा को 33 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार, छत्तीसगढ़ की 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस को 42 प्रतिशत मतों के साथ 40 से 50 सीटें मिल सकती हैं तो भाजपा को 41 प्रतिशत वोट के साथ 36 से 46 सीटें हासिल हो सकती हैं। एबीपी-सी वोटर के सर्वेक्षण में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को 41 से 53 सीटें हासिल हो सकती हैं तो भाजपा को 36 से 48 सीटें मिल सकती हैं। जन की बात के सर्वेक्षण में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को 42 से 53 सीटें हासिल हो सकती हैं। ज्यादातर सर्वेक्षणों में तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बढ़त दिखाई गई है। इंडिया टीवी-सीएनएक्स के एग्जिट पोल के अनुसार 119 सदस्ईय विधानसभा में कांग्रेस 63-79 सीट हासिल करके सरकार बना सकती है।

भारत राष्ट्र समति को 31-47, एआईएमआईएम को 5-7 और भाजपा को 2-4 सीटें मिल सकती हैं। टीवी9-पोलस्ट्रेट के सर्वेक्षण में कहा गया है कि कांग्रेस को 49-59 सीटें और बीआरएस को 48 से 58 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को पांच से 10 तो एआईएमआईएम को 6 से आठ सीटें मिल सकती हैं। रिपब्लिक टीवी-मैट्रिज के अनुसार, तेलंगाना में कांग्रेस 58 से 68 सीटें हासिल करके सरकार बना सकती है तो बीआरएस को 46 से 56 सीटें हासिल हो सकती हैं। भाजपा को चार से नौ और एआईएमआईएम को छह से आठ सीटें मिल सकती हैं। ज्यादातर एग्जिट पोल में मिजोरम में खंडित जनादेश रहने का अनुमान है।

# भारतीय रक्षा उद्योग को मिली और रफ्तार



- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अध्यक्षता में तेजस सुखोई-30 समेत रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए 2.23 लाख करोड़ रुपये के सौदों पर लगी मुहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** रक्षा उद्योग को बड़ा बढ़ावा देते हुए केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को हल्के लड़ाकू विमान तेजस, हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर, एसयू-30 लड़ाकू विमानों के उन्नयन, जहाज-रोधी मिसाइलों और टोड गन सिस्टम (टीजीएस) की खरीद के लिए 2.23 लाख करोड़ रुपये के मेगा सौदों को मंजूरी दी है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने ये मंजूरी सैन्य परिचालन तैयारी के साथ आधुनिक हथियार प्रणालियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगी। डीएसी सशस्त्र बलों द्वारा रखे गए खरीद प्रस्तावों को मंजूरी देने वाली शीर्ष संस्था है। जिसपर कैबिनेट समिति (सीसीएस) अंतिम मंजूरी देती है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने शीर्ष निकाय डीएसी के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि 2.23 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) के संबंध में मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने कहा कि कुल राशि में से 2.20 लाख करोड़ रुपये (कुल आवश्यक स्वीकृत राशि का 98 फीसदी) घरेलू उद्योगों से जुटाया जाएगा।

इससे भारतीय रक्षा उद्योग को आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा। मंजूरी दिए प्रमुख प्रस्तावों में 97 तेजस जेट और 156 प्रचंड हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (सेना के लिए 90 और भारतीय वायुसेना के लिए 66) का अधिग्रहण का ऑर्डर शामिल है।

# केरल में चर्चित थे पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर



फाइल फोटोः नई दिल्ली में 22 अक्टूबर 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर के साथ। किसिंजर का 29 नवंबर 2023 को 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

**कुमार चेल्लपन।** कोच्चि

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और गेराल्ड फोर्ड के कार्यकाल में विदेश मंत्री रहे हेनरी किसिंजर ने 100 साल की उम्र में बुधवार को अंतिम सांस ली।

रोचक तथ्य यह है कि पूर्व विदेश मंत्री किसिंजर केरल में लोकप्रिय व्यक्ति थे, हालांकि उनका राज्य से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने कभी अपने जीवनकाल में भारत के इस हिस्से(केरल)का दौरा नहीं किया था। तत्कालीन केरल मीडिया ने उस समय किसिंजर को एक खलनायक के रूप में चित्रित किया था। विदेश कूटनीति की एक नई शैली का श्रेय किसिंजर को दिया जाता है। वे जब विदेश मंत्री थे तब शीत युद्ध के चरम पर था।

# भारतीय नागरिक पर लगे आरोपों को भारत ने चिंता का विषय बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश रचने का एक भारतीय नागरिक पर जो आरोप लगाया है वह चिंता का विषय है। भारत ने जोर देकर कहा कि एक उच्च स्तरीय समिति इस मामले के सभी पहलुओं की जांच करेगी। सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश से जुड़े आरोपों की जांच के लिए भारत ने एक जांच दल बनाया है। ऐसा माना जाता है कि पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की नागरिकता है। बुधवार को अमेरिका में संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि निखिल गुप्ता ने एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रची थी। अमेरिकी अभियोजकों ने बुधवार को मैनहट्टन की एक अदालत को बताया कि चेक गणराज्य के अधिकारियों ने गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

# सर्वदलीय बैठक कल, कुछ विपक्षी दल नहीं हो सकते हैं शामिल

- इनमें तृणमूल कांग्रेस, बीआरएस, अन्नाद्रमुक सहित कुछ अन्य दल भी हैं शामिल
- शीतकालीन संसद सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा और 22 तक चलेगा, इस दौरान 15 बैठकें होंगी

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**संसद** के सोमवार से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के मद्देनजर शुक्रवार को केंद्र द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस, बीआरएस और एआईएडीएमके सहित कुछ विपक्षी दल शामिल नहीं हो सकते हैं।

सरकार ने शनिवार को लोकसभा और राज्यसभा में राजनीतिक दलों के नेताओं की पारंपरिक बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी दलों ने संसद शुरू होने से पहले सोमवार को इंडिया गठबंधन के सदस्यों की एक बैठक भी बुलाई है। यह बैठक विपक्षी नेताओं पर केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा निशाना साधने सहित कई मुद्दों पर तीव्र टकराव की पृष्ठभूमि में शीतकालीन सत्र के लिए रणनीति तैयार करने के लिए बुलाई गई है। विपक्ष की बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे जो राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी बैठक करेंगे, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह और पीयूष गोयल शामिल हैं, जो राज्यसभा में सदन के नेता भी हैं।

सूत्रों ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा क्योंकि राज्य में हाल ही में संपन्न चुनाव अभियान में बीआरएस और भाजपा के बीच तीखी नोकझोंक हुई है। संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा और इसका 22 दिसंबर तक चलना प्रस्तावित है।

# यूपी का एमएसएमई सेक्टर आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकतः मुख्यमंत्री

- उद्यमी महासम्मेलन में शामिल हुए योगी, कहा-2024 के इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए अभी से तैयारी करें एमएसएमई उद्यमी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश के एमएसएमई उद्यमी अपने उत्पादों की क्वालिटी से कॉम्प्रोमाइज हर्गिज ना करें, प्रदेश सरकार शासकीय खरीद में उन्हें हर हाल में प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश का एमएसएमई सेक्टर आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। हमने टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ करके इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। आज ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में हुए रिफॉर्म के परिणाम सबके सामने हैं। पूरी दुनिया विश्वास के भाव से उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है। हमें अभी से 2024 के इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरयम में आयोजित उद्यमी महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवॉर्ड्स इंडस्ट्री 4.0 एंड स्किल 48 से संबंधित प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। जिसमें प्रदेशभर से एमएसएमई स्टार्टअप्स उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने आयोजकों और उद्यमियों का प्रदेश की राजधानी में स्वागत करते हुए कहा कि पहले यूपी में उद्यम के लिए माहौल और सरकार के स्तर पर प्रोत्साहन व संरक्षण ना होने पर उद्यमी हतोत्साहित था। 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार आने के बाद अपने परंपरागत उत्पादों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट करने के कार्यक्रम का परिणाम हम सबके सामने है।

## क्विक न्यूज

### ज्ञानवापी परिसर की सर्वेक्षण रिपोर्ट जमा करने के लिए एएसआई को 10 दिन का और समय दिया

वाराणसी। वाराणसी की जिला अदालत ने बृहस्पतिवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी परिसर की वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पूरी करने और जमा करने के लिए 10 और दिन का समय दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने यह जानकारी दी।रिपोर्ट सौंपने के लिए तीन अतिरिक्त सप्ताह की मांग करने वाली एएसआई की याचिका पर जिला न्यायाधीश ए.के. विश्वेश ने सुनवाई की। न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि एएसआई समय पर काम पूरा कर लेगा और अधिक समय नही मांगेगा।यादव ने बताया कि अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 11 दिसंबर तय की है। अदालत मंगलवार को दायर एएसआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट जमा करने के लिए जिला अदालत से तीन सप्ताह का और समय मांगा गया था। याचिका मे कहा गया था कि विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी को आत्मसात करने के लिए और अधिक समय की आवश्यकता है।

# रेलिगेयर को रफ्तार देने वाली रश्मि सलूजा लैंगिक भेदभाव का कर रहीं सामना

**समाचार विश्लेषण**

**भारतीय** वित्तीय सेवा क्षेत्र की एक प्रमुख खिलाड़ी रेलिगेयर एंटरप्राइजेज (आरईएल) वर्तमान में नियंत्रण की लड़ाई में फंसी हुई है क्योंकि इसका सबसे बड़ा शेयरधारक बर्मन परिवार कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहता है। डाबर लिमिटेड ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज में अतिरिक्त 5.27 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने का प्रस्ताव रखा है, जिससे भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) दिशानिर्देशों के पालन में जनता से अतिरिक्त 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक खुली पेशकश शुरू होगी।

रेलिगेयर एंटरप्राइजेज के लिए बर्मन परिवार की खुली पेशकश, पूर्ण स्वीकृति पर 2,116 करोड़ होने की उम्मीद है। यह केयर हेल्थ इंश्योरेंस के लिए आरईएल की कार्यकारी अध्यक्ष रश्मि सलूजा को ईएसओपी (रोजगार स्टॉक विकल्प योजना) जारी करने के विवाद के बाद आया है, एक इकाई जिसमें आरईएल की लगभग 63 फीसदी हिस्सेदारी है। सलूजा वर्तमान में केयर की गैर-कार्यकारी अध्यक्ष हैं। उन्हें दिए गए केयर ईएसओपी का मुद्दा बर्मन परिवार और सलूजा के नेतृत्व वाले आरईएल बोर्ड के बीच चल रही लड़ाई में नासूर बन गया है, जिन्होंने बर्मन परिवार के आरईएल पर कब्ज़ा करने के विचार के बारे में अपनी आपत्ति व्यक्त की है। आरईएल वर्तमान में एक स्वतंत्र बोर्ड द्वारा शासित प्रमोटर-मुक्त कंपनी के रूप में काम करती है। शून्य-प्रवर्तक कंपनियों में कोई प्रमोटर नहीं होने के कारण शून्य हिस्सेदारी होती है और इनका स्वामित्व या प्रबंधन पेशेवरों द्वारा किया जाता है। एक 'शून्य-प्रवर्तक कंपनी' का तात्पर्य एक ऐसी कंपनी संरचना से है जिसमें सक्रिय प्रमोटर अपनी सहायक कंपनियों के विकास को नहीं चला रहे हैं। किसी भी निवेश की तरह एक शून्य-प्रवर्तक कंपनी का प्रदर्शन उसकी सहायक कंपनियों के प्रदर्शन और समग्र बाजार स्थितियों पर निर्भर करता है। हालांकि भारत में ऐसी कई सफल कंपनियां हैं



जिनके पास प्रमोटर होल्डिंग का शून्य प्रतिशत है, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज अपनी टोकरी में व्यवसायों के साथ बढ़ती लाभप्रदता वक्र और स्टॉक मूल्य में लगातार वृद्धि दिखाते हुए बाकी कंपनियों से आगे निकल जाती है। उन सभी की निवल संपत्ति में लगातार सुधार हो रहा है और बाजार पूंजीकरण का विस्तार 100 मिलियन अमेरिकी डालर से कम से 1 बिलियन तक बढ़ रहा है।

धन की भारी हेराफेरी के बाद 2018 में आरईएल के पिछले प्रमोटरों के पद छोड़ने के बाद, नए प्रबंधन ने परिचालन पुनर्गठन के माध्यम से कंपनी की वित्तीय स्थिरता को पुनर्जीवित करने के लिए कार्यभार संभाला। सलूजा, एक कुशल पेशेवर, 2020 में कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में रेलिगेयर एंटरप्राइजेज में शामिल हुईं। वह एक प्रभावशाली पोर्टफोलियो और 25 वर्षों से अधिक के प्रशासनिक अनुभव के साथ एक डॉक्टर और एक उद्यमी हैं। उन्होंने कंपनी को चुनौतीपूर्ण समय से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आरईएल के पास अब विभिन्न सहायक कंपनियां हैं जो विभिन्न प्रकार की वित्तीय सेवाएं प्रदान करती हैं। उनके नेतृत्व में कंपनी की वृद्धि और सफलता आरईएल के बाजार पूंजीकरण में महत्वपूर्ण निम्न से प्रभावशाली उच्च बाजार मूल्य तक लगातार वृद्धि को दर्शाती है। पिछले तीन वर्षों में, कंपनी बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति के साथ भारत में सर्वश्रेष्ठ आरओई ब्रांडों में से एक बन गई है। हालांकि बर्मन परिवार द्वारा सेबी के पास शिकायत दर्ज करने के बाद सलूजा अब जांच के दायरे में हैं, जिसमें उनके शेयरों की बिक्री पर सवाल उठाया गया है। आरोपों में बीमा नियामक इरडा के दिशानिर्देशों का अनुपालन न करना शामिल है। विवाद तब और बढ़ गया जब बर्मन परिवार ने दावा किया कि बर्मन परिवार के साथ हुई बैठक के एक दिन बाद सलूजा ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज में अपनी निजी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेच दिया, जहां उन्होंने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज में नियंत्रण हिस्सेदारी के लिए एक खुली पेशकश पर चर्चा की थी। सलूजा पर लगाए गए आरोप न केवल उनकी क्षमता पर सवाल उठाते हैं बल्कि रेलिगेयर के प्रबंधन और बोर्ड की विश्वसनीयता पर भी संदेह पैदा करते हैं। सलूजा ने इन दावों का जोरदार खंडन किया और इसे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का निराधार प्रयास करार दिया और दावा किया कि शेयर बिक्री में उचित प्रक्रियाओं का पालन किया गया।

रेलिगेयर बोर्ड सलूजा के साथ खड़ा है और इस बात पर जोर दे रहा है कि केयर हेल्थ इंश्योरेंस के लिए ईएसओपी का आवंटन पारदर्शी तरीके से और नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया था। कंपनी का यह भी तर्क है कि उसके प्रबंधन, विशेषकर उसके द्वारा शेयरों की बिक्री को चुनौती देने वाले आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। सलूजा के महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, उनके मामले में स्पष्ट लिंग पूर्वाग्रह का पता चलता है, जिसमें उनके नेतृत्व और क्षमता को चुनौती देने वाले आरोप शामिल हैं। हालांकि, पिछले तीन वर्षों में रेलिगेयर को वित्तीय स्वतंत्रता की ओर ले जाने में उनके प्रयासों को कंपनी द्वारा उचित रूप से स्वीकार किया गया है, लेकिन आरोप अन्य महिला उद्यमियों और कॉर्पोरेट नेताओं के सामने आने वाली व्यापक चुनौतियों को रेखांकित करते हैं, भेदभाव और संदेह के खिलाफ उनके चल रहे संघर्ष पर जोर देते हैं। भारतीय कॉरपोरेट क्षेत्र के ऊपरी क्षेत्रों में लैंगिक अंतर स्पष्ट बना हुआ है, जो शीर्ष प्रबंधन में लैंगिक समानता हासिल करने में एक प्रणालीगत चुनौती को दर्शाता है। बर्मन परिवार और आरईएल प्रबंधन के बीच सत्ता संघर्ष कॉर्पोरेट जटिलताओं पर भी प्रकाश डालता है, विशेष रूप से लैंगिक असमानताओं को उजागर करता है। जबकि सरकार की पहल महिला सशक्तीकरण पर केंद्रित है, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज में चल रहा संघर्ष नेतृत्व पदों में लैंगिक पूर्वाग्रहों को खत्म करने के लिए एक समावेशी कॉर्पोरेट मॉडल की अनिवार्यता को रेखांकित करता है।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 1 दिसंबर, 2023



# 2014 से पहले चेहरा देखकर बनाई जाती थीं योजनाएं: मुख्यमंत्री

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगमन कार्यक्रम में हुए शामिल सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साढ़े 9 वर्षों में अपने महत्वपूर्ण निर्णयों, दूरदर्शी सोच एवं योजनाओं से देश भर में जो माहौल बनाया है, वह किसी भारतीय से छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संकल्प में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं काफ ी सहायक बनी हैं, जिसका भव्य रूप आज हम सभी को देखने को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले कुछ वर्षों में विकसित भारत की संकल्पना को स्थापित करेगी। इसमें हम सब का भी योगदान जरूरी है। इसी उद्देश्य से 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को ये बातें विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगमन पर गुरुवार को निशातगंज स्थित वाल्मीकि नगर में कहीं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देश के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र, आवास की चाबी एवं आयुष्मान कार्ड वितरित कर सीधा संवाद भी किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, विधायक योगेश शुक्ला, डॉ. नीरज बोरा आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ था। उसके बाद कई सरकारें बनीं। इन्होंने काम भी किया होगा और देश का पैसा भी खर्च किया होगा लेकिन दुनिया में वर्ष 2014 से पहले भारत की छवि एवं यहां के लोगों के बारे में क्या धारणा थीए लेकिन दुनिया में आज क्या छवि है, यह हम सब देख रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को दर्शाता है। वर्ष 2014 से पहले देश में चेहरा देखकर योजनाएं बनाई जाती थीं। उसमें भी जमकर बंदरबांट का खेल होता था। उनके एजेंडे में गरीब, सामान्य नागरिक, महिलाएं और नौजवान शामिल नहीं होते थे। आज देश में गरीबों और जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, गरीबों के घर में निशुल्क शौचालय, जनधन अकाउंट योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम सम्मान निधि और पीएम स्वनिधि जैसी तमाम लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यह योजनाएं पहले क्यों नहीं चलायी गई जबकि देश भी वही है और सरकार के आय के स्त्रोत भी वही हैं।

## यूपी के प्रति धारणा बदलने को लेने पड़े कठोर निर्णय: योगी

### ● गीडा के 34वें स्थापना दिवस समारोह में सीएम ने किया 800 करोड़ रुपए की निजी निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रति देश और दुनिया के लोगों में घर कर गई नकारात्मक धारणा को बदलने के लिए कठोर निर्णय लेने पड़े। गंभीर प्रयास के साथ कई रिफॉर्म करने पड़े। बिना थके और बिना डिगे किए गए कार्यों से यूपी के प्रति देश और दुनियां के लोगों की धारणा तो बदली ही, आज देश-दुनिया का हर बड़ा उद्यमी उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आकांक्षी है। सीएम योगी गुरुवार को वर्तमान प्रगति को संजोने और सुनहरे भविष्य की संभावनाओं को आकार देने के उद्देश्य से आयोजित गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 34वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। भव्य और विविधतापूर्ण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने गीडा में निजी क्षेत्र की 800 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। 500 करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए नए भूखंडों का आवंटन पत्र सौंपा। 150 करोड़ रुपए के अवस्थापना विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। नए व्यावसायिक क्षेत्र के रूप में विकसित होने वाली कालेसर परियोजना के पहले चरण और ऑनलाइन सेवाओं वाले गीडा सेवा पोर्टल को लांच किया। गोरखपुर में पहली बार आयोजित चार दिवसीय गोरखपुर ट्रेड शो का उद्घाटन किया और देश तथा इस अंचल के प्रमुख उद्यमियों के साथ बैठक कर लाभकारी निवेश के मंत्र दिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष गीडा में स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोलने के लिए नाइलिट से तथा प्लास्टिक पार्क में यूनिट्स को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) से एमओयू का आदान-प्रदान भी हुआ। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि सरकार द्वारा किए गए कार्यों से प्रदेश की छवि अच्छी हुई तो फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-दुनिया से हर बड़ा उद्यमी पहुंचा। प्रदेश में 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को लेकर एमओयू हुए।

# सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों को उच्च शिक्षा से वंचित कर रही





## विधानसभा कार्रवाई

### ● सरकार के जवाब से नाराज सपा सदस्यों ने सदन से दो बार किया वाकआउट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने दो बार सदन से वाकआउट किया। विधान सभा में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सरकार पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए उच्च कक्षाओं में शून्य शुल्क प्रवेश प्रणाली के प्रावधान को खत्म कर उनके हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए सदन से बहिर्गमन किया। शून्यकाल में कार्य स्थगन की सूचना के माध्यम से उठे इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों को उच्च शिक्षा से वंचित कर रही है, जिससे उन्हें और उनकी आने वाली पीढ़ियों को भी नुकसान होगा।

प्रश्नकाल में सपा के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पांडेय के किसानों की आमदनी बढ़ाने के सवाल का जवाब देते हुए कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि कृषकों के सतत् उन्नयन एवं कृषि उत्पादन के साथ-साथ कृषकों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, गौ आधारित प्राकृतिक खेती की योजना प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजनाएं सहित कई अनेक योजनाएं संचालित है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के अतिरिक्त केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष सभी फ सलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गयी है। राज्य सरकार सभी फ सलों के उत्पादन लागत का 1.5 गुना से अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य भारत सरकार को प्रस्तावित करती है। कृषिमंत्री के जवाब से अंसतुष्ट होकर सपा के सदस्य सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सदन से वाकआउट किया। सपा के दूसरे सदस्य विनोद चतुर्वेदी के एक सवाल के जवाब में कृषिमंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग हेतु कुल धनराशि 41772.15 लाख रुपए का बजट प्रावधान था। जिसके सापेक्ष कुल धनराशि 36107.81 लाख रुपए निर्गत, व्यय किया गया जो प्रावधानित बजट का 86.43 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के अन्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 41772.15 लाख रुपए के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट बढ़ोत्तरी करते हुए धनराशि 53445.05 लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। प्रश्नकाल में ही रालोद के डॉ अजय कुमार के एक सवाल के जवाब में समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने कहा कि अनुसूचित जाति के छात्रों को उच्चकक्षाओं में प्रवेश के लिए केंद्र सरकार द्वारा फ्री शीप कार्ड जारी किया जाता है जिसके आधार पर वे किसी उच्च सरकारी संस्थान में निरूशुल्क प्रवेश ले सकते हैं। अग्रवाल सपा के वरिष्ठ सदस्य स्वामी ओमवेश तथा अभय सिंह ने प्रदेश में युवाओं में बढ़ती नशाखोरी की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में युवा नशाखोरी की गिरफ्त में है, सपा सदस्यों की मांग थी कि 21 वर्ष से कम के युवाओं को शराब के क्रयण्विक्रय से रोका जाए और शराब खरीदने के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता को लागू किया जाए, इस पर आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि 21 साल से कम के युवाओं के शराब बेचने व खरीदने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। यदि कोई इसका उल्लंघन करता है तो उसके दुकान का लाईसेंस को निरस्त किए जाने का प्राविधान है। उन्होंने सपा के सदस्यों की इस मांग को खारिज किया कि शराब के क्रय-विक्रय में आधार कार्ड की अनिवार्यता नहीं की जा सकती है। सपा के सदस्य अभय सिंह की मांग थी जैसे बिहार और गुजरात में शराब की बिर्क्री पर पूर्णतय प्रतिबंध है उसी तरह यूपी में भी शराबबंदी पूरी तरह से लागू की जाए। उनके इस सवाल के जवाब में नितिन अग्रवाल ने कहा कि सपा की सरकार को शराब माफियाओं ने जकड रखा था। उन्होने कहा कि योगी के दूसरे कार्यकाल में पौने दो साल में अभी तक किसी की शराब पीने से मौत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने शराब माफियाओं की कमर तोडने् का काम किया है। शराब बिक्री में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सपा के सदस्य संग्राम सिंह यादव ने बिहार की भांति में यूपी में भी जातीय जनगणना का मुद्दा उठाया। उन्होने कहा कि पूर्व प्रधामंत्री वीपी सिंह मुलायम सिंह यादव और लालू यादव के प्रयासों से मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू हो पाई। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना के बिना सामाजिक न्याय की बात करना बेमानी है इस सवाल के जवाब में कृषिमंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि लोहिया और आंबेडकर ने कभी भी जातीय जनगणना की बात नहीं की। लोहिया का नारा था कि जाति तोड़ो समाज जोड़ो का नारा दिया था। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना का अधिकार संसद को ही है। कृषिमंत्री ने इस जवाब के साथ ही हाल ही में बिहार की विधानसभा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा दिए गए बयान का भी उल्लेख किया कहा कि उनके उस बयान की सर्वत्र निंदा हुई है। कांग्रेस की सदस्य आराधना मिश्रा मोना ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निवेश के जो दावे किए गए वे केवल समाचार पत्रों में दिखे धरातल पर कहां है इसका सरकार के पास क्या जवाब है तक औदृयोगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2018 में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राज्य में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक निवेशकों के साथ 4.28 लाख करोड़ रूपए के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गए।

### 2022-2023 में 15 लाख से ज्यादा पिछड़ा वर्ग छात्रों को मिली: नरेन्द्र कश्यप

**2022-2023 में 15 लाख से ज्यादा पिछड़ा वर्ग छात्रों को मिली: नरेन्द्र कश्यप:** छात्रवृत्ति 'पिछड़ा वर्ग कल्याण से संबंधी एक प्रश्न का जवाब देते हुए विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-2023 में दशमोत्तर छात्रवृत्तिए शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के 2344689 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष 1596455 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

## किसानों को बिजली बिलों में मिल रही 100 प्रतिशत छूट: ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विधान सभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने किसानों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों, युवाओं को विकास की मुख्यधारा में लाने तथा राज्य के सर्वस्पर्शी एवं समावेशी विकास को गति देने के लिए 28760.67 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट का प्राविधान किया है। इस बजट में से 10095.53 करोड़ रुपये ऊर्जा विभाग तथा 1028 करोड़ रुपये नगर विकास विभाग को मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को प्रदेश के लिए समावेशी एवं विकासोन्मुखी बजट देने हेतु बधाई दी तथा प्रदेश की जनता को बजट के लिए शुभकामनाएं भी दी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने अनुपूरक बजट में चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के बिजली बिलों में 01 अप्रैल, 2023 से शतप्रतिशत छूट दे रही। इसके लिए किसानों को दी गई छूट में सब्सिडी हेतु 900 करोड़ रुपये दिए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भी 50 प्रतिशत की छूट बिजली बिलों में दी गई थी। विपक्षी जब सत्ता में थे उन्होंने किसानों को गुमराह करने एवं उनका भरोसा तोड़ने का ही कार्य किया। प्रदेश सरकार किसानों की आमदनी को दोगुनी करने के लिए कार्य कर रही है। एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत देश एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा। योगी सरकार का यह अनुपूरक बजट देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करेगा।

### पात्र छात्रों को की जा रही शुल्क प्रतिपूर्ति: असीम अरुण

**लखनऊ।** एक प्रश्न के लिखित जवाब में समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने बताया कि प्रदेश के अन्दर सभी मान्यता, सम्बद्धता प्राप्त शिक्षण संस्थानों तथा प्रदेश के बाहर राजकीय एवं अनुदानित शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्रों को नियमावली के नियमों के अधीन शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लम्बित 36607 अनुसूचित जाति छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2023.24 में अध्ययनरत छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है।

## विधान परिषद की कार्यवाही

### सपा ने जोर-शोर से उठाया किसानों की आय का मुद्दा, सरकार के विरोध में की नारेबाजी

#### ● कृषि मंत्री के जवाब से से असंतुष्ट होकर किया सदन से वाकऑउट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शीतकालीन** सत्र के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को विधान परिषद में सपा ने किसानों की आय का मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। सपा के लाल बिहारी यादव, नरेश चन्द्र उत्तम एवं अन्य सदस्यों ने प्रदेश के किसानों को उनकी लागत के अनुरूप कृषि उपज का लाभकारी मूल्य दिलाये जाने के संबंध में सूचना दी और कहा की उत्तर प्रदेश में कृषि आय दोगुनी नहीं हुई है। लगातार विभिन्न मदों में किसानों की आय घट रही है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने कारण सपा के सभी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन का त्याग किया।

इससे पहले विधान परिषद सदन की कार्यवाही बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। प्रश्न प्रहर शांत पूर्ण ढंग से बीतने के बाद शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने नियम-39(क) के अन्तर्गत 22 जुलाई 2022 को बाबा राघव दास मेडिकल कालेज, गोरखपुर में सन्दीप कुमार त्रिपाठी की पत्नी को वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा समय पर उपचार न दिए जाने पर मरीज तथा दोनों बच्चों की मृत्यु होने का मामला औचित्य के प्रश्न के रूप में उठाया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने 15 दिन में इसका निर्णय कराने के निर्देश दिए।

शून्य प्रहर में कार्यस्थगन के रूप में नियम 105 के तहत उठाए गए किसानों की आय के मुद्दे पर सपा सदस्यों ने अलग-अलग आंकड़े प्रस्तुत किए हैं जिसके मुताबिक किसानों की आय लगातार उत्तर प्रदेश में घट रही है। इसके अलावा किसानों की फ सलों को बेसहारा पशुओं के जरिए होने वाले नुकसान का सवाल पूछा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सपा सदस्यों की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आपकी सरकार के समय में गेहूं की कीमत 1450 रुपए प्रति कुंतल थी मोदी और योगी की सरकार आने के बाद 2275 रुपए प्रति कुंटल में गेहूं खरीद कर रहे हैं। उन्होंने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने कारण सपा के सभी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुये सदन का त्याग किया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए। शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के राजकीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों को असाध्य एवं खर्चीली बीमारियों के लिए निशुल्क उपचार दिलाए जाने के संबंध में सूचना दी व अपने विचार व्यक्त किये। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा योजनान्तर्गत कार्यरत अतिथि विषय विशेषज्ञों को रिक्त पदों पर समायोजन एवं उनका मानदेय बढ़ाये जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राह्यता पर राजबहादुर सिंह चन्देल एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त किए। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। तत्पश्चात् सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने 2:30 बजे सदन की कार्यवाही 3:30 बजे तक भोजनावकाश के लिये स्थगित कर दी।

**उच्च सदन में पारित हुए तीन विधेयक:** भोजनावकाश के पश्चात् सदन की बैठक अपराह्न 3:30 बज अधिष्ठाता डा..जयपाल सिंह व्यस्त के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। तत्पश्चात् प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023, उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण विधयेक, 2023 (श्री अध्यक्ष ने प्रमाणित किया है कि यह एक धन विधेयक है।) और उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023 निम्नलिखित विधेयकों को सदन की मेज पर रखा। उक्त तीनों विधेयक विचारोपरान्त ध्वनिमत से पारित हुए। तत्पश्चात् कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया।

**आवंटित बजट की राशि न खर्च कर पाने पर विपक्ष ने की सरकार की आलोचना:** वित्तीय वर्ष 2023-2024 के अनुपूरक अनुदानों पर सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए सपा के लाल बिहारी यादव ने प्रदेश में सड़को की खराब स्थिति पर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया तथा बजट को पूर्ण रूप से विकास कार्यों में खर्च न हो पाने एवं बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा को आवंटित बजट की राशि को खर्च न कर पाने पर सरकार की आलोचना की। कौशल विकास पर सरकार द्वारा अनुपूरक अनुदानों में कोई व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने बजट को अनुपयोगी बताया। बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने कहा कि इस बजट में मजदूरों, दलितों एवं गरीब तबको का ध्यान नहीं रखा गया है। इस सरकार में रोजगार की अनदेखी की जा रही है। यह बजट दिखावा मात्र है। शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में बजट में कोई विकास परक उचित प्रावधान नहीं किया है। इस बजट में अन्नदाता किसानों की उपेक्षा की जा रही है। तत्पश्चात् अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने शाम 5 बजे सदन की बैठक 1 दिसम्बर 2023 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# शानदार कनेक्टिविटी से परवान चढ़ेगी गीडा की कालेसर परियोजना

## सीएम योगी ने लांच किया परियोजना का पहला चरण, 80 एकड़ में विकसित होगी नई कमर्शियल टाउनशिप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**कनेक्टिविटी** के शानदार जंक्शन पर विकसित हो रही गीडा की कालेसर परियोजना के पहले चरण (व्यावसायिक) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गीडा के 34वें स्थापना दिवस समारोह में लांच किया। इस अवसर पर उन्होंने परियोजना की पुस्तिका का विमोचन भी किया। बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी के कारण यह परियोजना एक तरह से नए गोरखपुर के नक्शे में खासी महत्वपूर्ण व्यावसायिक स्थल के रूप में परवान चढ़ेगी। गीडा ने सीएम योगी की मंशा के अनुरूप कारोबारियों की व्यावसायिक जरूरतों के दृष्टिकोण से इस प्रोजेक्ट को डिजाइन किया है।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण की यह अति महत्वाकांक्षी परियोजना कालेसर सेक्टर-11 में 200 एकड़ में आकार लेगी। गुरुवार को गीडा दिवस पर सीएम योगी द्वारा इसके पहले चरण को लांच किया गया। परियोजना के पहले चरण के तहत लगभग 80 एकड़ में व्यावसायिक भूखंडों का विकास किया जायेगा।

इसमें 10000 वर्ग मीटर से लेकर 35000 वर्ग मीटर तक के विभिन्न भूखंड अलग-अलग व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए विकसित किए जाएंगे। यह नए कमर्शियल टाउनशिप के रूप में तैयार होगा। कालेसर परियोजना के दूसरे चरण में 120 एकड़ भूमि पर आवासीय सेक्टर का विकास किया जायेगा। इसको विकसित करने में करीब 250 करोड़ रुपए के अवस्थापना विकास कार्य कराए जाएंगे। इस परियोजना के लिए गीडा द्वारा जमीन का अधिग्रहण आपसी सहमति के आधार पर किया गया है।

### गोरखपुर में पहली बार चार दिवसीय ट्रेड शो का आयोजन सीएम ने किया उद्घाटन

**लखनऊ/ गोरखपुर।** साढ़े छह साल पहले तक बीमारू का दंश झेलने वाले गोरखपुर के लिए प्रगति मैदान में लगने वाले ट्रेड फेयर जैसा आयोजन सिर्फ कल्पना की बात लगती थी। परए योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद माहौल ऐसा बदला है कि यह कल्पना हकीकत में बदल गई। गीडा के संस्थागत क्षेत्र में पहली बार आयोजित चार दिवसीय गोरखपुर ट्रेड शो में आप मिनी प्रगति मैदान जैसे स्वरूप को निहार सकते हैं, स्थानीय से लेकर देश के बड़े उद्योगों में तैयार उत्पाद का अवलोकन कर औद्योगिक और व्यावसायिक प्रगति के साक्षी बन सकते हैं।

### इंडस्ट्री की जरूरत के अनुरूप युवाओं को मिलेगी ट्रेनिंग, रोजगार होगा सुनिश्चित

**लखनऊ/ गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि जिस क्षेत्र में औद्योगिक विकास हो, वहां के ही स्थानीय युवाओं को अधिकाधिक रोजगार भी मिले। यह तभी संभव है जब सबंधित उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप स्थानीय युवा प्रशिक्षित हों।

इसी मकसद से गीडा के उद्योगों के अनुरूप स्थानीय युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोला जाएगा। गीडा की पहल पर इसके लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने कदम बढ़ाए हैं। स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए गुरुवार को गीडा के स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष नाइलिट और गीडा के मध्य समझौता करार (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। गीडा की तरफ से मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक और नाइलिट की तरफ से डायरेक्टर आलोक त्रिपाठी ने एक-दूसरे को एमओयू ड्राफ्ट सौंपे। स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए गीडा की तरफ से नाइलिट को 9280 वर्ग मीटर स्थान मय निर्मित भवन के निशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। यहां स्थानीय युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूचित किया जाता है की सुपाता उर्फ आशा देवी पत्नी राम आसरे दोनों ही मेरे नाम है कहीं-कहीं आशा देवी व कहीं सुपाता लिख गया है जो एक ही माना जाए। सुपाता उर्फ आशा देवी निवासी बैरमपुर थाना तहसील सलोन जिला रायबरेली।

# धान क्रय व भुगतान में तेजी के निर्देश

## ● मण्डल में 9,95,000 मैट्रिक टन धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मंडलायुक्त** द्वारा धान क्रय किये जाने पर मण्डलीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मंडलायुक्त द्वारा शासन के मंशानुरूप पारदर्शी ढंग से गुणवत्तापरक धान क्रय एवं कृषकों को तेजी से भुगतान किया जाने का निर्देश दिया गया। अफसरों द्वारा स्थापित कुल 573 क्रय केन्द्रों पर 617 वाहनों में जीपीएस इंस्टॉल किया जाने की जानकारी दी गयी। वहीं, मंडलायुक्त द्वारा छोटे और मध्यम वर्गी किसानों से प्राथमिकता के आधार पर धान क्रय किया जाने का निर्देश दिया गया।

गुरुवार को मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में अपने कार्यालय सभाकक्ष में धान क्रय किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने धान क्रय पर मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का धान क्रय का भुगतान बिना किसी विलम्ब के ससमय कराया जाये। उन्होंने कहा कि धान क्रय के बाद 48 घण्टे में किसानों का भुकतान सभी संबंधित संस्थाएं करना सुनिश्चित करे। छोटे और मध्यम वर्गी किसानों से प्राथमिकता के आधार पर धान क्रय किया जाये। सभी धान क्रय केन्द्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संचालन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बन्धित अधिकारी प्रत्येक सप्ताह धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे और प्रतिदिन क्रय सेन्टरों का फ ीडबैक लेते रहे। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये। बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि मण्डल में 9,95,000 मैट्रिक टन धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है। मण्डल के सभी क्रय सेन्टरों को क्रियाशील कर दिया गया है। लखनऊ में 29 क्रय सेन्टर बनाये गये है जिसके दौरान 1 नवम्बर से धान क्रय केन्द्र पर खरीद प्रारम्भ कर दी गयी है। वहीं, मण्डल के सभी जनपदों के धान क्रय केन्द्र का मण्डलायुक्त द्वारा फीडबैक लिया गया। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली में स्थापित कुल 573 क्रय केन्द्रों पर 617 वाहनों में जीपीएस इंस्टॉल किया जा चुका है। मंडलायुक्त ने शेष वाहनों में जीपीएस इंस्टॉलेशन तत्काल कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रत्येक क्र य केन्द्र पर उपकरणों (इलेक्ट्रॉनिक काँटा, नमी मापक यंत्र व विनोईंग फैन एवं ई.पॉप मशीन) की उपलब्धता शतप्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुरूप पारदर्शी ढंग से गुणवत्तापरक धान क्रय एवं कृषकों को तेज भुगतान कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सभी धान क्रय केंद्रों पर होल्डिंग व बैनर भी लगाया जाना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि सेंटर वाइज धान क्रय का संबंधित अधिकारी द्वारा स्वयं समीक्षा किया जाय। उन धान खरीद केंद्रों पर विशेष फोकस किया जाए जिन केंद्रों कि पिछले वर्ष लक्ष्य के सापेक्ष खरीद अच्छी नहीं हुई। इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक घनश्याम सिंह, क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक, सभी जनपदों के एआरएमओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तुम्हारी याद के स्याही को रो रो के मिटाते हैं...

## ● लविवि में दीक्षान्त पूर्व समारोह सप्ताह के तीसरे दिन विभिन्न विभागों में हुए कई कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**लखनऊ** विश्वविद्यालय में चल रहे दीक्षान्त पूर्व सप्ताह समारोह के तीसरे दिन गुरुवार को कई विभागों में समसामयिक विषय आधारित कई कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

तूम्हारी याद के स्याही को रो रो के मिटाते हैं, कि यानी हिज्र को जानाँ हम लोगो से छुपाते है। मेरी गजलें जो पढ़ते है मुझे शायर तो वे कहतें, मगर हम तुझमें खो करके, तुम्हे गीतों में गाते हैं। विश्वविद्यालय में चल रहे संस्कृति सुरभि महोत्सव के तीसरे दिन की शुरूवात इन्ही प्रेमपूर्ण पंक्तियों के साथ हुई। इस महोत्सव के तीसरे दिन बज्म-ए-कलम, हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयो के छात्रों ने प्रेम, विरह, नारी जीवन, ज्वलंत समस्याओं, देशप्रेम आदि विभिन्न भावों एव विषयों पर एक से बढ़कर एक स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस इवेंट के निर्णायक रहे समाजशास्त्री प्रो रोहित मिश्रा ने बच्चों से कहा कि यह तो सब जानते है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है परंतु जो कविताएं होती है ये समाज के साथ साथ लिखने वालों के मन एव आत्मा का भी दर्पण होता है। उन्होंने प्रतियोगी छात्रों को उनके सफल प्रतिभाग की बधाइयां दी एव आगे भी ऐसे ही गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इवेंट के कोऑर्डिनेटर शिवम ने बताया कि हिंदी पोयट्री में 50 और इंग्लिश पोयट्री में लगभग 20 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

### अनुसंधान पद्धति व समसामयिक मुद्दे पर व्याख्यान

**इंस्टीट्यूट** ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने प्री कन्वोकेशन उत्सव में एक दिवसीय बिजनेस मैनेजमेंट में अनुसंधान पद्धति और समसामयिक मुद्दे विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया। डॉ. उरूज अहमद सिद्दीकी ने अनुसंधान पद्धति और व्यवसाय एवं प्रबंधन में इसके अनुप्रयोग पर चर्चा किया। शोध में समस्या होनी चाहिए तभी समाधान संभव है। समस्या और जिज्ञासा तो होनी ही चाहिए, अनुसंधान प्रक्रिया समस्या की पहचान, उद्देश्यों, डेटा संग्रह से शुरू होती है और निष्कर्ष निकालने के साथ समाप्त होती है।

### उम्मीद के साथ इंटरफेस कार्यक्रम

**समाज** कार्य विभाग में उम्मीद संस्था के साथ समाज कार्य के विद्यार्थियों के लिए एक इंटरफेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र.छात्राओं में सामाजिक समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता एवं समझ उत्पन्न करना था। संस्था के सचिव बलबीर सिंह मान ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि शुरू में काफ़ी समस्याएँ आयीं लेकिन जैसे.जैसे समस्याओं को देखने का उनका नज़रिया व्यावसायिक होता गया वैसे.वैसे समस्याओं की जड़ तक पहुँचना आसान होता गया। संस्था इस समय भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के समायोजन का काम कर रही जिसके लिए उसने भिक्षा से शिक्षा की ओर कार्यक्रम चलाया हुआ है। साथ ही मानसिक रूप से मंदित माताओं के लिए मातृत्व छाया कार्यक्रम भी चला रखा है। बच्चों और माताओं को रैन बसेरा लाया जाता है उसके बाद पूर्ण रूप से वैज्ञानिक पद्धति से उन्हें मुख्यधारा में लाने का काम किया जाता है। कार्यक्रम में संस्था की उपसचिव आराधना सिकरवार भी पूरे समय उपस्थित रहीं जिनके अनुभवों का लाभ विद्यार्थियों को मिला।

## योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का नर्वस सिस्टम पर प्रभाव

**फैकल्टी** ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की तरफ से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का नर्वस सिस्टम पर प्रभाव विषय पर 19वे राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अशोक बाजपेई के द्वारा संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया। डॉ. बाजपेई ने अपने संबोधन में योग के शरीर एवं मानसिक स्तर पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की वर्तमान में कई तरह की बीमारियां जो की नर्वस सिस्टम से संबंधित है जिसका उपचार योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा बड़ी सरलता से किया जा सकता है। माइग्रेन जो कि आम बीमारियों की तरह फैलती चली जा रही है इसका प्रबंधन योगासनों द्वारा मुख्य रूप से शवासन, पवनमुक्त आसन तथा अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम के अभ्यास से किया जा सकता है डॉ. अमरजीत यादव ने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के वैज्ञानिक अध्ययन से प्राप्त आंकड़ों को प्रस्तुत किया। डॉ. यादव ने बताया कि नर्वस सिस्टम से संबंधित कई तरीके के रोग उत्पन्न होते हैं जिनमें मुख्य रूप से माइग्रेन, हृदय घात एवं अल्जाइमर मुख्य है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे केजीएमयू के पूर्व कुलपति प्रो एमएलबी भट्ट ने अपने संबोधन में कहा की नर्वस सिस्टम एक बहुत महत्वपूर्ण सिस्टम है जिससे अनेक रोग उत्पन्न होते हैं पूरे संसार में एक अरब से अधिक लोग नर्वस सिस्टम से उत्पन्न होने वाली बीमारियों से ग्रसित है। आगे उनका कहना था कि इस तरह के रोगियों के उपचार के लिए आसन, प्राणायाम और ध्यान प्रमुख भूमिका निभाता है।

## मानवजनित गतिविधियों के कारण ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि

**रसायन** विज्ञान विभाग की तरफ से पूर्व छात्र व्याख्यान श्रृंखला में सोलहवें व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान डॉ एस डब्ल्यू ए द्वारा दिया गया था। नकवी एमएससी के पूर्व छात्र रहे हैं। वह वर्तमान में राष्ट्रीय विज्ञान अध्यक्ष, सीएसआईआर.राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ हैं और राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान गोवा के निदेशक भी थे। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया और ऐसे व्याख्यानों के महत्व पर जोर दिया। अपने व्याख्यान में डॉ नकवी ने दर्शकों को बताया कि मनुष्यों की मानवजनित गतिविधियों के कारण ग्रीनहाउस गैसों, विशेष रूप से कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में वृद्धि हुई है। जो वैश्विक जलवायु में बड़ा बदलाव है। उन्होंने यह भी कहा कि जलवायु परिवर्तन एक अभूतपूर्व वैश्विक चुनौती, आंतरिक रूप से हमारे ग्रह के पारिस्थितिक तंत्र के भीतर कार्बन के जटिल नृत्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि कार्बन कनेक्शन को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है और बताया कि कैसे शमन रणनीतियों में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों में परिवर्तन, ऊर्जा दक्षता बढ़ाना और पुनर्वनीकरण के प्रयास ऐसे उत्सर्जन को नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि टिकाऊ प्रथाएं और तकनीकी नवाचार कार्बन उत्सर्जन को रोकने और लचीलेपन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जलवायु परिवर्तन की वैश्विक प्रकृति को पहचानते हुए दुनिया भर के देशों को पेरिस समझौते जैसी पहल में एक साथ आना होगा।

# नीति आयोग के सदस्य व आईसीएमआर के डीजी ने किया गया स्वास्थ्य इकाइयों का भ्रमण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुष्मान** भारत योजनान्तर्गत जनसमुदाय को उनके घर के निकट सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के उद्देश्य से उपकेन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की स्थापना की गई है। डॉ विनोद पॉल, सदस्य नीति आयोग भारत सरकार, डॉ राजीव बहल महानिदेशक, आईसीएमआर भारत सरकार द्वारा उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर अनौरा कलां व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उजरियांव का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर डॉ पिंकी जोवल मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र द्वारा विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए दी जा रही गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। डॉ विनोद पॉल एवं डॉ राजीव बहल द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के साथ-साथ गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग के साथ ही मुख स्वच्छता, वृद्वावस्था स्वास्थ्य मानसिक स्वास्थ्य, आँख, नाक, कान एवं गला स्वास्थ्य की उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही टेली मेडिसिन के माध्यम से हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के द्वारा जनमानस को प्रदान की जा रही चिकित्सकीय परामर्श की सेवाओं को भी परखा गया। विशिष्ट अतिथियों द्वारा दवाओं एवं जांचों की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गयी। भ्रमण के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह निर्देश दिये गये कि केन्द्रों पर दी जाने वाले सेवाओं के बारे में जनसमुदाय को जागरूक किया जाये। इन केन्द्रों के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान के लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने हेतु प्रयास किया जाय। साथ ही रोगियों को ही नहीं समस्त जनसमुदाय को स्वस्थ जीवन शैली की जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया जाय।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों के लिए विशेष पंजीकरण अभियान शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** मातृ वंदना योजना में ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को लाभ देने के लिए जनपद में बृहस्पतिवार को विशेष पंजीकरण अभियान शुरू हुआ। अभियान का शुभारंभ मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्रीय विधायक जया देवी और अवन्ती बाई जिला महिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा मधु गैरोला ने किया।

विधायक ने कहा कि महिलाओं के पोषण के लिए पीएमएमवीवाई योजना शुरू की गई थी, लेकिन इसमें बदलाव करते हुए कन्या जन्म प्रोत्साहन को भी जोडा गया है। अब दूसरी संतान कन्या होने पर भी लाभ दिया जा रहा है। जन प्रतिनिधियों ने अपील की इस अभियान का लाभ उठाएं और अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाएं। इसके लिए एएनएम और आशा दीदी से संपर्क करें। अवन्तीबाई जिला महिला अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि महिला जितनी जल्दी अपना पंजीकरण करवा लेंगी उतनी जल्द ही वह सरकारी योजनाओं का लाभ उठा पायेंगी। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए जो भी आवश्यक दस्तावेज चाहिए वह जरूर दें और इस बात का विशेष ध्यान रखें कि यदि योजना का नाम लेकर कोई व्यक्ति फोन पर आपसे बैंक खाते का विवरण माँगता है तो कतई न दें क्योंकि विभाग से कोई भी व्यक्ति मोबाइल पर आपसे इस तरह का विवरण नहीं मागेगा। पीएमएमवीवाई के जिला समन्वयक ने अवन्तीबाई जिला महिला अस्पताल में उपस्थित महिलाओं को योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन हजार रुपये की पहली किस्त प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने पर और दो हजार रुपये की दूसरी किस्त बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने तथा बच्चे के टीकाकरण का पहला चक्र पूरा होने पर मिलेगी। दूसरी बार मां बनने पर और कन्या पैदा होने के पश्चात पेन्टा थर्ड का टीकाकरण पूर्ण होने पर पंजीकरण फॉर्म भरा जाएगा। इसके तहत छह हजार रुपये एक मुश्त दिये जाएंगे। यह राशि बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए दी जाएगी।

# काकोरी में 45 बीघा जमीन पर अवैध न्यूयार्क सिटी पर एलडीए ने चलाया बुलडोजर

## ● कृष्णानगर और काकोरी क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र के कराये जा रहे चार अवैध निर्माणों को सील किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एलडीए** ने काकोरी के मौदा गांव में लगभग 45 बीघा जमीन पर अवैध रूप से विकसित की जा रही न्यूयार्क सिटी पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, साइट ऑफि स, बाउन्ड्रीवॉल आदि को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा निर्देश पर चलाये गये इस अभियान के अंतर्गत काकोरी व कृष्णानगर क्षेत्र में चार अवैध निर्माण भी सील किये गये।

गुरूवार को एलडीए ने काकोरी में अवैध प्लाटिंग की कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन.3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि नितिन द्विवेदी, प्रहलाद पाल, अवशेध राठौर, मोहम्मद नदीम व अन्य द्वारा काकोरी के ग्राम.मौदा में लगभग 45 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए न्यूयार्क सिटी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले.आउट स्वीकृत कराये बिना विकसित की जा रही इस अवैध कालोनी के विरूद्ध कार्रवाई के बावजूद डेवलपर द्वारा स्थल पर दोपहर निर्माण एवं विकास कार्य कराये जा रहे थे, जिस पर विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। इसी आदेश पर सहायक अभियंता वाईपी सिंह, अवर अभियंता भरत पाण्डेय, भानु प्रताप वर्मा व प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। इसके अलावा आलमबाग निवासी सरदार गोल्डी व अन्य द्वारा काकोरी के जलियामऊ में आगरा एक्सप्रेस.वे सर्विस रोड के किनारे लगभग 5000 वर्गफि ट क्षेत्रफ्ल में भूतल व प्रथम तल पर 5.5 भवनों एवं द्वितीय तल पर ममटी का निर्माण कराया जा रहा था। सुरेश कुमार व अन्य द्वारा आगरा एक्सप्रेस.वेए बड़ा गांव में लगभग 140 वर्गमीटर क्षेत्रफ्ल के भूखण्ड पर व्यवसायिक निर्माण कराया गया था। वहीं, लक्ष्मी महेश्वरी द्वारा मोहान रोडए भरोसा.मौदा मोड़ पर लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफ्ल में व्यवसायिक उपयोग के लिए लोअर ग्राउंड समेत दो मंजिला भवन का निर्माण कराया गया था। इसके अतिरिक्त दलजीत कौर पत्नी सरदार परमजीत द्वारा कृष्णानगर के कनौसी की विजय नगर कालोनी में भूखण्ड संख्या.153 पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफ्ल में स्वीकृत आवासीय मानचित्र के विपरीत अपार्टमेंट का निर्माण करवाया जा रहा था। अवैध तरीके से कराये जा रहे उक्त चारों अवैध निर्माणों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। आदेश पर प्रवर्तन टीम द्वारा चारों भवनों को सील कर दिया गया।

# एकेटीयू ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के टॉप टेन छात्रों की संशोधित लिस्ट की जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह के मद्देनजर तैयारी शुरू कर दी है। इस क्रम में संबद्ध संस्थानों के 16 विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च स्थान पाने वाले तीन छात्रों को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिया जाता है। इस क्रम में सत्र 2022.23 के अंतिम वर्ष के ग्रुपवार शीर्ष 10 स्थान पाने वाले छात्रों की लिस्ट जारी की गयी थी। लिस्ट पर आपत्ति और विसंगति के लिए 20 नवंबर तक ईमेल के जरिये सूचना देना था। छात्रों और संस्थानों की आपत्तियों की जांच के बाद विश्वविद्यालय ने अंतिम रूप से संशोधित टॉप टेन छात्रों की संशोधित लिस्ट जारी कर दिया है।

# पुरनिया क्रासिंग से दो दर्जन अतिक्रमण हटाये गये



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अलीगंज** सहित गोमतीनगर में सड़कों पर बढ़े अतिक्रमणों पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गयी। पुरनियां क्षेत्र में अतिक्रमण बड़े स्तर पर हटाया गया। क्षेत्र में लगभग दो दर्जन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी। वहीं, जोनल अधिकारी द्वारा अभियान के दौरान दो ट्रक सामान जब्त किया गया।

गुरुवार को नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने अलीगंज, गोमती नगर सहित कई इलाकों में अतिक्रमण अभियान चलाया। जोनल अधिकारी मनोज गुप्ता, कर अधीक्षक जेएस सिंह ने पुरनिया क्रासिंग के आस पास का अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान बड़े स्तर पर नगर निगम ने कार्रवाई की। अतिक्रमण प्रभारी सत्येंद्र सिंह चौहान ने बताया कि क्षेत्र में अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कई ट्रक सामान जब्त किया। प्रवर्तन टीम ने सड़कों पर बढ़े आर रहे अतिक्रमण को प्रवर्तन टीम ने रोस्टर अनुसार जोनवार हटाने की कार्रवाई की।

# एचआईवी ग्रसित मां के आंचल में गूंजी स्वस्थ किलकारी

**विश्व एड्स दिवस पर विशेष**

## मां ने रखा पूरा ध्यान, बच्चे के जीवन में नहीं आया व्यवधान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ







**केस**-लखनऊ निवासी 25 वर्षीय गीता (बदला हुआ नाम) को जून 2021 में प्रसव पूर्व जांच के दौरान पता चला कि वह एचआईवी ग्रसित हैं। उन्हें किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी स्थित एंटी रेट्रो थेरेपी (एआरटी) प्लस सेंटर भेजा गया। जहां उनके पति की भी जांच हुई तो पता चला कि वह भी एचआईवी ग्रसित हैं। ऐसे में दोनों ही बहुत परेशान हुए कि अगर बच्चा होगा तो वह भी एचआईवी ग्रसित होगा, लेकिन यहाँ पर उनकी काउंसलिंग की गई और बताया कि एआरटी सेंटर की सलाह का पालन करने पर एचआईवी ग्रसित बच्चा होने की संभावना न के बराबर रह जाती है। जिसके बाद समय से पहले बच्चे का जन्म हुआ। दंपति ने एआरटी सेंटर की सलाह का अक्षरशः पालन करते हुए उसकी देखभाल की और आज बच्चा पूर्णतया स्वस्थ है। केजीएमयू स्थित एआरटी प्लस सेंटर की मेडिकल ऑफिसर डॉ सुमन शुक्ला बताती हैं कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है जो कि मानव शरीर में पाया जाता है। एड्स एचआईवी की एक अवस्था है जो कि मनुष्य की प्रतिरोधक क्षमता को धीरे.धीरे कम करती है। एआरटी प्लस सेंटर पर आने पर सबसे पहले गर्भवती की सभी जाँच की जाती हैं और उसका इलाज शुरू किया जाता है। वैसा ही गीता के साथ भी किया गया। प्रसव के लिए गीता को क्वीन मेरी स्थित जच्चा बच्चा केंद्र भेजा गया। एचआईवी ग्रसित गर्भवती को प्रसव के लिए यहीं भेजा जाता है। प्रोटोकॉल के अनुसार जन्म के तुरंत बाद से लेकर तीन माह तक एचआईवी संक्रमण से बचाव की दवा बच्चे को दी गयी। अगस्त 2023 में 18 माह का होने पर एचआईवी की पुष्टि के लिए एलाइजा टेस्ट किया गया। जिसमें बच्चा निगेटिव आया, बच्चा संक्रमण मुक्त है। प्रसव के तुरंत बाद नवजात को एक विशेष दवा दी जाती है। यह सिरप नवजात को 72 घंटे के भीतर देना जरूरी है। ऐसे बच्चों का ड्राई ब्लड स्पॉट टेस्ट बच्चे के जन्म के 1.5 से 2 माह पर कराया जाता है। इसके अलावा छह माह, 12 माह और 18 माह पर एंटीबॉडी टेस्ट किये जाते हैं यह टेस्ट नेगेटिव आने पर बच्चे को संक्रमण मुक्त घोषित किया जाता है। यानि बच्चे को मां से संक्रमण नहीं मिला। डा सुमन बताती हैं कि यदि माँ का एचआईवी का इलाज चल रहा है और बच्चा ऊपर का दूध पी रहा है तो उसे डेढ़ माह तक दिन में दो बार विशेष दवा दी जाती है। डा नीतू बताती हैं कि एचआईवी संक्रमित मां को सलाह दी जाती है कि वह बच्चे को या तो केवल स्तनपान कराए या केवल ऊपर का दूध दे। बच्चे को मिक्स्ड फीडिंग नहीं करानी है यानि कि उसे स्तनपान और ऊपर का दूध जैसे गाय या भैंस या डिब्बाबंद दूध एक साथ नहीं देना है। एआरटी सेन्टर की स्वास्थ्य अधिकारी डा नीतू गुप्ता बताती हैं कि एआरटी प्लस सेंटर इसलिए कहा जाता है क्योंकि यहाँ पर एचआईवी के इलाज के लिए सेकंड लाइन की दवाएं भी दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि एआरटी प्लस सेंटर में वर्तमान में 3620 एचआईवी के सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा केजीएमयू सहित अन्य अस्पताल के मेडिकल और पैरा मेडिकल स्टाफ का यदि संक्रमित सुई या रक्त से एक्सपोजर होता है तो उसका भी इलाज किया जाता है। जनपद में इस वित्तीय वर्ष में अब तक एआरटी प्लस सेंटर पर 37 गर्भवती का इलाज चल रहा है। केजीएमयू की वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डा सुजाता देव बताती हैं कि हर गर्भवती की प्रसव पूर्व एचआईवी जांच जरूर की जाती है। बच्चे को एचआईवी संक्रमण माँ से या तो गर्भावस्था के दौरान या प्रसव के दौरान या स्तनपान के दौरान होता है। लगभग चार फीसद संक्रमण बच्चों में इस तरह से होता है।

### एक दिसम्बर को मनाया जाता है विश्व एड्स दिवस

**हर** साल दिसम्बर की पहली तारीख विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को एचआईवी वायरस से फैलने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक करना और एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएंसी सिंड्रोम से पीड़ित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करना है।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले अयोध्या सहित पूरे प्रदेश को राममय बनाने की तैयारी

● 14 जनवरी से 22 जनवरी के बीच आयोजित होंगे कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अयोध्या



**अयोध्या** में निर्माणाधीन प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या व पूरे प्रदेश को राममय बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और प्रदेश की योगी सरकार की ओर से इसके लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इसी क्रम में यूपी के हर मंदिर में रामचरितमानस और हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किए जाने की तैयारी है।

योगी सरकार का प्लान है कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सभी जिलों के प्रतिष्ठित मंदिरों में 14 जनवरी (मकर संक्रांति) के दिन से 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन तक अनवरत रामायण, रामचरितमानस और हनुमान चालीसा का पाठ कराया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग बजट की व्यवस्था करेगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि हर जिले के 'पर्यटन और संस्कृति परिषद' के जरिए स्थानीय कलाकारों और लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

14 जनवरी से 22 जनवरी तक होने वाले इस आयोजन के लिए पर्यटन विभाग धन की व्यवस्था करेगा। हालांकि इसके लिए अभी प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। यह कार्यक्रम अयोध्या सहित प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित किया जाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पूरे प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों में रामचरितमानस का अखंड पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री की पहल, गोंडा में निराश्रित गोवंशों को मिलेगा एक 'नया घर'

● गोवंश सहभागिता योजना के तहत शस्त्र रखने वाले हर व्यक्ति को गोवंश गोद लेने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोंडा

**निराश्रित** गोवंश के पोषण और उनकी देखभाल के लिए समर्पित योगी सरकार ने उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए अब एक और कदम उठाया है। इसके तहत जनपद गोंडा में शस्त्र रखने वाले हर व्यक्ति के लिए एक-एक गोवंश को गोद लेने की व्यवस्था लागू की गई है। इस पहल को जनपद में निराश्रित गोवंशों की समस्या के समाधान के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही निराश्रित गोवंश के लिए 'नए घर' का रास्ता भी साफहो गया है। डीएम नेहा शर्मा ने सभी एडीएम को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वह अपने सबडिवीजन क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारी के माध्यम से सहभागिता योजना में शस्त्र अनुज्ञापियों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में थाना स्तर पर शस्त्र अनुज्ञापियों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उन्हें निकटवर्ती गो-आश्रय स्थल से कम से कम एक गोवंश लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा उनके सहयोगी अधिकारी के अतिरिक्त खण्ड विकास अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में ही अनुज्ञापियों को गोवंश दिलाए जाने की औपचारिकताएं पूर्ण कराएंगे।

## अवैध खनन व परिवहन रोकने के लिए गठित टास्क फोर्स की संरचना में आंशिक संशोधन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए गठित टास्क फोर्स में आंशिक संशोधन किया है। जिसके तहत अब सभी जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 8 सदस्यीय टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में कहा गया है कि जिला अधिकारी की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, पुलिस कमिश्नर द्वारा नामित पुलिस उपायुक्त, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), प्रभारी खनन, प्रभागीय वनाधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी/सहायक पुलिस आयुक्त, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सदस्य होंगे और जनपदीय ज्येष्ठ खान अधिकारी/ खान अधिकारी/खनन निरीक्षण (खान अधिकारी नियुक्त न होने की दशा में) सदस्य/ सचिव होंगे।

## गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए आवेदन की तिथि 15 दिसबंर तक बढ़ी

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए प्रत्येक जनपद से इस पुरस्कार के मापदण्डो को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों के न्यूनतम एक-एक प्रस्ताव, उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट आख्या एवं संस्तुति सहित शासन को 15 नवम्बर 2023 तक उपलब्ध कराने के निर्देश समस्त मण्डलायुक्तो व जिलाधिकारियों को दिए गए थे। इस पुरस्कार हेतु प्रस्ताव/आवेदन उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्धारित अन्तिम तिथि को बढ़ाकर 15 दिसम्बर 2023 कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन] राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग द्वारा समस्त मण्डलायुक्तो व जिलाधिकारियों को आवश्यक परिपत्र भेज दिया गया है।

## एजुकेट गर्ल्स की संस्थापिका सफीना हुसैन को मिला अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

**लखनऊ।** एजुकेट गर्ल्स की संस्थापिका सफीना हुसैन को डब्लू आई एस ई 11 समिट में शिक्षा के लिए प्रतिष्ठित वाइज पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाने वाला डब्लू आई एस ई वाइज पुरस्कार पहला अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है जो किसी व्यक्ति को सम्मानित करता है। डब्लू आई एस ई एक अंतरराष्ट्रीय मंच है जो शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। एजुकेट गर्ल्स ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार राज्यों में व्यापक दृष्टिकोण के माध्यम से नामांकन के लिए 14 लाख से अधिक बालिकाओं को प्रेरित किया है और 19 लाख से अधिक विद्यार्थियों का उपचारात्मक शिक्षा प्राप्त करने के लिए समर्थन किया है। सफीना ने पुरस्कार से सम्मानित होने पर बताया कि मैं पुरस्कार पाकर प्रेरित महसूस कर रही हूं। यह हमारी सामूहिक जीत है। बालिकाओं की शिक्षा के लिए सरकार से लेकर स्थानीय समुदाय, समर्पित जेंडर चैंपियन और हमारे मूल्यवान समर्थक एक साथ काम कर रहे हैं।

## आलू की बीमारी पिछेता झुलसा से सतर्क रहें किसान

**लखनऊ।** केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ द्वारा विकसित इन्डो-ब्लाइटकास्ट (पैन इंडिया मॉडल) से पिछेता-झुलसा बीमारी का पूर्वानुमान लगाया गया है, जिसके अनुसार मौसम की अनुकूलतना के आधार पर आलू की फसल में पिछेता झुलसा बीमारी निकट भविष्य में आने की सम्भावना है। इस बीमारी की पूर्वानुमान के सम्बन्ध में निदेशक उद्यान तथा खाद्य प्रसंस्करण अतुल कुमार सिंह की ओर से किसानों को सलाह जारी की गई है कि यदि उन्होंने अभी तक आलू की फसल में फफूंदनाशक दवा का पर्णीय छिड़काव नहीं किया है वे किसान मैन्कोजेब/ प्रोपीनेब/ क्लोरोथेलोंनील युक्त फफूंदनाशक दवा का रोग सुग्राही किस्मों पर 0.2-0.25 प्रतिशत की दर से अर्थात् 2.0-2.5 किलोग्राम दवा 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर छिड़काव तुरन्त करें।

## देश के निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका: अनिल राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने इंडियन बैंक द्वारा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु वसूले जाने वाले उपकर संग्रहण के लिए बनाए गए पोर्टल का उद्घाटन विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पोर्टल से श्रमिकों के कल्याण के लिए वसूले जाने वाले उपकर का डिजिटल संग्रह संभव हो सकेगा, जिससे संबंधित इस संबंध में डेटा का अपडेटेड रख-रखाव किया जाना आसान हो जाएगा। श्रम मंत्री ने कहा कि देश के निर्माण और अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री की प्रेरणा से श्रमेव जयते के नारे के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार श्रमिकों के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। प्राथमिकता पर किसानों और मजदूरों के हितलाभ की योजनाएं चलाते हुए उनके जीवन शैली को बेहतर से बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है और निश्चित ही यह पोर्टल श्रमिकों के बहुमुखी विकास की कड़ी में अभूतपूर्व भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रभावी तरह से उपकर संग्रह के निरन्तर प्रयास से ही सार्थक परिणाम आएंगे। श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मन्नू कोरी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता श्रमिकों का विकास करना हैं। यह पोर्टल प्रदेश को डिजिटल बनाने के साथ-साथ प्रदेश के श्रमिकों के श्रम को सम्मान देना भी है। प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से सेस कलेक्शन सुगमतापूर्वक प्राप्त किया जा सकेगा और इसकी सतत् निगरानी भी की जा सकेगी।

## यूके, यूएसए, हालैण्ड व जर्मनी के टूर ऑपरेटरों की परिचय यात्रा का शुभारंभ आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण ईको पर्यटन स्थलों की पूरी दुनिया में मार्केटिंग एवं ब्रान्डिंग कराने के लिए कल 01 दिसम्बर से यूके, संयुक्त राज्य अमेरिका, हालैण्ड तथा जर्मनी के 11 टूर एण्ड ट्रैवल आपरेटर्स की एक परिचय यात्रा की शुरूआत कराई जा रही है। यह भ्रमण यात्रा चम्बल वेटलैण्ड से शुरू होकर 08 दिसम्बर 2024 को जनपद पीलीभीत के टाइगर रिजर्व में समाप्त होगी। इस यात्रा के दौरान टूर एण्ड ट्रैवेल आपरेटर ईको पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश के चर्चित स्थलों की जैव विविधता तथा मनोरम दृश्यों से रूबरू होंगे। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ईको पर्यटन के मामले में विभिन्न विविधताओं से भरा हुआ है। इन स्थलों से विदेशी पर्यटकों को परिचित कराना है। भ्रमण के लिए आयी यह टीम अपने अनुभवों को दूसरे पर्यटकों के साथ साझा करेगी और उन्हें उत्तर प्रदेश के ईको पर्यटन के दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करने के लिए जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के पास देशी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए अपार क्षमता है।

## प्रशासन की सख्ती से छुट्टा गोवंश की धरपकड़ तेज

**मोहनलालगंज।** प्रशासन की सख्ती के बाद मोहनलालगंज में छुट्टा गोवंश की धरपकड़ का अभियान रफ्तार पकड़ रहा है। पिछले तीन दिनों में पांच दर्जन से अधिक छुट्टा गोवंश आश्रय केन्द्रों में संरक्षित कराए जा चुके हैं। यह अभियान लगातार चलाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। मोहनलालगंज की कुछ ग्राम पंचायतों में छुट्टा गोवंश अभी भी किसानों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। जिसे लेकर मिल रही शिकायतों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। लिहाजा मोहनलालगंज में ब्लाक प्रशासन और पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम ने छुट्टा गोवंश की धरपकड़ का अभियान तेज कर दिया है। नगर पंचायत और नगर निगम की कैटल कैचर गाड़ियों की मदद से अब तक भसण्डा नगराम रोड व दहियर में अभियान चलाकर 40 छुट्टा गोवंश आसपास के निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में भेजे जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त रघुनाथ खेड़ा और बलसिंह खेड़ा में भी ग्रामीणों की मदद से दो दर्जन से अधिक छुट्टा गोवंश खदेड़कर आश्रय केन्द्र पहुंचाए जा चुके हैं। बीडीओ पूजा सिंह ने बताया पंचायतों में जहां से भी छुट्टा गोवंश की सूचना मिल रही है। टीम भेजकर गोवंश को पकड़वाकर नजदीकी गोवंश आश्रय केन्द्र में संरक्षित कराया जा रहा है।

# हाईकोर्ट में आज न्यायिक कामकाज नहीं करेगें वकील

● लखनऊ खंडपीठ का क्षेत्राधिकार बढ़ाने की मांग

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ का क्षेत्राधिकार बढ़ाने की मांग को लेकर एक बार फिर से वकील लामबंद होने लगे हैं। वर्षों चली आ रही इस मांग पर लखनऊ खंडपीठ की अवध बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को एक सम्मेलन बुलाया है। इसके चलते एसोसियेशन ने एक प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया है कि शुक्रवार को वकील न्यायिक कामकाज से विरत रहेंगें।

अवध बार के अध्यक्ष आनन्द मणि त्रिपाठी के मुताबिक चारबाग स्थित रविन्द्रालय में प्रात: 11 बजे से यह महासम्मेलन आयोजित होगा। इसमें विभिन्न जिलों से वकील शिरकत करेंगे। त्रिपाठी का कहना था कि जसवंत सिंह कमीशन रिपोर्ट ने काफी पहले कानुपर एवं बरेली मंडल को लखनऊ खंडपीठ में शामिल करने की सिफारिश की थी किन्तु वह रिपोर्ट ठंढे बस्ते में डाल दी गयी है। अवध बार की मांग है कि वर्ष 2016 में लखनऊ खंडपीठ की विशाल इमारत बनायी गयी। जिसमें काफी जगह और कई अदालत कक्ष हैं। कई जिलों के वादकारी लखनऊ से होते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट जाते है और मुकदमें करते हैं। जिसका कोई औचित्य नहीं है। यदि कानपुर और बरेली मंडल को लखनऊ खंडपीठ से जोड़ दिया जाए तो इन मंडलों के वादकारियों और वकीलों को काफी सुविधा होगी। इससे वादकारियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता भी पूरी होगी। बार के महामंत्री मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि महासम्मेलन के चलते वकील व्यस्त रहेंगे। लिहाजा वकील इस दिन न्यायिक कामकाज नहीं करेंगे। इसकी वजह से बार का कार्यालय, लाइब्रेरी हाल, कैंटीन, टिकट काउंटर, पास काउंटर व समस्त ब्लाक पूर्ण रूप से बंद रहेगें।

## मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**पांच** वर्ष की एक मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने आरोपी गिरधारी अग्रहरी को दोषी करार दिया है। पॉक्सो की विशेष अदालत ने इसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज आशुतोष कुमार सिंह ने इस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोंका है। साथ ही जुर्माने की समस्त धनराशि पुनर्वास के लिए पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। 17 जनवरी 2021 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना आशियाना में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अनुपमा श्रीवास्तव विनय कुमार व पंकज श्रीवास्तव के मुताबिक उस रोज शाम को पीड़िता घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस के घर की रखवाली करने वाला आरोपी उसे पकड़ कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घर आकर पीड़िता ने यह बात अपनी मां को बताई। तब पीड़िता के मां व बाप ने आरोपी गिरधारी को तलाशना शुरू किया लेकिन वह भाग गया था।

# नवगठित नगर पंचायत बंथरा का चयन पण्डित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना में

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरोजनीनगर** विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के प्रयासों से सरोजनीनगर क्षेत्र को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। नवगठित नगर पंचायत बंथरा का चयन पण्डित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अंतर्गत किया गया है। जिसके लिए 4 करोड़ से अधिक की धनराशि को स्वीकृति प्रदान हुई है। बता दें कि नगर पंचायत बंथरा में अवस्थापना सुविधाओं और विकास के लिए विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसको मंजूरी मिल चुकी है।

राज्य सरकार द्वारा संचालित पं दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत नगर पंचायतों के चयन की प्रक्रिया प्रचलित है। जिसके अंतर्गत नवगठित नगर पंचायत बंथरा को शामिल करने के लिए शासन को विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा 9 अगस्त 2023 को प्रस्ताव भेजा गया था, विधायक द्वारा शासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि नगर पंचायत बंथरा के अन्तर्गत 45 वार्डों में 24 प्रमुख मोहल्ले समाहित हैं। ग्राम पंचायतों की श्रेणी से हटाकर नगर पंचायत में शामिल किये जाने की प्रक्रिया के दौरान लगभग 2 वर्ष तक इन इकाइयों में विकास कार्य बाधित रहे हैं। वर्तमान में इनके विकास हेतु पर्याप्त धन का अभाव है।

**सरोजनीनगर की 6 अविकसित सड़कों समेत 9 विभिन्न मार्गों का होगा जीर्णोद्धार:** विधायक के प्रयासों से सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में पुन: इंटरलॉकिंग व सीवरेज लाइन के निर्माण हेतु स्वीकृत 1.49 करोड़ की धनराशि हुई है। विजय कुमार शुक्ला स्मृति मार्ग, मजरा नकटोरा मार्ग, दरोगा खेड़ा से रनियापुर मार्ग, रेवतापुर मार्ग, भौंकापुरर का डामर मार्ग, पिपरसंड गुलालखेड़ा मार्गों का को त्वरित आर्थिक विकास योजना के माध्यम से डूडा द्वारा नगर निगम के अंतर्गत 6 वार्डों के 9 विभिन्न मार्गों पर निर्माण कार्य कराया जायेगा। विधायक राजेश्वर सिंह ने इस नई उपलब्धि के लिए सरोजनीनगर की जनता को बधाई दी है। साथ ही विधायक ने ग्रामीण से शहरी कॉलोनियों में विकसित हुए सरोजनीनगर के नवीन क्षेत्रों में अनेक सड़कें का जल्द से जल्द निर्माण करने की भी बात कही।

# रसोई गैस के दाम कम न किए जाने को लेकर भाजपा के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

● सभी जिला मुख्यालयों पर जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में डीएम के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस ने भाजपा पर चुनावी घोषणाएं न पूरी करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को प्रदेश भर में प्रदर्शन किया और डीएम के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने भाजपा की डबल इंजन सरकार से रसोई गैस के दामों में कमी किए जाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की है।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी ने अभी हाल ही में सम्पन्न हुए राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ के विधान सभा चुनावों में अपने घोषणा पत्र में इन राज्यों में भाजपा की सत्ता आने पर जनता को क्रमश: 450 रुपए व 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने का वादा किया है जबकि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार विगत 2017 से शासन कर रही है। कांग्रेस जानना चाहती है कि चुनाव वाले राज्यों में ही इस प्रकार की घोषणा क्यों की जा रही है। जिसको संज्ञान में लेते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों के मुख्यालय पर जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया।

# लोकसभा आमचुनाव अपने बलबूते लड़ने का फैसला अटल : मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि लोकसभा आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर लड़ने का उनका फैसला अटल है। चुनाव में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं रहेगा और मुकाबला बहुकोणीय होगा। जनता भी इसके लिए अपना मन बना चुकी है। बसपा सुप्रीमो बृहस्पतिवार को यूपी और उत्तराखंड के पार्टी पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रही थीं। पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित विशेष बैठक में पार्टी के कार्यक्रमों उसकी तैयारियों, कैडर बैठकों तथा उम्मीदवारों के चयन आदि की समीक्षा भी हुई। केन्द्र व यूपी सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं कार्यप्रणाली आदि के कारण तेजी से बदल रहे हालात में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं होकर बहुकोणीय संघर्ष का रास्ता चुनने को लोग आतुर लग रहे हैं। ऐसे में लोकसभा का अगला आमचुनाव दिलचस्प, संघर्षपूर्ण और व्यापक जनहित व देशहित में साबित होने की प्रबल संभावना है जिसमें बसपा की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा के लिये फिर से यहां माहौल काफी गरमाने लगा है तथा सरगर्मियां शुरू हो गयी हैं। मायावती ने 6 दिसम्बर को डा भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस को पार्टी की परम्परा के अनुसार पूरे देश में व खासकर यूपी में पूरी मिशनरी भावना के अनुरूप आयोजित करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बार कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव किया गया है। अब पश्चिमी यूपी के छह मण्डलों तथा आगरा, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ तथा सहारनपुर मण्डल के लोग नोएडा में दिल्ली-यूपी सीमा पर निर्मित भव्य राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन में श्रद्धांजलि व श्रद्धा.सुमन अर्पित करेंगे।

# हमेशा तिब्बत की स्वतंत्रता के समर्थक रहे हैं समाजवादी: अखिलेश यादव



● निर्वासित तिब्बती संसद के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने दूसरी बार सपा अध्यक्ष से की भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को पार्टी के लखनऊ, मुख्यालय में निर्वासित तिब्बती संसद के सांसदों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट कर तिब्बत के मौजूदा हालात और चीन द्वारा उसकी स्वतंत्रता हड़पे जाने के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की। तिब्बती सांसदों की अखिलेश यादव से यह दूसरी भेंट है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी भी उपस्थित रहे। तिब्बत के संसदीय प्रतिनिधिमण्डल में लोपेन थुपटेन ग्यात्सेन, बांगडू डोरजी तथा सुश्री पेमा चो (सभी सांसद) थे। उन्होंने अखिलेश यादव से हुई अपनी वार्ता को आशानुकूल और सकारात्मक बताया। उन्होंने तिब्बत के सम्बंध में समाजवादी पार्टी के समर्थक रूख के लिए आभार जताया। अखिलेश यादव ने उनका धन्यवाद जताया। तिब्बत के सांसदों ने बताया कि सन् 1959 से पहले तिब्बत स्वतंत्र राज्य था। तिब्बती भारत को गुरु मानते हैं। चीन में बौद्ध धर्म का प्रसार गुरु पद्मसंभव ने किया। छठी शताब्दी में तिब्बत बहुत शक्तिशाली था।

# खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में युवा महोत्सव का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**खुन** खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में गुरुवार को युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भूले बिसरे खेलों की अंतर. महाविद्यालयी प्रतियोगिता, प्रथम पुरा छात्रा सम्मेलन, कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं वार्षिक मेला आदि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डॉ दिनेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि पार्षद अनुराग मिश्र, महाविद्यालय के संरक्षक श्रीप्रकाश अग्रवाल, प्रबंधक उत्कर्ष अग्रवाल, लुआक्टा अध्यक्ष डा मनोज पांडेय आदि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्रबंधक उत्कर्ष अग्रवाल ने मुख्य तथा विशिष्ट अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र तथा पुष्पगुच्छ देकर किया। प्राचार्या प्रो अंशु केडिया के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत उदबोधन किया गया।

स्वदेशी खेलो की यह प्रतियोगिता खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज एवं उत्तर प्रदेश नॉन ओलिंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 12 महाविद्यालयों की लगभग डेढ़ सौ छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में स्वदेशी खेल जिसमें रूमाल झपट्टा, 3 लेग रेस, सैक रेस, रस्सी कूद, गुट्टा आदि खेलों का आयोजन किया गया। थ्री लेग रेस में प्रथम स्थान कविता बोरा और मंजू बिस्ट अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज द्वितीय स्थान प्रियंका तिवारी और अनामिका गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज और तृतीय स्थान शिवांगी गुप्ता और रोहिणी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने प्राप्त किया। सैक रेस में प्रथम स्थान खुशी त्रिपाठी गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज द्वितीय स्थान शिवांगी गुप्ता नेता जी सुभाषचंद्र बोस और तृतीय स्थान अलीशा वर्मा खुन खुन जी गर्ल्स पी जी कॉलेज ने प्राप्त किया।

## कायस्थों के बिना देश की प्रगति सम्भव नहीं: डॉ. इन्द्रसेन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**अखिल** भारतीय कायस्थ महासभा उप्र द्वारा जनप्रतिनिधि समाज संवाद एवं रात्रिभोज कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष डा. इन्द्रसेन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, विधायक आकाश सक्सेना, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधानपरिषद सदस्य डॉ. केपी श्रीवास्तव, विधानपरिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा उपस्थित रहे। महासभा ने अपने विधायक व विधान परिषद सदस्यों को 'कायस्थ श्री' सम्मान से विभूषित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने कहा कि आज कायस्थ समाज राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से मुख्य धारा से कटता नजर आ रहा है। आज वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कायस्थ समाज कहीं न कहीं काटा जा रहा है। आज इस ब्यवस्था में हम अपने समाज को पुराने गौरव को लेकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के माध्यम से संघर्षरत हैं। रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि आज अन्य समाज के लोग अपनी एकता को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है लेकिन दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मेरा समाज जो एक समय समाज को दिशा देने का काम करता था वो आज हाशिए पर आ गया है।

# नवयुग में सृष्टि मिश्रा बनीं मिस फ्रेशर्स साइंस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नवयुग** कन्या महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में गुरुवार को बीएससी प्रथम सेमेस्टर की नवागंतुक छात्राओं का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रोण्मंजुला उपाध्याय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। विज्ञान संकाय की वरिष्ठ प्रवक्ताओं द्वारा पौध भेंट कर प्राचार्या एवं अतिथियों का अभिनंदन किया गया। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम में समूह नृत्य, लघु हास्य नाटक, गायन इत्यादि प्रस्तुत किए गए। तृतीय वर्ष की कैफिया इस्लाम के द्वारा प्रस्तुत स्वरचित शायरी ने कार्यक्रम का समां बांध दिया। नवागंतुक छात्राओं के लिए मिस फ्रेशर्स प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने प्रथम चरण में रैम्प वॉक एवं द्वितीय चरण में टैलेंट हंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया । विजेताओं का चयन अंतिम चरण में छात्राओं द्वारा दिये गए उत्तर के आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो अंबिका बाजपेई इतिहास विभाग डा सीमा पांडे शारीरिक शिक्षा विभाग एवं डा सुखमनी गांधी वाणिज्य विभाग उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन तृतीय वर्ष की गरिमा सिंह व अनुप्रिया यादव द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल द्वारा सृष्टि मिश्रा को मिस फ्रेशर्स मानसी बाजपेई को फर्स्ट रनर अप एवं प्रियांशी तिवारी को सेकंड रनर अप चुना गया।

## जर्जर कोठरी में गुजर रहे दिन, तिरपाल तले बीत रहीं सर्द रातें

**मोहनलालगंज।** गरीबों को पक्के मकान मुहैया कराने की सरकारी मुहिम में जिम्मेदारों की लापरवाही रोड़े अटका रही है। कुन्दन खेड़ा निवासी रामकिशोर रावत के परिवार को इसी लापरवाही की वजह से जर्जर कच्ची कोठरी में बसर करनी पड़ रही है। हालांकि अधिकारी मामले की जांच कराने की बात कह रहे हैं। मोहनलालगंज के कुन्दन खेड़ा निवासी रामकिशोर रावत का परिवार जर्जर कच्ची कोठरी में गुजारा कर रहा है। बेमौसम बारिश में कभी भी कोठरी ढहने का खतरा बना हुआ है। लिहाजा रामकिशोर जिन्दगी बचाने के लिए कोठरी के बगल तिरपाल डालकर कांपते हुए सर्द रातें बिता रहे हैं। गरीबों को आवास मुहैया कराने के लिए सरकारी योजनाओं का मरहम अब तक इस परिवार के मायूस चेहरों पर मुस्कान नही बिखेर सका है। बुधवार को गांव के मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान ने जरुरतमंद परिवार के बेबसी की दास्तां सोशल मीडिया पर बेपर्दा कर सरकारी मशीनरी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उधर नवागत पंचायत सचिव डीपी सिंह ने बताया रामकिशोर आवास के लिए पात्र हैं। उनका नाम सूची में शामिल किया गया है।

**यह कहते हैं अधिकारी**

बीडीओ पूजा सिंह ने बताया ग्राम पंचायत डेबरिया भरोसवा की पात्रता सूची में रामकिशोर का नाम दिखवाया जाएगा। उन्हें अब तक आवास किस वजह से नही मिल सका इसकी जांच कराई जाएगी।

# बीएचयू बन सकता है संस्थानों के लिए उदाहरण

- कुलपति ने किया विद्यार्थी कल्याण व नेतृत्व एवं जीवन कौशल विकास समितियों के सदस्यों से संवाद
- अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक इन पहलों का लाभ पंहुचाना ज़रूरी, विद्यार्थी कल्याण के कार्यक्रमों में धन को नहीं बनने दिया जाएगा बाधाः प्रो. जैन

**सुशील कुमार मिश्रा।** वाराणसी

**कुलपति** प्रो. सुधीर कुमार जैन ने कहा है कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता तथा जीवन कौशल विकसित करने के मामले में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय अन्य संस्थानों के लिए मिसाल बनने की क्षमता रखता है। कुलपति जी विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों, संकायों व महाविद्यालय हेतु गठित विद्यार्थी कल्याण तथा नेतृत्व क्षमता एवं जीवन कौशल विकास पहल समितियों के प्रमुखों व सदस्यों से संवाद कर रहे थे। स्वतंत्रता भवन स्थित सेनेट सभागार में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में इन पहलों की प्रगति की समीक्षा की गई।

कुलपति जी ने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का पूरा ध्यान विद्यार्थियों के कल्याण व चौमुखी विकास पर है और इसी उद्देश्य से विद्यार्थी कल्याण व नेतृत्व क्षमता व जीवन कौशल विकास समूह गठित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि इन समितियों को प्रयास करना होगा कि अधिक से अधिक छात्र और छात्राएं इन पहलों के तहत आयोजित गतिविधियों में प्रतिभागिता करें और लाभान्वित हों। प्रो. जैन ने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे नई, रचनात्मक, रुचिप्रद एवं विविध गतिविधियों के माध्यम से इन पहलों के उद्देश्यों की प्राप्ति करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में यूं तो अनेक शैक्षणिक व शिक्षणेतर गतिविधियां होती ही रहती हैं, और बड़ी संख्या में विद्यार्थी इनमें हिस्सा भी लेते हैं, लेकिन आवश्यक यह है कि उनमें ऐसा कौशल और क्षमताएं भी विकसित की जाएं, जिनसे वे अच्छे विद्यार्थी बनने के साथ साथ कुशल पेशेवर व अच्छे इंसान भी बनें, तथा जीवन में आगे बढ़ें। नेतृत्व क्षमता व जीवन कौशल की अहमियत बताते हुए कुलपति जी ने कहा कि समय



प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, सम्प्रेषण कौशल, समस्या समाधान, स्वानुशासन, टीम भावना आदि ये सब ऐसी विशेषताएं हैं, जो विद्यार्थियों को न केवल पेशेवर तौर पर सफलता हासिल करने में मदद करेंगी, बल्कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगी। विद्यार्ती कल्याण पहल के बारे में कुलपति जी ने कहा कि बतौर संस्थान व शिक्षक हमें विद्यार्थियों में यह विश्वास पैदा करना होगा कि किसी भी प्रकार की समस्या व चुनौती की स्थिति में उन्हें विश्वविद्यालय व अपने शिक्षकों से यथासंभव सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त हो सकेगा। इसके लिए उन्हे विश्वविद्यालय की सुविधाओं, योजनाओं व नई पहलों के बारे में अवगत कराना तथा उन तक विद्यार्थियों की सुलभ पंहुच सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस क्रम में अधिक से अधिक शारीरिक गतिविधियों व खेलों को शामिल करने पर ज़ोर दिया।

कुलपति जी ने सुझाव दिया कि विभिन्न समितियां अपने अनुभवों, संसाधनों व प्रयासों को आपस में साझा करें ताकि इन गतिविधियों का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मिले। उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यार्थी कल्याण व हित के कार्यों में धन को किसी भी तरह से बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। संवाद के दौरान महिला महाविद्यालय से प्रो. ललिता वत्ता एवं प्रो. निशत अफरोज़, तथा विज्ञान संस्थान से प्रो. सत्येन साहा एवं प्रो. आर. के. अस्थाना, तथा अन्य संस्थानों व संकायों के सदस्यों ने पिछले तकरीबन डेढ़ वर्ष के दौरान आयोजित विद्यार्थी कल्याण व नेतृत्व क्षमता एवं जीवन कौशल के तहत आयोजित गतिविधियों व कार्यक्रमों के बारे में सदन को अवगत कराया। कुलपति जी ने इन पहलों के तहत हो रहे कार्यक्रमों की प्रगति पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का यह प्रयास सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन इस बारे में नए मुकाम हासिल करने का लक्ष्य रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी हित को केन्द्र में रखकर ही गतिविधियों की योजना व रूपरेखा तैयार की जाए, जिससे वास्तविक व सकारात्मक परिवर्तन लाने की शुरुआत की जा सके। संवाद कार्यक्रम का समन्वयन छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम कुमार नेमा ने किया। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. अरुण कुमार सिंह, मुख्य आरक्षाधिकारी प्रो. एस. पी. सिंह, विभिन्न संस्थानों के निदेशक, संकाय प्रमुख, वरिष्ठ आचार्य, शिक्षक आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आईआईटी के प्रोफेसर ब्रह्मेश्वर मिश्रा को मिला प्रतिष्ठित पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**आईआईटी** (बीएचयू) वाराणसी के भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर ब्रह्मेश्वर मिश्रा को 26 नवंबर 2023 को एक राष्ट्रीय फार्मा शिखर सम्मेलन 2023, नई दिल्ली के दौरान प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रोफेसर एम.एल. श्रॉफ मेमोरियल फार्मा रतन पुरस्कार प्रदान किया गया ।

फार्मास्युटिकल शिक्षा एवं शोध के प्रति उनकी उनतालीस वर्षों की समर्पित सेवा के लिए उन्हें यह 30-वां पुरस्कार प्रदान किया गया है । ये प्रतिष्ठित शिक्षक, शोधकर्ता और प्रशासक भी रहे हैं । उनके अनुसंधान क्षेत्र में विभिन्न कैंसर, मधुमेह और



मधुमेह के घाव भरने, दर्द और सूजन आदि के लक्षित उपचार के लिए नैनोमेडिसिन विकसित करना शामिल है । प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में दो सौ पचास से अधिक आपके लेख प्रकाशित हुए हैं ।

प्रोफेसर मिश्रा और उनकी अनुसंधान टीम द्वारा विकसित की जा रही नैनोमेडिसिन को सामान्य कोशिकाओं में कम विषाक्तता के अतिरिक्त लाभों के साथ स्तन कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर और डिम्बग्रंथि के कैंसर के उपचार में अधिक प्रभावी पाया गया है । इसके अलावा उन्होंने मधुमेह के घाव को अधिक कुशल तरीके से भरने के लिए प्राकृतिक दवाओं का फॉर्मूलेशन भी विकसित किया है ।

प्रोफेसर मिश्रा एक प्रशंसित शोधकर्ता हैं, जिसका प्रमाण उनके सिटाटेशंस 8779, एच इंडेक्स 48 और आई 10 इंडेक्स 143 है । उनका नाम स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा घोषित फार्मेसी फार्माकोलॉजी श्रेणी में 2020 से लगातार वर्ष 2023 में शीर्ष 2त्न विश्व के वैज्ञानिकों की सूची में चौथी बार दिखाई दिया है ।

# मतदाता सूची को लेकर विशेष अभियान 2 व 3 दिसम्बर को

**सोनभद्र।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसम्बर तक तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाने की तिथि निर्धारित की गयी है। इस अवधि के मध्य 02 एवं 03 दिसम्बर, को विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी है। उक्त विशेष अभियान की तिथियों में समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने नियत मतदेय स्थल पर जनता को निःशुल्क निरीक्षण कराये जाने हेतु एकीकृत निर्वाचक नामावली के साथ समस्त फार्मों सहित पूर्वान्ह-10 बजे से 04 बजे तक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील किया है कि उक्त विशेष अभियान तिथियों में अपने नियत मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदाता सूची का निरीक्षण करने के उपरान्त आवश्यकतानुसार मतदाता सूची में नाम बढ़ाये जाने हेतु फार्म-6, निर्वाचक नामावली अधिप्रमाणन के प्रयोजन के लिए आधार संख्या की सूचना हेतु फार्म-6ख, मतदाता सूची से नाम अपमार्जित किये जाने हेतु फार्म-7 एवं विद्यमान निर्वाचक नामावली में मतदाता के निवास का स्थानांतरण, प्रविष्टियों का सुधार, बिना सुधार के ई0पी0आई0सी0 प्रतिस्थापन एवं दिव्यांगजन चिन्हांकन करने सम्बन्धी प्रविष्टियों के सुधार हेतु फार्म-8 में अपना आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं।

# पूरी ब्याजमाफी के आखिरी दिन पावर हाउस में भारी भीड़

**संवाददाता।** नसीराबाद रायबरेली

**बिजली** बिलों में शत प्रतिशत ब्याज माफी के आखिरी दिन बुधवार को पावर हाउस छतोह पर बिल जमा करने वाले ग्राहकों की भारी भीड़ दिखाई पड़ी।साइड के रुक-रुक कर चलने के कारण भीड़ में लगातार इजाफा होता चला गया और अपराह्न 1.55 बजे साइट बंद हो गई।, इसलिए सवेरे से लाइन में खड़े उपभोक्ता निराश हो गए। हालाकि कुछ देर बाद साइट फिर से चालू हो गई। तीन-तीन काउंटर खोले जाने के बावजूद काफी गहमा-गहमी रही। एसडीओ सुनील कुमार और अवर अभियंता विनोद सिंह चौहान सहित पूरा स्टाफ लगातार मेहनत करता रहा किन्तु भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही थी। धीमी गति से किंतु लगातार बारिश होती रही फिर भी उपभोक्ता लाइन में लगे रहे। जिनके बिल समय से जमा हो गए, बरसात के कारण वे भी घर वापस

- एसडीओ और अवर अभियंता सहित पूरा स्टाफ लगातार मेहनत करता रहा किन्तु भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही थी

नहीं जा पा रहे थे। इसके बावजूद बिल जमा होने का सुकून उनके चेहरे पर नजर आ रहा था। कई उपभोक्ताओं ने बिल गलत होने की शिकायत भी की जिनमें से कुछ का निराकरण भी अधिकारियों ने किया। साइट का रुक-रुक कर चलना उपभोक्ता और बिजली विभाग के स्टाफ दोनों को बराबर परेशान करता रहा और धीमी रफ्तार में लगातार चल रही बारिश कोढ़ में खाज का काम करती रही।

पुरुषों के अतिरिक्त पचासों महिलाएं भी रिमझिम बारिश में लाइन में लगी अपनी बारी का इंतजार करती रहीं। वृद्धा श्रीमती राजकली, श्रीमती राजरानी आदि ने बताया कि सवेरे से लाइन में लगे हुए दोपहर हो गई,अभी तक बिल नहीं जमा कर पाए। एस.डी.ओ. सुनील कुमार ने बताया कि बारी-बारी से सबके बिल जमा किए जा रहे हैं।अशक्त और महिलाओं का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां आने वाले सभी उपभोक्ताओं के बिल जमा किए जायेंगे और शासन द्वारा घोषित छूट का लाभ दिया जायेगा।

# खेल में प्रतिस्पर्धा का भाव नहीं होना चाहिए : डा. सलीम

**संवाददाता।** रायबरेली

**शहर** के प्रतिष्ठित विद्यालय के0डी0 मालवीय विद्या मंदिर में 8वाँ बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव स्मृति खेलकूद सप्ताह का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डा0 सलीम द्वारा स्व0 बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि डा0 सलीम ने बताया कि शिक्षा सबसे सरल कार्य है, शारीरिक फिटनेस के लिए आप सभी मैदान में खेलकूद जरूर करे इससे आपका मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करे, जीवन में तरक्की पाने के लिए शिक्षा ग्रहण करना सबसे आसान रास्ता है। खेल को आपसी भाईचारे के साथ खेलना चाहिए खेल में प्रतिस्पर्धा का भाव नहीं होना चाहिए। खेल से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है वरन् एक अच्छा खिलाड़ी अनेको



उपलब्धियाँ भी पाता है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आयोजक मण्डल एवं विद्यालय परिवार की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के प्रबन्धक अनिमेष श्रीवास्तव द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात खेलकूद का आरंभ हुआ, आज के कार्यक्रम में हर्डल रेस, शेप्स रेस, लेमन एंड स्पून रेस, बर्स्ट द बैलून रेस, सर्च द कॉइन रेस, बैलेंस द बॉल ऑन पेपर रेस सम्पन्न हुए जो किएक सप्ताह तक अनवरत जारी रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयुक्त सचिव श्रीमती रजतिमा श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य मनोज बाजपेयी, एडमिन सुश्री अंतरा सिंह, निधि शर्मा, वेद प्रकाश, लाइबा, शालिनी श्रीवास्तव, हिना खान, ज्योति अवस्थी, नीतू, फूल जहां, शक्ति श्रीवास्तव, स्नेहा सोनी, महिमा पांडेय, शबनूर, साकिब, प्राची सिंह, नीलम सिंह, अतिका, साक्षी का सहयोग उल्लेखनीय रहा। खेलकूद समन्वयक विवेक वर्मा के संयोजन में सभी कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री ज़ारा

## क्विक न्यूज

### सुनील ओझा के निधन पर शोकसभा, दी श्रद्धांजलि



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पूर्व प्रदेश सह प्रभारी उत्तर प्रदेश एवं वर्तमान में प्रदेश सह प्रभारी बिहार सुनील ओझा के आकस्मिक निधन पर जिला पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शोकसभा में 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा के शान्ति के लिए प्रार्थना किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दुबे उदयनाथ मौर्य अशोक मौर्य रंजना सिंह महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता रामसुंदर निषाद संतोष शुक्ला विनोद सिंह कैलाश बैसवार मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह यादवेंद्र द्विवेदी पन्नालाल पासवान सुरेंद्र अग्रहरि सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पेंशनर्स दिवस का आयोजन 17 दिसम्बर को

**सोनभद्र।** वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में पूर्वान्ह 11.00 बजे से किया गया है, जिसका समन्वय वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा किया जायेगा। उन्होनें जिले के सभी पेंशनर संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है कि वे सभा में उपस्थित होकर पेंशनरों की समस्याओं से अवगत करायें तथ इस सम्बन्ध में अपने सुझाव भी दे। पेंशनर्स दिवस में जनपद के प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष भी प्रतिभाग करेंगें, ताकि पेंशनरों की ऐसी समस्याएं जिनका निराकरण कार्यालयाध्यक्षों द्वारा किया जाना है, जिससे से सुनवाई हो सके एवं उन पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

### मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने उत्तर भारत में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के सर्वोत्तम केंद्र के रूप में बनाई है अपनी पहचान

**वाराणसी।** मारेंगो एशिया हॉस्पिटल ऑर्गन ट्रांसप्लांट के मामले में सबसे आगे है, जिसमें हार्ट और लंग्स ट्रांसप्लांट को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और सबसे जटिल सर्जरी माना जाता है। अस्पताल में लंग्स ट्रांसप्लांट कार्यक्रम की कमान लंग्स ट्रांसप्लांट के डायरेक्टर, डॉ. ज्ञानेश ठक्कर और उनकी टीम के हाथों में है। लंग्स ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के डायरेक्टर, डॉ. ज्ञानेश ठक्कर कहते हैं।

### नवीनतम सलाहकार बोर्ड सदस्य के रूप में घोषित किया

**वाराणसी।** अग्रणी उपभोक्ता तकनीकी कंपनी उड़चलो ने 28वें सेनाध्यक्ष (सीओएएस) (पूर्व सेनाध्यक्ष) जनरल (डॉ.) मनोज मुकुंद नरवणे पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्ति) को अपने सलाहकार बोर्ड में नियुक्त किया है। सलाहकार टीम के हिस्से के रूप में, जनरल नरवणे कंपनी का मार्गदर्शन करेंगे और रणनीतिक निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे जो उसके ग्राहक आधार और उससे आगे की जरूरतों और प्राथमिकताओं के साथ सहजता से मेल खाते हैं। उड़चलो भारत सरकार द्वारा %राष्ट्रीय स्टार्ट-अप पुरस्कार% जीतने वाली एकमात्र ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी (ओटीए) है। यह महसूस करने के बाद कि भारत में 70त्न से अधिक यात्रा बाजार चीनी निवेशकों द्वारा नियंत्रित है, कंपनी ने हाल ही में सशस्त्र बलों से परे उपयोगकर्ताओं के व्यापक स्पेक्ट्रम तक पहुंच के लिए अपने प्लेटफॉर्म का विस्तार किया है। जनरल नरवणे, 28वें सीओएएस के रूप में कार्यरत थे और भारतीय सेना में चार दशकों से अधिक के अनुभव के साथ एक उच्च सम्मानित अधिकारी हैं।

# कांग्रेस पार्टी ने 450 रुपए की गैस सिलेंडर

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी संयुक्त प्रदर्शन मे जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदय को ज्ञापन दिया ज्ञापन देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी में कहां की बीजेपी की केंद्र एवं प्रदेश सरकार से मांग किया जा रहा है जिस तरह से राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा ने घोषणा किया है कि अगर सरकार बनती है तो 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है इसको तत्काल 450 रुपए का सिलेंडर किया जाय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ



शिवकुमार पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी और योगी जी छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश और राजस्थान के चुनाव में अपने भाषणों में 450 रुपए का गैस सिलेंडर देने का वादा किया तो उत्तर प्रदेश में बीजेपी की ही सरकार है यहां भी योगी जी तत्काल 450 रुपए में गैस सिलेंडर दें नहीं तो कांग्रेस पार्टी बड़े स्तर पर पूरे प्रदेश में प्रदेशवासियों को गैस सिलेंडर की महंगाई से निजात दिलाने के लिए प्रदर्शन करेगी शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक ने भी संबोधित करते हुए कहा कि विंध्याचल क्षेत्र में अष्टभुजा पर टोल प्लाजा को समाप्त करने की मांग करते हुए कहां की टोल प्लाजा से लोकल जनता एवं मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने वालों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## तेजी से बढ़ रही हार्ट ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों की संख्या

**कानपुर।** अहमदाबाद के मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने हार्ट ट्रांसप्लांट के सर्वोत्तम केंद्र का दर्जा हासिल किया हैए जहाँ पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाली बेहतरीन चिकित्सकों की टीम मौजूद है। डॉक्टरों की टीम हर साल दोहरे अंकों में मरीजों का ट्रांसप्लांट करती हैए और इसी वजह से उन्हें दुनिया भर में यह ख्याति अर्जित की है। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम की कमान हार्ट ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के डायरेक्टरए डॉण् धीरेन शाह संभाल रहे हैं। पिछले चार से पांच दशकों में हार्ट फेल्योर के अंतिम चरण से जूझ रहे लोगों के इलाज के लिए हार्ट ट्रांसप्लांट सबसे बेहतर तरीके के रूप में उभर कर सामने आया है। बीते 10 सालों में पूरी दुनिया में हार्ट ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी नज़र आई हैए जिसके तहत दुनिया भर में 300ः से अधिक की वृद्धि दर्द की गई जबकि केवल अमेरिका में बढ़ोतरी का आंकड़ा 400ः को पार कर गया। विशेष रूप से 1980 के दशक के बाद से पश्चिमी दुनिया मेंए खास तौर पर उत्तरी अमेरिका में हार्ट ट्रांसप्लांट की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैए जहाँ हर साल ट्रांसप्लांट करने वाले मरीजों की संख्या 3000 से 4000 के बीच थी। हालाँकि फिलहाल यह प्रगति स्थिर हो चुकी हैए जिसकी सबसे बड़ी वजह दान के लिए अंगों की उपलब्धता में कमी है। भारत में हार्ट ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया 1994 में ही शुरू हो चुकी थीए लेकिन इसके बावजूद 2010 से पहले तक हार्ट फेल्योर के अंतिम चरण से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए उच्च.स्तरीय सर्जरी सबसे पसंदीदा विकल्प नहीं बन पाई थी।

# राहगीरों का मुंह चिढ़ा रही सीवरलाइन



**रायबरेली।** डीएम साहब एक नजर रायबरेली के नगर पालिका के ध्वस्त नानी सीवर लाइन सप्लाई पानी पर नजर डालिए जहां पर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ी हुई है माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अरमानों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं रायबरेली नगर पालिका के जिम्मेदार लोग आखिर जिम्मेदार अधिकारी क्यों कर रहे हैं नजर अंदाज ताजा मामला रायबरेली नगर पालिका के वार्ड नम्बर 28 क्षेत्र के नारायण नगर के नाली सीवर लाइन सप्लाई पानी का हाल यह है कि यहां के लोगों के घर के बगल सारा पानी एकत्रित हो रहा है लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी को इससे रत्ती भर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है वार्ड नम्बर 28 के नारायण नगर की नाली सीवर लाइन का कनेक्शन सप्लाई पानी की ब्यवस्था कितना अच्छी है इसका अंदेशा इस तस्वीर में साफ साफ नजर आ रहा है जिस बीमारी का इलाज सरकार को करना चाहिए तथा उनके जिम्मेदार अधिकारियों को करना चाहिए वे आंख मूंदे इस तरह पड़े हुए हैं7 रायबरेली नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी भी इन सब भ्रष्टाचार में मिले हुए है अब देखना यह होगा कि रायबरेली जिला की तेजतर्रार जिलाधिकारी हर्षिता माथुर क्या कार्यवाही करती हैं अब यह देखने वाली बात होगी कि मामले को रायबरेली नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा ठंडे बस्ते में डाल देते हैं अब यह देखने वाली बात होगी

# आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने को लिया सरकार संकल्पितः अजीत



**सोनभद्र।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अर्न्तगत गुरुवार को सदर विकास खण्ड के अंतर्गत पंचायत पंचायत बहुअरा में हमारा संकल्प विकसित भारत पीएम योजना कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों पत्रों को आवास शौचालय आयुष्मान कार्ड पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर भाजपा सरकार संकल्पित है। श्री रावत ने कहाकि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश समृद्धि विरासत पर गर्व कर रहा है जनता गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने और भारत की एकता के लिए संकल्पित है, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान हो रहा है। उन्होनें कहाकि ग्राम पंचायत बहुअरा में देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे योजना के तहत 137 पात्र व्यक्तियों को चाबी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जिनमें 51 पुरुष 86 महिलाएं शामिल रही इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के लाभार्थी, पीएम आवास के लाभार्थी, आयुष्मान कार्ड और जिला योजना के लाभार्थी शौचालय के लाभार्थी सहित अन्य योजनाओं से जुड़े लाभार्थी मौजूद रहे। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य जालिम खान क्षेत्र पंचायत सदस्य बहुआरा मोइनुद्दीन खान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रविशंकर कुशवाहा नोडल सहायक विकास अधिकारी कृषि इब्रान खान सचिव संतोष राव अमन वर्मा पूनम कमलावती सुनीता उर्मिला नूरजहां सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता



अभियान के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता अभियान की नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया कि लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के सभी युवाओं से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में किशोर व किशोरी जो 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके हैं वह अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर दर्ज कराएं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से पात्र व्यक्तियों को हुआ लाभ-रंजना चौधरी

**संवाददाता।** सोनभद्र

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन दुद्धी ब्लॉक के ग्राम पंचायत नगवां व पिपरडीह गांव में किया गया, इस मौके पर एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी, इस दौरान दुद्धी ब्लाक प्रमुख रंजना चौधरी ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि 15 नवम्बर 2023 को बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रांची के खूंटी से किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाना है, जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ, कहानी उनके जुबानी से ही सुना जाये, इसके लिए केन्द्र सरकार ने लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को लाभान्वित करने हेतु यह योजना बनायी गयी है, इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांवों में पात्र व्यक्तियों को क्या लाभ हुआ है। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना से सम्बन्धित लगाये गये विभिन्न स्टालों को जनमानस ने देखा और विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, ग्राम प्रधान नगवां व पिपरडीह ए0डी0ओ0 पंचायत दुद्धी, डी0पी0आर0ओ0 कार्यालय के अनिल केशरी सहित अन्य कार्मिकगण, लाभार्थीगण सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# दलित वस्ती में पिटाई से आहत युवक ने आधी रात में लगा ली फांसी, मौत

**सकलडीहा/चन्दौली।** कोतवाली क्षेत्र के धरहरा गांव में बुधवार की देर रात एक युवक ने घर मे फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने दलित बस्ती में ले जाकर शराब पिलाकर मारपीट दिया। जिससे वह सदमे में आकर फांसी लगा लिया। सूचना पर पहुची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पीएम के लिये भेज दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी है।

धरहरा गांव निवासी विजय बहादुर मिश्रा के चार पुत्र मनोज, राजीव, छोटू और संजीव उर्फ सोनू है। मनोज और छोटू की पूर्व में निधन होगया था। घर पर पिता के साथ राजीव और संजीव मिश्रा खेती और ट्रैक्टर चलाते थे। बीते 12 नवंबर को दिवाली के दिन धरहरा दलित बस्ती का एक मासूम की ट्रैक्टर से दबकर मौत होगयी थी। इसी मामले में गांव के कुछ लोग संजीव उर्फ सोनू मिश्रा को सुलह समझौता के लिये ले गये थे।

परिजनों का आरोप है कि बेटे को शराब पिलाकर मारपीट दिया था। दलित बस्ती में पिटाई से क्षुब्ध युवक ने घर में पहुंचकर फूट फूटकर रो रहा था। आधी रात को युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर सुबह पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी। इस बाबत कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है। दोषियों को बख्सा नही जायेगा।

## चोरी की तीन एलईडी टीवी के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**सकलडीहा/चन्दौली।** क्षेत्र में चोरी की घटना पर लगाम कसने के लिये कोतवाली पुलिस ने कमर कस लिया है। बुधवार को देर शाम साढ़े आठ बजे मुखबीर की सूचना पर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने तीन शातिर चोर को तीन एलईडी टीवी के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गये चोरो के खिलाफ पूर्व में धानापुर, बलुआ और सकलडीहा कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए तीनों को जेल भेज दिया। सीओ राजेश कुमार राय के निर्देश पर कोतवाली पुलिस सकलडीहा चहनिया मार्ग पर वाहनों की जांच पड़ताल में जुटी थी। इसी बीच मुखबीर की सूचना पर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने तेन्दुई पुर गांव के समीप तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये चोरों ने चुराई हुई एलईडी टीवी को बेचने के लिये बोरा में भरकर जा रहे थे। पूछताथ के दौरान चहनिया कस्बा के मोनू खरवार, आकाश खरवार और विकास खरवार ने बताया कि पूर्व में सकलडीहा धानापुर और बलुआ में हुई चोरी की घटना में शामिल रहे। कुछ माह पूर्व जेल से छूटकर आये हुए थे। चोरों के पास से तीन एलईडी टीवी के साथ एक चाकू बरामद किया गया है।

## सुरंग हादसा

### श्रमिक मुक्त

**सिल्क्यारा सुरंग** में फंसे 41 श्रमिकों को मुक्त करा लिया गया है। इस घटना से पता चलता है कि हमें कौन सी चीजें ठीक करनी चाहिए। मानव जीवन क्षणभंगुर हो सकता है, पर मानवीय साहस, प्रतिबद्धता, दृढ़ता एवं सहयोग की भावना से वह अंतरिक्ष की खोज करने, समुद्र पार करने, चट्टानें हटाने, पहाड़ों पर चढ़ने तथा शक्तिशाली प्रकृति को चुनौती देने में सक्षम हो जाता है। इसी प्रकार उत्तरकाशी में सिल्क्यारा सुरंग बचाव अभियान प्रभावी आपदा प्रबंधन का शानदार उदाहरण है। 400 घंटे के गहन प्रयास के बाद उसमें फंसे श्रमिकों ने फिर सूर्य का प्रकाश देखा। यह देश का सबसे बड़ा बचाव अभियान था जिसमें अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, स्थानीय अधिकारियों, सेना और बड़ी मशीनों से एकसाथ काम कर यह उपलब्धि प्राप्त की। सैनिक कार्रवाइयों का हिस्सा बने 'रैट माइनर्स' का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए जो लगातार 24 घंटे खोदाई के बाद अंतत: श्रमिकों तक पहुंचने में सफल हुए। भारत में अब 'रैट माइनिंग' पर प्रतिबंध है, लेकिन उनके कौशल ने काम को अंजाम दिया है। समारोह के साथ यह सोचने का समय है कि हमने इस मिशन के दौरान लापरवाही और गलतियों से क्या सबक सीखे। सुरंग में 41 श्रमिकों के फंसने के बाद 17 दिन तक सिल्क्यारा-बारकोट सुरंग परेशानी का कारण बनी रही। दुर्गम स्थल तथा खराब मौसम ने चुनौतियां और बढ़ा दीं, सुदूर स्थान होने के कारण मिशन में कठिनाइयां आईं जिससे तेजी से निपटने के लिए समन्वित प्रतिक्रिया की आवश्यकता पड़ी।

हालांकि, बचाव अभियान सफल रहा, पर अपनी कमियों की जांच करना महत्वपूर्ण है ताकि भविष्य में आपदा प्रतिक्रिया में सुधार किया जा सके।



एक उल्लेखनीय विलम्ब आपदा स्थल पर विशिष्ट उपकरण ले जाने में हुआ। लाजिस्टिकल चुनौतियों तथा संवाद में कमी के कारण भविष्य में आपातस्थितियों में त्वरित व उपयुक्त प्रतिक्रिया की आवश्यकता उजागर होती है। एक और सबक बचाव कार्य में लगी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता है। प्रभावी संचार चैनलों तथा सटीक सहयोग सभी प्रयासों को एकजुट कर सटीक प्रतिक्रिया निर्धारित करने के लिए जरूरी हैं। बेहतर होता कि सेना को पहले ही बुला लिया गया होता क्योंकि उसकी ऐसी कार्रवाइयों में विशेषज्ञता है। शुरुआत में विलंब और भ्रम से उपयुक्त समन्वय में कमी आई। इससे अंतर-एजेंसी सहयोग सुधारने की आवश्यकता उजागर होती है, हालांकि सबसे बड़ी राष्ट्रीय खबर बनने के बाद इसमें सुधार हुआ। आपरेशन ने जटिल स्थितियों से निपटने में विशेष इकाइयों की शक्ति प्रदर्शित की है, पर इसने लाजिस्टिकल चुनौतियों से निपटने के लिए एजेंसियों के बीच समन्वय सधारने की आवश्यकता भी उजागर की है। इसने यह तथ्य भी रेखांकित किया कि काम में शामिल कंपनियों ने प्रोटोकाल और मानक कार्रवाई प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया। एक सरकारी एजेंसी यह तय करने के लिए होनी चाहिए कि सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन हो। प्रत्येक व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है, पर श्रमिकों की सुरक्षा के मामले में अक्सर कंपनियां शार्टकट अपनाने लगती हैं। यहां तक कि भारत में काम कर रही बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी उन सुरक्षा प्रोटोकालों का पालन नहीं करती हैं जिनका पालन वे यूरोप और अमेरिका में करती हैं। भोपाल गैस त्रासदी ने इसे पूरी तरह सिद्ध कर दिया था। वे जानती हैं कि कार्यस्थल पर सुरक्षा प्राथमिकता नहीं है। सिल्क्यारा में आपातस्थिति में श्रमिकों को बाहर निकालने की कोई योजना नहीं बनी थी। अपनी आपात प्रतिक्रियाओं में लगातार सुधार कर हम चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपटने में सफल हो सकते हैं।

# जी20: भारत की असाधारण उपलब्धियां

**भारत को जी20 का अध्यक्ष बने 365 दिन हो गए। हमें 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना समझने, उसके प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करने तथा उसे पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।**



**नरेन्द्र मोदी**
(लेखक, भारत के प्रधानमंत्री हैं)




पिछले साल हमारे द्वारा जी20 की अध्यक्षता संभालने के समय दुनिया बहुआयामी चुनौतियों का सामना कर रही थी। कोविड-19 महामारी से उबरने, जलवायु परिवर्तन के खतरे, वित्तीय अस्थिरता तथा विकासशील देशों पर कर्ज का दबाव के साथ घटती बहुपक्षीयता भावना भी इनमें शामिल थी। टकरावों और प्रतियोगिता के बीच विकासात्मक सहयोग घट रहा था जिससे प्रगति में बाधा आ रही थी। जी20 की अध्यक्षता प्राप्त करने के बाद भारत ने दुनिया के समक्ष यथास्थिति के बजाय विकल्प पेश किया। यह जीडीपी-केन्द्रीयता से मानव-केन्द्रीयता की ओर बदलाव था। भारत ने दुनिया को वे चीजें याद दिलाईं जो हमें विभाजित करने के बजाय एकजुट करती हैं। अंतत: वैश्विक विमर्श का विकास इस प्रकार करना था जहां कुछ लोगों के हितों के बजाय बहुत लोगों की आकांक्षाओं को स्थान मिले। इसके लिए बहुपक्षीयता में मूलभूत सुधार आवश्यक था। जी20 की अध्यक्षता में चार शब्दों-समावेशन, महत्वाकांक्षा, कार्योन्मुखता तथा निर्णायक दृष्टिकोण ने हमारा दृष्टिकोण तय किया। नेताओं की नई दिल्ली घोषणा-एनडीएलडी को सभी जी20 सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। यह हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है कि हम इन सिद्धान्तों पर नतीजे दिखा सकते हैं। समावेशन हमारी अध्यक्षता का केन्द्र था। अफ्रीकी संघ-एयू को जी20 का स्थाई सदस्य बनाने से 55 अफ्रीकी देश इस मंच में शामिल हुए और इस प्रकार इसमें दुनिया की 80 प्रतिशत जनसंख्या शामिल हो गई। इस सक्रिय दृष्टिकोण ने वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर ज्यादा समग्र संवाद की नीव डाली।

भारत ने अपने किस्म की पहली बैठक 'वायस आफ ग्लोबल साउथ समिट' के दो आयोजन किए जिन्होंने बहुपक्षीयता का नया युग शुरू किया। भारत ने वैश्विक दक्षिण के सरोकारों को अंतरराष्ट्रीय विमर्श की मुख्यधारा में स्थापित किया तथा एक ऐसे युग का प्रारंभ किया जिसके परिणामस्वरूप विकासशील देशों को वैश्विक विमर्श में अपना उचित स्थान मिला। समावेशन ने जी20 के प्रति भारत का घरेलू दृष्टिकोण भी निर्धारित किया जिससे यह 'जनता की अध्यक्षता' बन गया। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सर्वथा उपयुक्त था। 'जन भागीदारी' के माध्यम से जी20 1.4 बिलियन नागरिकों तक पहुंचा जिसमें सभी राज्य व संघशासित क्षेत्र-यूटी साझीदारों के रूप में शामिल थे। अनेक मामलों में भारत ने सुनिश्चित किया कि अंतराष्ट्रीय ध्यान व्यापक विकास लक्ष्यों की ओर निर्देशित हो तथा वह जी20 जनादेश का हिस्सा बने। 2030 एजेंडे के महत्वपूर्ण मध्य बिंदु में भारत ने टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी पर प्रगति तेज करने के लिए जी20 2023 कार्ययोजना प्रस्तुत की।

इसमें अनेक विषयों की संकुचित सीमाओं को तोड़ते हुए परस्पर-संबंधित मुद्दों पर कार्योन्मुख दृष्टिकोण अपनाया गया। इन मुद्दों में शिक्षा, स्वास्थ्य, जेंडर समानता तथा पर्यावरण का टिकाऊपन शामिल हैं। प्रगति को संचालित करने वाला एक प्रमुख क्षेत्र डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर-डीपीआई है। भारत में इसे संस्तुतियों में केन्द्रीय स्थान मिला है जिसके परिणामस्वरूप डिजिटल खोजों, जैसे आधार, यूपीआई व डिजीलाकर फर्स्ट-हैंड का क्रांतिकारी प्रभाव पड़ा है। जी20 के माध्यम से हमने सफलतापूर्वक वैश्विक सार्वजनिक ढांचागत भंडारण सुनिश्चित किया है जो वैश्विक तकनीकी सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस भंडारण में 16 देशों की 50 से अधिक डीपीआई शामिल हैं। इससे वैश्विक दक्षिण को समावेशी प्रगति की शक्ति का लाभ उठाने के लिए डीपीआई बनाने, उसे अंगीकार करने तथा उसका परिष्करण करने का अवसर मिलेगा। हमारी 'एक धरती' के लिए हमने महत्वाकांक्षी व समावेशी लक्ष्य तय किए हैं जिनसे तत्काल, स्थाई व समतापूर्ण परिवर्तन सुनिश्चित होगा।

घोषणा के 'ग्रीन डेवलपमेंट पैक्ट' ने अनेक चुनौतियों को संबोधित किया है। इनमें भूख और ग्रह के संरक्षण के बीच टकराव से निपटने के लिए एक समग्र रोडमैप शामिल है जहां रोजगार और परिस्थितिकी एक दूसरे के पूरक हैं, उपभोग के साथ पर्यावरण चेतना जुड़ी है तथा उत्पादन ग्रह-हितैषी है।

जी20 घोषणा में 2030 तक वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ा कर तीन गुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 'ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस' की स्थापना तथा हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के सुसंगत प्रयासों के माध्यम से जी20 की महत्वाकांक्षा एक स्वच्छ व बेहतर पर्यावरण वाली दुनिया का निर्माण करना है। इस लक्ष्य की पवित्रता से इनकार नहीं किया जा सकता है। यह हमेशा भारत की सोच में केन्द्रीय स्थान पर रहा है। टिकाऊ विकास की जीवनशैली-लाइफ के माध्यम से दुनिया हमारी सदियों पुरानी टिकाऊ परंपराओं का लाभ उठा सकती है।

घोषणा में जलवायु न्याय व समता के लिए हमारी प्रतिबद्धता रेखांकित की गई है। इसके लिए वैश्विक उत्तर से समुचित वित्तीय व तकनीकी सहायता की आकांक्षा है। पहली बार स्वीकार किया गया है कि विकास फाइनेंसिंग का दायरा बहुत तेजी से बढ़ा है और यह बिलियनों डालर से ट्रिलियनों डालर तक पहुंच गया है। जी20 ने स्वीकार किया है कि विकासशील देशों को 2030 तक अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता योगदानों-एनडीसी को पूरा करने के लिए 5.9 ट्रिलियन डालर की आवश्यकता होगी। बहुत बड़ी मात्रा में संसाधनों की आवश्यकता को देखते हुए जी20 ने बेहतर, बड़े तथा ज्यादा प्रभावी बहुआयामी विकास बैंकों की आवश्यकता रेखांकित की है। इसके साथ ही भारत संयुक्त राष्ट्रसंघ में सुधारों की दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका अदा कर रहा है। वह खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे प्रमुख अंगों के पुनर्गठन की मांग कर रहा है जो ज्यादा समतापूर्ण विश्व व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। घोषणा में जेंडर समानता को केन्द्रीय स्थान दिया गया है।

इसके लिए अगले साल महिला सशक्तीकरण पर प्रतिबद्ध एक कार्यकारी समूह का गठन किया जाएगा। भारत ने महिला आरक्षण कानून, 2023 के माध्यम से भारत की संसद और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की हैं। यह महिला-नीत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नई दिल्ली घोषणा में प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग की उत्कृष्ट भावना को समाहित किया गया है। इनमें नीतिगत समन्वय, विश्वसनीय व्यापार तथा महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई शामिल हैं। यह गर्व का विषय है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान जी20 ने 87 लक्ष्य प्राप्त किए तथा 118 दस्तावेजों को मंजूरी दी। यह अतीत की तुलना में उल्लेखनीय उपलब्धि है।

हमारी जी20 अध्यक्षता के दौरान भारत ने भू-राजनीतिक मुद्दों तथा उनके आर्थिक व विकास संबंधी प्रभावों पर चर्चा का नेतृत्व किया। आतंकवाद तथा सिविलियनों की अकारण व संवेदनहीन हत्या को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हमें इस मुद्दे पर शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनानी होगी। हमें शत्रुता पर मानवतावाद को महत्व देते हुए इस बात की पुन: पुष्टि करनी होगी कि 'यह युद्ध का युग नहीं है।'

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान असाधारण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। हमने बहुपक्षीयता को पुनर्जीवित किया, वैश्विक दक्षिण के स्वरों को कई गुना बढ़ाया, विकास की पैरवी की तथा सभी जगह महिला सशक्तीकरण के लिए संघर्ष किया। हम अब जी20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं। हम ऐसा इस प्रतिबद्धता के साथ कर रहे हैं कि जनता, ग्रह, शांति और समृद्धि के लिए हमारी प्रतिबद्धता तथा हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में सुनाई देती रहेगी।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में अद्वितीय आर्थिक पहचान

**"मंगनाड केवल दूध और सब्जियों का आपूर्तिकर्ता नहीं है; यह इस बात का प्रमाण है कि कैसे एक समुदाय चुनौतीपूर्ण परिदृश्यों में भी अपनी जगह बना सकता है"**

**भारती देवी**
(लेखिका, पुंछ में स्वयंसेवी प्रशिक्षक हैं)

भारत के विविध परिदृश्यों में, प्रत्येक गांव हमारे देश के बड़े आख्यान में एक विशिष्ट सूत्र का योगदान देता है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में पुंछ जिले से लगभग 6 किमी दूर स्थित, मंगनाड एक सीमावर्ती गांव के रूप में खड़ा है जो धीरे-धीरे कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, मंगनाड ने पशुपालन के प्रति अपने अनूठे दृष्टिकोण के लिए ख्याति अर्जित की है। यह एक ऐसा गांव है जहां पशुधन केवल दृश्यों का हिस्सा नहीं है; यह भी जीने का एक तरीका है। फिर भी, यह ऐसी जगह नहीं है जहां निर्भरता केवल पशुपालन पर टिकी हो। यहां के सरकारी कर्मचारी भी पशुपालन और कृषि दोनों में गहरी रुचि रखते हैं। नतीजतन, मंगनाद न केवल स्थानीय मांग को पूरा करता है बल्कि व्यापक पुंछ क्षेत्र में दूध और सब्जियों की आपूर्ति भी करता है। हर सुबह, लीटर दूध से लदी गाड़ियां शहर की ओर जाती हैं, शहरवासी गांव को अपनी दैनिक डेयरी जरूरतों के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में स्वीकार करते हैं। यह परंपरा वर्षों से कायम है, लेकिन पिछले 8-10 वर्षों में, मंगनाद सब्जी उत्पादन में भी एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरा है, जिसने अपनी अनूठी पहचान में एक और परत जोड़ दी है।

आज, गांव निजी व्यवसायों से लेकर सरकारी रोजगार तक विविध व्यवसायों में संलग्न है, लेकिन एक समान सूत्र उन सभी को जोड़ता है - सब्जियों की खेती। कृषि में बढ़ती रुचि को देखते हुए, स्थानीय कृषि विभाग ने ग्रामीणों का समर्थन करने के लिए कदम बढ़ाया है। इस सामूहिक प्रयास ने गांव को छोटे ट्रैक्टरों, गुणवत्तापूर्ण बीजों, कृषि शिविरों और पानी की टंकियों सहित आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित कर दिया है,



जिससे मंगनाड आत्मनिर्भरता के प्रतीक में बदल गया है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाके को ध्यान में रखते हुए, यह परिवर्तन वहां के लोगों के लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

मंगनाड केवल दूध और सब्जियों का आपूर्तिकर्ता नहीं है; यह इस बात का प्रमाण है कि कैसे एक समुदाय चुनौतीपूर्ण परिदृश्यों में भी अपनी जगह बना सकता है। ग्रामीणों ने न केवल कृषि को अपनाया है, बल्कि सब्जी उत्पादन में भी विविधता लाई है, जो जश्न मनाने लायक उपलब्धि है। गांव की निवासी 54 वर्षीय मूर्ति देवी बताती हैं कि सब्जियों की खेती के प्रति उनका दृष्टिकोण विकसित हुआ है। प्रारंभ में, उन्होंने छह महीने के लिए एक ही प्रकार की सब्जी लगाई और फिर अगले छह महीने के लिए दूसरी। हालाँकि, अनुभव के साथ, उन्होंने सब्जियों को चार अलग-अलग मौसमों में वर्गीकृत करके अपने प्रयासों को सुव्यवस्थित किया है। अब वे मौसम के साथ अपने रोपण को सिंक्रनाइज़ करते हैं, जिससे पूरे वर्ष विविध सब्जियों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित होती है।

40 वर्षीय सुशील कुमार का कहना है कि सब्जी उत्पादन के अलावा उनके पास कोई दूसरा व्यवसाय नहीं है। जमीन के कुछ टुकड़ों के साथ, उन्होंने सब्जी की खेती शुरू की, और हर मौसम में लाखों रुपये की उपज बेची। यह उद्यमशीलता की भावना गाँव के कई किसानों तक फैली हुई है, जो दर्शाती है कि कैसे मंगनाड एक कृषि महाशक्ति बन गया है।

29 वर्षीय हरीश कुमार ग्रामीणों के बीच पशुपालन में स्थायी रुचि पर जोर देते हैं। जहां कुछ लोग शहर में दैनिक दूध की आपूर्ति के लिए समर्पित हैं, वहीं अन्य ने सब्जियों की खेती पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। ग्रामीण सिर्फ सब्जियों की खेती नहीं कर रहे हैं, वे जैविक खेती के चैंपियन हैं, जो न केवल स्वादिष्ट उपज सुनिश्चित करते हैं बल्कि उपभोक्ताओं के पोषण संबंधी कल्याण में भी योगदान देते हैं। इस सीमावर्ती गांव की सफलता की कहानी सिर्फ कृषि के बारे में नहीं है; यह सामुदायिक लचीलेपन, नवाचार और कृषि विभाग के साथ सहयोगात्मक प्रयास के बारे में है। गाय के गोबर को उर्वरक में बदलने के लिए विशेष शीट उपलब्ध कराने सहित विभाग के समर्थन ने न केवल जीवन में सुधार किया है बल्कि मंगनाड को एक विशिष्ट पहचान भी प्रदान की है।

## आप की बात

### मुफ्त राशन योजना

**छत्तीसगढ़** में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादा किया था, उसे पूरा कर दिया। मोदी ने साफतौर पर कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि मेरे परिवार का कोई भी सदस्य भूखा न सोए। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना-पीएमजीकेवाई को अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ाया गया है। समाज कल्याण की दुनिया की इस सबसे बड़ी योजना के तहत 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने का सिलसिला अगले 5 साल तक जारी रहेगा। कैबिनेट कमेटी ने इस फैसले पर अपनी मोहर लगा दी है। कोरोना महामारी के दौरान 2020 में आरंभ इस योजना की अवधि आगामी 31 दिसंबर को समाप्त हो रही थी। एक जनवरी, 2024 से अगले 5 साल तक चलने वाली इस योजना से सरकार पर 11.80 लाख करोड रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ने का अनुमान है। वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति देश के किसी भी कोने में अपने हिस्से का मुफ्त अनाज ले सकेगा। इस योजना का सबको स्वागत करना चाहिए, लेकिन विडंबना है कि विपक्ष इसे भी केवल भाजपा की चुनावी रणनीति का अंग ही मान रहा है। यह संकुचित दृष्टिकोण हानिकारक है।

-**सदन जी,** पटना

### इज़राइल-हमास युद्धविराम

**इज़राइल और हमास** सैंतालीस दिन युद्ध के बाद चार दिन के अस्थाई युद्ध विराम के लिए सहमत हुए जिसे बाद में और बढ़ाया गया। 150 फिलिस्तीनियों की रिहाई के बदले में गाजा में हमास चरमपंथियों द्वारा इजराइल 240 बंधकों में से 50 की रिहाई चार दिनों हुई। युद्धविराम से गाजा क्षेत्र में मानवीय सहायता की आपूर्ति में भी सहायता मिल सकेगी यह समझौता लागू होना पहली बड़ी कूटनीतिक जीत है। यदि युद्धविराम की अवधि बढ़ती रहे तथा हमास द्वारा इजराइल के युद्धबंदियो को छोड़ने की कार्रवाई लगातार जारी रहे तो क्षेत्र में स्थाई रूप से शांति स्थापना की संभावना पैदा हो सकती है। वैसे तो अमेरिका, ब्रिटेन व अन्य पश्चिमी देश इज़राइल के साथ हैं, पर वे उस पर सैनिक कार्रवाई में नियंत्रण बरतने का दबाव भी डाल रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले इज़राइल-फिलिस्तीन विवाद का समाधान द्विराष्ट्र समझौता बताया था, बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी यही बात दुहराई। यदि इज़राइल और फिलिस्तीन के दो अलग, सुपरिभाषित व परस्पर शांतिपूर्वक रहने वाले देश बन जाएं तो यह विश्व शांति के लिए भी महत्वपूर्ण होगा।

- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### पर्यावरण सम्मेलन

**दुबई** में कॉप 28 की बैठक में विश्व के पर्यावरण को लेकर गहन मंथन होगा। आजकल पूरा विश्व मानव जनित पर्यावरण प्रदूषण का शिकार है जिसके चलते धरती, आकाश, हवा आदि सब कुछ विषाक्त होते जा रहे हैं। अंटार्कटिका में निरंतर पिघल रही बर्फ विश्व भर के समुद्री जल स्तर को लगातार बढ़ाती जा रही है। हालांकि, इन बड़े-बड़े सम्मेलनों में कई तरह के सुझाव लागू करने पर सहमति दी जाती है, मगर अगली बैठक में पर्यावरण के हालात और बिगड़े हुए नजर आते हैं। जब संपन्न देश ही हाल सुधारने के प्रति गंभीर नहीं है तो फिर गरीब देश कैसे अपना फर्ज निभा सकते हैं। अमीर देशों को गरीब व विकासशील देशों को पर्यावरण संरक्षण व नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत अपनाने के लिए आर्थिक व तकनीकी सहायता देनी चाहिए। हालांकि, इसके साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना भी जरूरी है। आम लोगों को हरियाली बढाने और वातावरण स्वच्छ करने में स्वेच्छा पूर्वक योगदान देना चाहिए। यदि जनता ठान ले तो न्यूनतम खर्चे में हर देश अपने पर्यावरण प्रदूषण को लगभग 50 प्रतिशत तक खत्म कर सकता है।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### प्रदूषित क्षिप्रा

**एक खबर** के अनुसार महाकाल तीर्थस्थल उज्जैन की पवित्र नदी क्षिप्रा बहुत मैली होती जा रही है कि उसमें स्नान करना भी श्रद्धालुओं के लिए कठिन हो रहा है। कहीं यह नदी केमिकल के सफेद झाग से आच्छादित है तो कहीं अथाह पूजन सामग्री के फैलाव से यह गन्दी हो रही है। हालांकि, कुम्भ में जब पूरी सरकार उज्जैन की व्यवस्था में लग जाती है, तब क्षिप्रा के हर घाट से लेकर नगर की गलियां तक साफ-सुथरी हो जाती है। किन्तु इन दिनों महाकाल की क्षिप्रा अत्यंत मैली हो गई है। उज्जैन से करीब 65 किलोमीटर दूर इंदौर महानगर 6 बार स्वच्छता में देश में प्रथम आ चुका है। ऐसे में यदि उसके पास के शहर और तीर्थनगरी की क्षिप्रा मैली होती जा रही है तो इसके पीछे शासन-प्रशासन की लापरवाही या कमजोरी है। वैसे क्षिप्रा को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन के साथ ही महाकाल के भक्तों तथा आम नागरिकों की भी है। देश में तीर्थस्थलों की कई नदियों को जनता के सहयोग से स्वच्छ किया गया है। क्षिप्रा को स्वच्छ करने के लिए भी स्वयंसेवी भावना पैदा करनी होगी।

-**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# महाकुंभ को लेकर परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा

- मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद ने विभागवार की समीक्षा
- कटका तिराहे रोड पर कार्यों की गति धीमी पाए जाने तथा यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्यों में लापरवाही बरतने पर अधिशासी अभियंता विद्युत आंतरिक प्रयागराज विकास प्राधिकरण बीपी सिंह से मांगा गया स्पष्टीकरण

**संवाददाता।** प्रयागराज



**महाकुंभ** 2025 को भव्य स्वरूप प्रदान करने के दृष्टिगत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा गुरुवार को मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद ने मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आईट्रिपलसी सभागार में की। सर्वप्रथम उन्होंने नगर निगम द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। साथ ही अगली शीर्ष समिति की बैठक हेतु प्रस्तावित परियोजनाओं की सूची पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी शीर्ष समिति की छह बैठक में नगर निगम की 79 परियोजनाएं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जाएंगी। इनमें सड़क एवं जल निकासी की दस मार्ग प्रकाश के 51 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की 16 जल आपूर्ति की एक तथा अस्थाई कार्यों की एक परियोजनाएं सम्मिलित हैं।

प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कटका तिराहे रोड पर कार्यों की गति धीमी पाए जान पर तथा यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्यों में लापरवाही बरतने पर मेला अधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत आंतरिक प्रयागराज विकास प्राधिकरण बीपी सिंह पर खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए टीपीआईए से उन्हें स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही काटका रोड पर जीएसबी ग्रेडिंग की भी समस्या के बारे में अवगत कराए जाने पर टीपीआईए के एक्सपर्ट को आसपास के जीएसबी प्लांट पर जाकर वहां पर उसकी क्वालिटी चेक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में भूमि अधिग्रहण संबंधित समस्याओं पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा सभी संबंधित तहसील के उप जिला अधिकारियों को सभी समस्याओं का निराकरण अति शीघ्र कर उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए। आगामी माघ मेला 2023 24 में शौचालयों की क्वालिटी सुनिश्चित करने के दृष्टिगत निविदा में भाग लेने वाले वेंडरों से आज उनके शौचालयों एवं यूरिनलों का डिस्प्ले भी किया गया। मेला प्राधिकरण की टीम जिसमें प्रभारी अधिकारी माघ मेला 2023 24 दयानंद प्रसाद अपर जिलाधिकारी मेला प्राधिकरण विवेक चतुर्वेदी तथा मेला प्रबंधक विवेक शुक्ला समेत अन्य संबंधित अधिकारियों ने सभी वेंडर द्वारा लगाए गए शौचालयों का निरीक्षण किया।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लिए बढ़े कदम : राजेंद्र

**संवाददाता।** प्रयागराज

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ लखनऊ की धरती से किया गया। इस अवसर पर पीएम मोदी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा जनता से संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम को लेकर हर्षवर्धन चौराहा प्रयागराज में बड़ी स्क्रीन की टीवी लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधन को श्रवण किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आज अर्थव्यवस्था की चौथी पायदान पर पहुंच गया है और देश सशक्त बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि पहले हम दुनिया को सलाम करते थे आज दुनिया भारत को सलाम कर रही और कहां की मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ चला है जब रुकने वाला नहीं है उन्होंने भारत संकल्प यात्रा के साथ आज पूरा देश मोदी जी के साथ राष्ट्र के उन्नति के लिए बढ़ चला है।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने महिलाओं के नेतृत्व में विकास सुनिश्चित करने की दिशा में ड्रोन दीदी योजना की सौगात देने के साथ ही देश भर में सबको सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के पुण्य उद्देश्य हेतु संचालित जन औषधि केंद्रों की संख्या दस हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने के कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर परनवीन शुक्ला एजाजुद्दीन कुलदीप मिश्रा राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल राजू पाठक गिरजेश मिश्रा राघवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।




# प्रयागराज मंडल से 42 रेल सेवक हुए सेवानिवृत्त



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल से गुरुवार को 42 रेल सेवक सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों आर एन प्रसाद त्रिवेदी स्टेशन अधीक्षक अनवरगंज बीरेंद्र पाल सिंह लोको पायलट टूंडला राजेंद्र सिंह लोको पायलट टूंडला रोशन लाल लोको पायलट प्रयागराज विनोद कुमार सिंह लोको पायलट कानपुर जय प्रकाश स्टेशन अधीक्षक बिन्दकी रोड प्रदीप कुमार पॉइंट्समैन कानपुर एवं अशोक कुमार पॉइंट्समैन चकेरी को संरक्षित ट्रेन संचालन हेतु एक्सीडेंट फ्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रयागराज मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा लेखा विभाग के सहयोग से 42 कर्मचारियों का समापन भुगतान तत्परता एवं समय पर सुनिश्चित किया गया। जिसके अंतर्गत कुल लगभग 19 करोड़ 91 लाख रूपए का समापन भुगतान नियमानुसार डिजिटल माध्यम से किया गया। मंडल कार्यालय के मंडल सभागार में अपर मंडल रेल प्रबंधक सामान्य संजय सिंह एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे द्वारा समापन भुगतान से संबंधित समस्त प्रपत्रों सहित फोल्डर एवं स्मृति चिन्ह के रूप में गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मैडल सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मान सहित सौंपा गया।

# चेतना का संबंध मनुष्य की ज्ञानेन्द्रियों और भावनाओं से होता है : डा. सिंह

- इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शोध का बोध विषय पर शोध संवाद का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** प्रयागराज



**साहित्यिक** संस्था नया परिमल इलाहाबाद द्वारा गुरुवार को हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शोध का बोध विषय पर शोध संवाद का आयोजन किया गया। स्वागत वक्तव्य नया परिमल के संस्थापक सचिव डॉ विनम्रसेन सिंह ने दिया। मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डा योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शोध करना ज्ञान में कुछ जोड़ना होता है। शोध में नया कुछ नहीं होता बल्कि मौलिक होता है। ज्ञान की सत्ता कभी वस्तु कभी तर्क और विश्वास में दिखाई देती है। चेतना का संबंध मनुष्य की ज्ञानेन्द्रियों और भावनाओं से होता है। साहित्यिक शोध सांस्कृतिक समन्वय को उन्नत करता है। परम्परा सदैव नई होती है। लोक की परम्परा सदैव शास्त्र से टक्कर लेती रही है। सत्य की भी प्रमाणिकता होती है। सांस्कृतिक चेतना की समझ साहित्यिक बोध का डोमेन है। रिसर्च में शोधार्थी को अपने को बाहर के प्लेटफार्म पर रखकर शोध करना चाहिए। किसी विमर्श में पड़कर नहीं। शंश्लेषण ही इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी है। अध्यक्षीय वक्तव्य डॉ सुजीत कुमार सिंह ने दिया। पूरे व्याख्यान के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ चितरंजन कुमार डॉ अमितेश शोधछात्र बाल करन सिंह सौरभ मिश्रा हिमांशधर द्विवेदी अमन वर्मा किरन राजभर सुमन राजेश्वरी चंद्रशेखर कुशवाहा और स्नातक परास्नातक के छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। संचालन शोध छात्र सर्वेश सिंह ने किया। इस व्याख्यान माला की संयोजक शोध छात्रा रूचि झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## क्विक न्यूज

### दीक्षांत समारोह में मिला गोल्ड मेडल




**गोंडा।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के 28वें दीक्षांत समारोह में एस.सी.पी.एम. कॉलेज आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, गोंडा के नर्सिंग विभाग की एम.एससी नर्सिंग की छात्रा मेनका मिश्रा द्विवेदी, एन.पी.सी.सी. की छात्रा रंजना शुक्ला एवं पोस्ट बी.एससी. नर्सिंग की छात्रा अनुजा वर्मा को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। पैरामेडिकल विभाग से एम.एससी.एम.एल.टी. में आदर्श श्रीवास्तव, बी.एम.एल.टी. में शिवेंद्र द्विवेदी, बी.एम.आर.आई.टी. में उमना फातिमा एवं बी.एससी. ऑप्टोमेट्री में आदर्श रतन सिंह को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। गोल्ड मेडल कुलाधिपति एवम कुलपति द्वारा दिया गया। इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. ओ.एन. पांडेय, अध्यक्ष श्रीमती अलका पांडेय, प्रबंध निदेशक डॉ. आयुष पांडेय, सचिव डॉ. आयुषी पांडेय, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रुखसार पांडेय, निदेशक अजिताभ दुबे एवं प्रशासक धीरज कुमार दुबे ने गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### वोटर महाचेतना अभियान में भाजपा मोर्चा ने कसी कमर कमर



**प्रयागराज।** भाजपा वाटर मैन चेतना अभियान को लेकर आज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के द्वारा पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में पार्टी के सभी मोर्चा के पदाधिकारी को वोटर महा चेतना अभियान में युद्ध स्तर पर जुटने को कहा। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि भाजपा के युवा महिला अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित मोर्चा एवं प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता आगामी दो एवं तीन दिसंबर तक घर घर जाकर और हर मोहल्ले में कैंप लगाकर वोटर चेतना अभियान में जुटेंगे और किस अभियान के द्वारा किए गए सभी कार्य को सरल ऐप्स से अपलोड करेंगे। बैठक में पीयूष सिंह राजेश केसरवानी एजाजुद्दीन रोहित पप्पू पांडे शिखा रस्तोगी राजेश कुमार सोनकर मनोज कुमार कुशवाहा एवं मोर्चा के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2 व 3 दिसम्बर को: डीएम

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर 2023 को किया जा चुका है। 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर 2023 तक दावें और आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। इस अवधि के मध्य विशेष अभियान की तिथि 2 दिसम्बर 2023 एवं 3 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गयी है। उक्त विशेष अभियान तिथियों में समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने से सम्बन्धित नियत मतदेय स्थल पर जनसामान्य को निःशुल्क निरीक्षण कराये जाने हेतु एकीकृत निर्वाचक नामावली के साथ समस्त प्रकार के फार्मो सहित पूर्वान्ह 1 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक उपस्थित रहेगें। अतः सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है कि अर्ह युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष आयु पूर्ण कर रहे है या आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची में अभी तक नाम दर्ज नही है तो वह फार्म-6 भरकर पासपोर्ट साइज के रंगीन फोटोग्राफ्स आधार कार्ड अभिभावक के मतदाता फोटो पत्र की छाया प्रति के साथ जमा करके मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते है। उक्त विशेष अभियान की तिथि में अपने नियत मतदेय स्थल पर पहुँचकर मतदाता सूची का निरीक्षण करने के उपरान्त आवश्यकतानुसार मतदाता सूची में नाम बढ़ाये जाने हेतु फार्म-6. मतदाता सूची से नाम अपमार्जित किये जाने हेतु फार्म-7 एवं किसी प्रकार की अशुद्ध प्रविष्टियों को शुद्ध किये जाने तथा मतदाता फोटो पहचान पत्र की प्रति स्थापन हेतु फार्म-8 भरकर जमा कर सकते है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव छत लटकता मिला

**श्रावस्ती।** कटरा - नवीन मॉर्डन थाना श्रावस्ती के चौकी रमवापुर अंतर्गत परशुरामपुर बाजार में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में छत के कुढ़े से लटकता मिला। महिला के पति दीपू कुंवर सिंह ने घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज विधिक कार्यवाही में जुटी है फारेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन कर रही है। झांसी जनपद निवासी दीपू कुंवर सिंह नवीन मॉर्डन थाना श्रावस्ती के चौकी रमवापुर अंतर्गत परशुरामपुर बाजार में किराए के मकान में सपरिवार रहकर पानी पूरी का व्यवसाय करते हैं। बुधवार को वह अपने तीन बच्चों को लेकर सीताद्वार मेला देखने गये थे इस दौरान घर में उनकी पत्नी उमा अकेली थी। देर रात लगभग 12 बजे वह मेला देखकर घर वापस आये तो खटखटाने पर घर का दरवाजा नहीं खुला तब वह पीछे की खिड़की से अंदर झांककर देखा तो कमरे में छत के कुंडे में रस्सी के फंदे से पत्नी उमा का शव लटका देखकर उन्होंने शोर मचाया जिसपर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए उन्होंने घटना की सूचना फौरन पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची नवीन मार्डन थाना प्रभारी पुष्प लता ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस व फारेंसिक टीम जांच पड़ताल कर रही है। महिला के पति ने चौकी रमवापुर पर लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कारण का पता चल सकेगा।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत



**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के शहर इलाका मेंहदावल बाईपास स्थित हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बृहस्पतिवार को अविवाहित लगभग 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक राहुल पुत्र किशन परिवार के जीविकोपार्जन के लिए मिठाई की दुकान करते थे। आसामयिक निधन से व्यापारियों में शोक व्याप्त है। इससे पूर्व भी मेंहदावल बाईपास हाईटेंशन तार की चपेट में आने अप्रिय घटनाये घटित हो चुकी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का होगा आगमन, एडीएम ने किया बैठक

- अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारी की समीक्षा उपरान्त दिये निर्देश

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**अपर** जिलाधिकारी जय प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कक्ष में सरकार की योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' से बैठक आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत विशेष एलईडी प्रचार वाहन से विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत शहरी क्षेत्र में नगर पालिका एवं नगर पंचायत हेतु 02 वाहन आवंटित की गई है जो 2 दिसंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक भ्रमण करते हुए सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे, इसके आयोजन हेतु नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं में कैंप लगा करके सरकारी योजनाओं का नगरीय क्षेत्र में प्रचार-प्रसार किया जाएगा एवं लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस संदर्भ में प्रत्येक नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी नोडल अधिकारी नामित है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन के लिए एक डे ऑफिसर भी नामित किया जाएगा और 01 दिन में एलईडी वैन द्वारा दो वार्डो में भ्रमण कर प्रचार-प्रसार कर केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जागरूक किया जाएगा एवं पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर/अधि0अधि0 नगर पालिका खलीलाबाद शैलेश दूबे, जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा, पी0ओ0 डूडा प्रेमेन्द्र सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बखिरा संदीप कुमार सरोज, अधिशाषी अधिकारी बेलहर कला अमित सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मगहर वैभव सिंह, ईडीएम राकेश कुमार सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# यातायात जागरूकता माह के समापन पर किया सम्मानित



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा यातायात जागरूकता माह का रिजर्व पुलिस लाइन में समापन किया गया। पुलिस लाइन में पहुंचे छात्रों को संबोधन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यातायात जागरूकता माह के दृष्टिगत सम्पूर्ण माह में जनपद में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात से संबन्धित नियमों के बारें में जागरूक किया गया। माह नवम्बर में स्कूल-कालेजों में छात्र-छात्राओं को जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराकर लोगों को जागरूकता किया गया। शहर के विभिन्न चौराहों, तिराहों पर होल्डिंग, बैनर व पोस्टर आदि लगवाया गया एवम पम्पलेट वितरण की कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को एकत्र कर यातायात संबन्धी नियमों की जानकारी दी गई एवं उसका पालन कराने हेतु उन्हे शपथ भी दिलाया गया। वाहनों के रख रखवा हेतु हाई-बीम व लो बीम की उपयोगिता एवं वाहनों पर रिफ्लेक्टर की उपयोगिता से भी अवगत कराया गया। यातायात जन जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। वाहन चालकों का जिला चिकित्सालय के चिकित्सकीय टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षक, बीपी, कान आदि का जांच करायी गयी।

# अवध विवि के दीक्षांत समारोह में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**संवाददाता।** अयोध्या

**डॉ0** राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 28 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर बुधवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल, मुख्य अतिथि कुलपति प्रो0 मांडवी सिंह, भातखंडे विश्वविद्यालय लखनऊ व विशिष्ट अतिथि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य विमलेन्द्र मोहन मिश्र, अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी तथा प्रसिद्ध साहित्यकार एवं लेखक डॉ0 यतींद्र मिश्र द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से अवधि संस्कार गीत की प्रस्तुति ने भारतीय प्राचीन संस्कारों से दर्शकों को अभिसिंचित किया। कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन ढढईया नृत्य और अवधी लोक नृत्य की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को आत्म विभोर किया। श्री राम



जन्मोत्सव गीत की प्रस्तुति ने दर्शकों को भक्ति भाव से बांधे रखा। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो0 नीलम पाठक द्वारा किया गया। सांस्कृतिक संध्या में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा अयोध्या जनपद की महिला वृद्धाआश्रम की 20 से अधिक महिलाओं को अंगवस्त्रम एवं अन्य सामग्री भेटकर उनका स्वागत किया।

# बच्चों के प्रस्तुति पर अतिथियों ने प्रशंसा

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद शहर मुख्यालय स्थित ब्लूमिंग बड्स एकेडमी एवं कंगारू किड्स प्री-प्राइमरी स्कूल में बृहस्पतिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रचारक आरएसएस राजीव नयन ने



फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता महीप बहादुर पाल, रविन्द्र नाथ पाण्डेय, प्रतिष्ठित व्यवसायी कैलाशपति रूंगटा, गुरूद्वारा कमेटी अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह ने संयुक्त रूप से मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

# मेले को सकुशल संपन्न कराने को तैयारी बैठक

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर



**जिलाधिकारी** अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा की उपस्थिति में वर्ष 2023-24 में तहसील आलापुर अंतर्गत मेला अहिरौली बाबा गोविन्द शाहब (गोविन्द दशमीं पर्व) मेले को सकुशल संपन्न कराने हेतु तैयारी बैठक आयोजित किया गया। अवगत कराना है कि वर्ष 2023-24 में मेला अहिरौली बाबा गोविन्द शाहब (गोविन्द दशमीं पर्व) 22.12.2023 को पड़ रहा है, जो लगभग एक सप्ताह पूर्व से प्रारम्भ होकर 20-25 दिन बाद तक अनवरत चलता रहता है। उक्त मेले की सम्पूर्ण व्यवस्था मठ अहिरौली गोविन्द साहब एवं जिला पंचायत अम्बेडकरनगर द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में की जाती है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित न्यास परिषद बाबा गोविंद साहब के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी से मेले में दूर दराज से आए दुकानदारों,मेलार्थियों/दर्शनार्थियों के लिए आवश्यक जनसुविधाओं, मेले में आने वाली समस्याओं तथा तैयारी के बारे में जानकारी लिया गया। बैठक के दौरान न्यास के अध्यक्ष तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अवगत कराया गया कि मेले के अपने- अपने परिक्षेत्र की सफाई, रंगाई व पुताई की व्यवस्था लगभग पूर्ण कर ली गई है अवशेष कार्य दो से तीन दिवस में पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेले की साफ सफाई व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था, फॉगिंग एंटीलार्वा छिड़काव, पार्किंग व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, खाद्य पदार्थ चेकिंग, सुरक्षा व्यवस्था, अलाव व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था समय पूर्व किया जाना सुनिश्चित किया जाए। साउंड निर्धारित मानक के अनुसार ही बजाया जाए। मानक के अनुसार सभी सुविधाए पूर्ण कराया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेले को सकुशल संपन्न कराने हेतु अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी आलापुर, क्षेत्राधिकारी आलापुर, पत्रकार बंधु,जनपद स्तरीय अधिकारी, मठ के अध्यक्ष ,ग्राम प्रधान तथा ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।

# प्रदेश का अनुपूरक बजट सड़क बिजली और किसानों के लिए वरदान : विधायक वेद गुप्ता

**अयोध्या।** अयोध्या नगर विधायक वेद गुप्ता ने आज कहा कि जिस प्रकार का अनुपूरक बजट आदरणीय योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने पेश किया है वह दीर्घकालिक प्रभाव डालने वाला है । सड़क, बिजली और किसानों के लिए यह वरदान सिद्ध होगा।

इसी के साथ-साथ राम उत्सव की घोषणा पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरा प्रदेश ही नहीं बल्कि देश राममय होगा।

श्री गुप्ता ने आदरणीय योगी जी का धन्यवाद देते हुए कहा की 28760.67 करोड़ का यह बजट बहुत प्रभावी है इसमें किसानों को निजी नलकूपों से मुफ्त सिंचाई के लिए 900 करोड रुपए, 4250 करोड रुपए सड़कों के लिए, 10हजार करोड रुपए बिजली क्षेत्र के लिए व रामोत्सव पर 100 करोड़ प्रदेश सरकार खर्च करेगी। जिस प्रकार सरकार



सदैव किसानों के हित की बात करती है इस तरह वह कार्य भी करती है मुफ्त सिंचाई के साथ-साथ बिजली सब्सिडी के रूप में जो करोड़ों रुपए प्रदेश सरकार किसानों को देगी वह काबिले तारीफ है।

खाद बीज वितरण के साथ-साथ सहकारी समितियां को 10- 10लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण भी दिया जाएगा। गन्ना किसानों और सरकारी चीनी मिलों के लिए भी प्रावधान किया गया है। प्रदेश के बुनियादी ढांचे की सूरत बदलने के लिए करोड़ों रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी के साथ-साथ नगर निकाय वाले जिलों में बिजली नेटवर्क के लिए, पावरलूम बुनकरों के लिए, बकाया गन्ना भुगतान के लिए, पूर्वांचल विकास निधि के लिए, राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए तमाम प्रावधान और बजट का आवंटन किया गया है।

# पीएम की गारंटी वाली योजनाओं का रथ, तय किया लाभार्थियों का पथ

**● केंद्रीय मंत्री ने दी लाभार्थियों को सौगातें, खिले चेहरे ●पीएम कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग, ग्रामीणों संग केंद्रीय मंत्री ने देखा और सुना ●ड्रोन उड़ाकर दीदी बनेंगी लखपति, महिला एसएचजी को दिए जाएंगे ड्रोनः टेनी**



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को नोडल अफसर बीडीओ आलोक वर्मा की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा ब्लॉक सदर के ग्राम निपनियां पहुंची, जहा भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से पीएम नरेंद्र मोदी से वर्चुअली बातचीत कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों संग देखाए सुना। इस वर्चुअल कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम जन औषधि केंद्रों की संख्या 10000 से बढ़ाकर 25000 करने के लिए भी एक कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान पीएम ने महिला किसान ड्रोन केंद्र का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि देश पीएम के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत बनाने को लेकर चल पड़ा है। देश को आगे बढ़ाने का संकल्प ले। कामों को पूरी क्षमता और ईमानदारी से परिणाम देते हुए करें। इससे पूरी दुनिया में भारत की जय जयकार होगी। संकल्प यात्रा का मकसद यह है कि जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ मिला हैए उनके अनुभव जानना है और जिनको नहीं मिला उन्हें पांच साल में उन योजनाओं का लाभ देना है। इसलिए देश के हर गांव में श्मोदी के विकास की गारंटी की गाड़ी पहुंचने वाली है। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे हो रहे हैं। सरकार ने इस गाड़ी का नाम रखा था विकास रथ लेकिन इन 15 दिनों में लोगों ने इसका नाम बदल कर मोदी की गारंटी वाली गाड़ी रख दिया है। ये जानकर अच्छा लगा कि आपको मोदी पर इतना विश्वास है।

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास सुनिश्चित करना पीएम का निरंतर प्रयास रहा है और इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए पीएम ने पीएम महिला किसान ड्रोन केंद्र की शुरुआत की है। यह केंद्र महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करेगा ताकि वे इस तकनीक का उपयोग आजीविका सहायता के लिए कर सकें। इस योजना के तहत अगले तीन वर्षों के दौरान महिला स्वयं सहायता समूहों को 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे और साथ ही महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और उपयोग करने के लिए जरूरी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस ड्रोन का इस्तेमाल खेती के काम में खासकर कीटनाशक व खाद के छिड़काव के लिए किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी डीएम/सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचेए जिसे साकार करने में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री समेत ग्रामीणों का आभार ज्ञापित किया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने ग्राम प्रधान द्वारा चिन्हित 10 निराश्रित असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। उन्होंने पीएम आवास योजना के लाभार्थी बिट्टू देवी, शालिनी, लक्ष्मी देवीए रयातुन निशा को आवास की चाबी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के आठ लाभार्थियों को शौचालय की स्वीकृत पत्रए आयुष्मान भारत योजना के 10 लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड प्रदान किए। कार्यक्रम में पांच गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की गोद भराई और पांच शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया। उन्होंने सैम श्रेणी के चार अतिकुपोषित शिशु पुलकितए साजियाए दिव्या और महक को सुपोषण किट और तीन टीवी रोगियों को पोषण किट भी प्रदान की।

ग्राम निपानिया में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अफसर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों संग आयोजित कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया। स्टालो पर मौजूद कार्मिकों से जरूरी जानकारी लेकर उत्साहए मनोबल बढ़ाया। निर्देश दिए कि स्टालों के जरिए न केवल योजनाओं की जानकारी दी जाए बल्कि उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित भी किया जाए। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली तस्वीरों से सुसज्जित सूचना, संचार, शिक्षा का संगम बना आईईसी रथ उपस्थित जनमानस के आकर्षण का केंद्र बनी और पीएम के कटआउट संग सेल्फी खिंचाने की होड़ लगी रही। इस मौके पर डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय, जितेंद्र त्रिपाठी, अंबरीश सिंह, डीसी विपिन चौधरी, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीपीआरओ सौम्यशील, बीएसए प्रवीण तिवारीए डीबीडब्ल्यूओ अभय सागरए जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, बीडीओ सदर आलोक वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ, डीपीओ संजय निगम, भारत प्रसाद, सीवीओ, एलडीएम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नियमित टीकाकरण को सुदृढ़ करने हेतु कार्यशाला का आयोजन

**शाहजहांपुर।** नियमित टीकाकरण और सोशल मोबिलाइजेशन को सुदृढ करने हेतु यूनिसेफ के सहयोग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के गौतम की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण को सफल बनाने के लिए आईएमए व आईएपी के चिकित्सकों के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से नियमित टीकाकरण को और मजबूत कराने और पूर्ण सहयोग की बात कही। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी पी श्रीवास्तव ने बताया



आपके अस्पताल में आने वाले सभी बच्चों के टीकाकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करें कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। यूनिसेफसे हुदा जेहरा ने बताया सभी चिकित्सक अपने ओपीडी के पर्चे पर 5 साल 7 बार छूटे न टीका एक भी बार का स्टैम्प लगाएं और अपने-अपने एरिया के वैप परिवारों के लोगों का टीकाकरण करने में सहयोग करें। 10 दिसंबर 2023 से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में आपका सहयोग अपेक्षित है। एसीएमओ डॉ गोविंद स्वर्णकार, डॉ आकांक्षा यादव, शशिविंद शुक्ला अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान योजनाओं का हुआ प्रचार प्रसार

**लखीमपुर खीरी।** योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर से 26 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत गुरुवार को ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत जलालपुर और बक्खारी, ब्लॉक पसगवॉ की ग्राम पंचायत सुनौआ और कोटराए ब्लॉक पलिया की ग्राम पंचायत घोला और पटिहन, मोहम्मदी की ग्राम पंचायत विझौली सहसपुर और रायपुर कलाए ब्लॉक ईसानगर की ग्राम पंचायत समरदाहरी और बेहटा, ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत फरधानए ब्लाक निघासन की ग्राम पंचायत खैरीगढ़ और शीतलापुर में शिविर का आयोजन कर बड़ी संख्या में आये हुए ग्रामवासियों को लाभान्वित किया गया।

खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना का प्रचार.प्रसार, पंजीकरण एवं आधार सीडिंग, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा समृद्धि दिवस आजीविका, आजीविका मेला, संसाधन मेला, उत्पाद प्रदर्शनी, व्यापार/उद्यम विचार प्रतियोगिता, सरकारी योजनाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजीटल विपणन, वित्तीय साक्षरता, ई.कामर्स, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), जिला अग्रणी बैंक द्वारा जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम मुद्रा लोन एवं अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं में अभ्यर्थियों का पंजीकरण, स्टैण्डअप/स्टार्टअप तथा कृषि विभाग द्वारा कार्यशाला एवं प्रदर्शनी, सरकारी योजनाएं, नवीनतम तकनीकी, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाइज़र के प्रचार.प्रसार के साथ.साथ लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया।

चिकित्सा एवं स्वासथ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेलाए आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण/जागरूकता, एएनसी क्लीनिक, टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, पिकल सेल एनीमिया की जांच व उपचार, क्षय रोग स्क्रीनिंग, प्रधानमंत्री जन औषधि के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम के साथ.साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्थानीय कलाकारों व छात्र.छात्राओं को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया तथा माई भारत स्वयंसेवकों का पंजीकरण भी किया गया। शिविर के अन्त में मौजूद लोगों को भारत संकल्प की शपथ भी दिलायी गयी। ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत बघौड़ा और शिवपुर साड़ा, ब्लॉक पसगवॉ की ग्राम पंचायत सेण्डा और सोनोरा, ब्लॉक पलिया की ग्राम पंचायत बसन्तापुर कलां और बसन्तापुर खुर्द, मोहम्मदी की ग्राम पंचायत मियांपुर और शाहपुर राज, ब्लॉक ईसानगर की ग्राम पंचायत मटरिया और सिरसीए ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत रजागंज और बेलबूडी, ब्लाक निघासन की ग्राम पंचायत मांझा और भेडौरी, ब्लॉक धौरहरा की ग्राम पंचायत जुगनूपुर और शाहपुरए ब्लॉक नकहा कि ग्राम पंचायत चफ्दी और शीतलापुरए ब्लॉक रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत तेलियार और चंदैयापुर।

# मानकों में अनदेखी से किसान की मौत

**● मिल यार्ड व क्रय केंद्र पर ठंड से बचाव के लिए व्यवस्था शून्य**



**औरंगाबाद (लखीमपुर)।** डीसीएम श्रीराम शुगर एवं डिस्टिलिरी यूनिट अजबापुर में मिल प्रशासन की उदासीनता किसानों व कर्मचारियों की जान पर भारी पड़ रही है। अजबापुर मिल प्रबन्धन की लापरवाही से किसान की जान चली गयी। औरंगाबाद गन्ना क्रय केंद्र पर गन्ना आपूर्ति को पहुंचा किसान ठंड की चपेट में आ गया। इलाज की दौरान उसकी मौत भी हो गई। क्षेत्र के ग्राम सपहा निवासी गन्ना किसान रमेश बैलगाड़ी की पर्ची के लिए मंगलवार को अजबापुर मिल के गन्ना क्रय केंद्र औरंगाबाद गया था। देर रात तल तौल न हो पाने के कारण रमेश को मजबूरन तौल सेंटर पर खुले आसमान के नीचे रात गुजारनी पड़ी। जिस कारण रात में ठंड लगने से उसकी हालत बिगड़ गयी। बुधवार की सुबह गन्ना लेकर जब अन्य किसान पहुँचे तो रमेश की हालत देख आग जलाकर ठंड से बचाव के प्रयास भी किए। इसके बाद गन्ने की रिजेक्ट बताकर बाबू ने तौलने से मना किये जाने पर रमेश घर चला गया। घर पहुँचते ही रमेश की मौत हो गयी। रमेश की मौत के बाद मिल प्रबंधन मामले को दबाने के प्रयास में जुट गया। क्रय केंद्रों पर होने वाली चोरियों के डर के कारण रमेश चाहकर भी बैलगाड़ी छोड़कर घर न गया। क्रय केंद्र सहित मिल के यार्ड में किसानों की सुविधाओं व उनकी जरूरत के लिए निर्धारित मानक के अनुसार व्यवस्था नही है। मिल प्रबंधन सहित गन्ना समिति व गन्ना विकास परिषद की आपसी मिलीभगत से किसानों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ हो रहा है। क्रय केंद्रों से निर्धारित कमीशन मिलने के कारण सरकारी मशीनरी भी मिल की पक्षधर हो जाती है। कभी मिल में कर्मचारियों की का के दौरान मौत कभी गन्ना आपूर्ति के समय किसान की मौत लेकिन जिम्मेदार कोई नहीं। क्रय केंद्रों पर तो गन्ना उतरवाई सहित घटतौली का मामले भी प्रकाश में आते है लेकिन इनकी जांच के बाद ठंडे बस्ते में दब जाते है। सड़को पर हादसों में मौतें होती रहती है। कोई कैसे मर रहा है इसकी मिल की कोई जिम्मेदारी नहीं है। न ही ऐसा कुछ मेरी जानकारी में है।

# इम्प्रूविंग जेंडर डाइवर्सिटी इन आरबीआई विषय पर वर्कशॉप

**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज के कैरियर कॉउंसलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विषय इम्प्रूविंग जेंडर डाइवर्सिटी इन आरबीआईष्विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। आरबीआई के डीजीएम परिमल बाजपेई ने बताया कि आरबीआई में पुरुषों के मुकाबले महिला स्टाफ बहुत कम है, क्योंकि महिलाओं को लगता है कि आरबीआई में उनके लिए नौकरियां नहीं है, जबकि ऐसा नहीं है,स्नातक करने के बाद ही महिलाएं बैंकिंग सेक्टर में आकर आरबीआई में नौकरी पा सकती हैं और बेहतर जीवन-यापन कर सकती हैं। आरबीआई की नोडल अधिकारी आकांक्षा गुप्ता ने आरबीआई के कार्य,उसमें उपलब्ध नौकरियों और उसकी तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसी भी स्ट्रीम का विद्यार्थी बैंकिंग सेक्टर में जा सकता है। अपने कर्मचारियों को आरबीआई बहुत सारी सुविधाएं भी उपलब्ध कराता है।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने कहा कि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर फोकस करें।नौकरियों की कमी नहीं है। जरूरत है कि विद्यार्थी मोबाइल से समय बचा कर पढ़ाई पर ध्यान लगाएं। संचालन कैरियर कॉन्सलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ मोहम्मद आसिफ खान ने और डॉ तनवीर आलम ने आभार व्यक्त किया। डॉ अब्दुल सलाम, डॉ खलील अहमद, डॉ युक्ति माथुर, डॉ सैयद सोहेल अख्तर नकवी, डॉ शबाना साजिद, डॉ कहकशा बेगम, डॉ मोहम्मद शोएब, डॉ मसीउल्लाह खान, डॉ अब्दुल मोहेमन, डॉ तनवीर हुसैन, डॉ कामरान हुसैन खान, डॉ तजम्मुल हुसैन,डॉ कौसर जमाल, डॉ रिफाकत हुसैन,डॉ रियाज अहमद, रश्मि रस्तोगी,डॉ प्रदीप कुमार, सोनी वर्मा, डॉ अर्चना सक्सेना, डॉ. प्रिया दीक्षित, मारिया हैंकोक, डॉ शाइस्ता, डॉ शिखा श्रीवास्तव, अनमोल सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने हत्यारे पति को किया गिरफ्तार, आलाकत्ल भी बरामद

**● पांच लाख रूपए की डिमांड के लिए पत्नी को उतारा मौत के घाट**

**शाहजहांपुर।** पुलिस ने हत्या की महिला की वारदात में उसके पति को गिरफ्तार कर आला खतम बरामद कर लिया। हत्यारे पति ने पांच लाख की डिमांड न पूरी होने पर पत्नी को मौत के घाट उतारा था और हत्या का इलजाम बकायादारों के सर पर रखकर पुलिस को बरगलाने का प्रयास किया था। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में ग्राम सिसौआ मे हुई रीना गुप्ता की हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया पुलिस ने हत्या के मामले में मृतका के पति उमेश गुप्ता को गिरफ्तार कर आलाकत्ल एक साड़ी नारंगी रंग की व प्लास्टिक की रस्सी बरामद किया।

पुलिस की गिरफ्तारी के बाद हत्यारे पति उमेश गुप्ता ने बताया मेरी शादी में मेरे ससुरालीजनों ने मुझे मेरी हैसियत के अनुसार दान दहेज नहीं दिया था, जिस कारण अक्सर मेरी पत्नी रीना गुप्ता से मेरे अनबन व झगडा रहता था। मैने अपना व्यापार व जनसेवा केन्द्र चलाने के लिए सपना गुप्ता, आजाद पुत्र भगवन्नू निवासी चरखुई, अनिल पुत्र विश्राम निवासी रामापुर से कुछ पैसे लिए थे। मेरे व्यापार व काम धंधे में मुझे काफी नुकसान हो गया, जिससे इन लोगो के कुछ पैसे ही वापस कर सका था परन्तु पूरे रूपये वापस नहीं कर पाया था।



मैने अपनी पत्नी रीना गुप्ता से कहा कि तुम्हारे मायके वालों ने मेरी शादी में मुझे मेरी हैसियत के अनुसार दान दहेज नहीं दिया है, तुम अपने मायके से 5 लाख रूपये लेकर आओ, जिससे में लेनदारों के पैसे वापस दे दूं। परन्तु दीपावली के बाद मेरी पत्नी अपने मायके से दहेज में रूपये लेकर नहीं आयी, इसी को लेकर मेरी पत्नी रीना गुप्ता से मेरा झगडा हो गया। 6 ,7 दिनों के बाद प्लानिंग बनाने के बाद, प्लानिंग के तहत मैने शाम के समय अपने लेनदारों को बुलाया कि मैने अपने ससुरालीजनों से रूपये मांगे है और मुझे पैसा दे रहे है तुम आकर अपने रूपये ले जाओ, इसी बात पर लेनदार मेरे घर पर आये तो मैने अपने मोबाइल का समय बदल कर, गलत समय के साथ फोटों खींच लिया और जब मेरी पत्नी रीना गुप्ता बरामदे में चारपाई पर गहरी नींद में सो रही थी तब धीरे से चारपाई के एक मझुवा (पाये) से साडी का एक छोर बांध कर, साडी को गले में जल्दी से लपेट कर दूसरी तरफ से कसकर खींच दिया, मेरी पत्नी रीना गुप्ता एक बार हल्के से चिल्लाई, उसके बाद उसकी मृत्यु हो गयी तब मैने उसकी लाश को मौका देखकर रास्ते में फैक दिया और घर के अन्दर आकर उसी चारपाई पर प्लास्टिक की रस्सी बांधकर/लपेट कर, रस्सियों के नीचे घुस गया, जिससे लोगों को लगे की कोई व्यक्ति मुझे बेहोश कर चारपाई से बांध कर चला गया है।

कुछ ही देर बाद गाँव के लोगों को मेरी पत्नी की लाश रोड पर पडी मिली तो गाँव में काफी शोर शराबा हो गया और लोगों ने घर के अन्दर आकर देखा तो मैं चारपाई से बंधा हुआ था, जब लोगों ने मुझे खोलकर पूछा तो मैने लोगों को बताया कि सपना गुप्ता, आजाद, अनिल सहित अन्य लोग रात्रि में मेरे घर में घुस आये थे और मुझे कुछ नशीली पदार्थ सुंघाकर रस्सी से बांध कर घर में रखे रूपये लूट कर ले गये और मेरी पत्नी रीना गुप्ता की हत्या कर लाश को बाहर फैक कर चले गये है, जिसके लिए मैने अपने गाँव के लोगों को लेनदारों के फोटो भी दिखाये,मौके पर गाँव वालों के बुलाने पर वह लोग भी आ गये थे तो गाँव लोग मुझे ही शक की निगाहों से देखने लगे थे, गाँव के ही किसी व्यक्ति ने मेरे ससुरालीजनों को फोन कर दिया था, जो मेरे घर पर आते ही मेरे साथ ही हाथापाई करने लगे थे, जिससे मैं मौके से भाग गया था, बाद मैं मुझे एहसास हुआ कि मैंने अपनी पत्नी की 05 लाख रूपयों के लिए हत्या की।

# नगर क्षेत्र में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

**● वार्डों में कुछ स्वच्छता कर्मी अनुपस्थित, एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश**



**शाहजहांपुर।** महापौर एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में नगर निगम टीम विशेष सफाई अभियान चलाया। औचक निरीक्षण के समय संबन्धित वार्डों में कुछ स्वच्छता कर्मी अनुपस्थित् पाये गये। अनुपस्थित स्वच्छता कर्मियों का एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिये गये तथा सभी स्वच्छता कर्मियों को हिदायत दी, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर द्वारा नगर क्षेत्र के वार्ड सं0-10 खिरनीबाग, वार्ड सं0-03 लोधीपुर एवं वार्ड सं0-41 सिंजई में दोपहर की शिफ्ट में स्वच्छता कर्मियों के द्वारा किये जाने वाले साफ-सफाई कार्यों तथा स्वच्छता कर्मियों की उपस्थिति को चेक करने हेतु औचक निरीक्षण किया गया। गई कि जो कर्मचारी बिना किसी सूचना के लगातार 03 बार औचक निरीक्षण करने पर अनुपस्थित पाया गया, तो उनके निलंबन व सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्रीय पार्षदगण उपस्थित रहें। महानगर वासियों की सुविधा हेतु नगर में स्थित सामुदायिक व पिंक शौचालयों की विशेष साफ-सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश बिन्दुओं को दुरस्त रखने के साथ-साथ हैण्ड वॉश की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश मा0 महापौर महोदया श्रीमती अर्चना वर्मा जी एवं नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर निगम के संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये गये है। जिसके अनुपालन में नगर निगम टीम द्वारा नगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा संचालित सभी प्रकार के शौचालयों की विशेष सफाई कार्य के साथ-साथ नगरवासियों हेतु शौचालयों को सुविधा युक्त बनाने के लिये विशेष ध्यान भी दिया जा रहा है, ताकि जन-मानस द्वारा आवश्यकता पड़ने पर अधिक से अधिक शौचालयों का ही उपयोग कर सकें। इसी क्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर द्वारा नगर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, हैण्ड वॉश आदि की स्थिति को देखा गया। सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई। साथ ही निर्देशित किया गया कि शौचालयों की साफ-सफाई विशेष अभियान चलाकर करें।

# भाकियू लोकशक्ति की छठवीं वर्षगांठ पर हुआ सम्मान समारोह

**● सीओ सदर, कोतवाल कस्वा प्रभारी को युवा समाजसेवी ने किया सम्मानित**



सीओ, कोतवाल का स्वागत करते किसान नेता।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** भाकियू लोकशक्ति की 6 वी वर्षगांठ पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें सदर क्षेत्राधिकारी, कोतवाल, कस्वा प्रभारी को शॉल ओडाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। बीती शाम नगर के तिराहा स्थित भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में पहुंची सदर क्षेत्राधिकारी डा. प्रियंका बाजपेई ने कहा कि किसान हमारे देश के अन्नदाता हैं और देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

कोतवाल जेपी शर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिये वह सदैव तत्पर हैं। इसके बाद युवा समाजसेवी उत्कर्ष गुप्ता, हरिओम गुप्ता, मकबूल अहमद नें मौजूद अतिथियों का शॉल ओडाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कस्वा प्रभारी अजब सिंह, महिला जिलाध्यक्ष सोनिया गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष, जिला सचिव शाहिद खान, चांद खान, सिराजुल खान, ब्लाक अध्यक्ष मुफीद, नगर अध्यक्ष सभासद प्रतिनिधि सिराज अहमद, पूर्व सभासद डा. शमशाद, पुन्नी, सिराजुल खान, सलमान बारसी, एराफ अब्दुल्लाह, समद, जीशान, हिप्पी फारूकी आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को लेकर की समीक्षा बैठक

**लखीमपुर खीरी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस को लेकर एक समीक्षा बैठक सीएमओ ऑफिस सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा कार्यक्रम के सभी इंडिकेटर की समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और डिप्टी सीएम मौजूद रहे। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सहित मातृ मृत्यु समीक्षाए संदर्भनए जनपदीय समीक्षा बैठकए प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनाए और जन्म मृत्यु पंजीकरण को लेकर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और डिलीवरी पॉइंट्स पर तैनात कर्मचारियों से इसकी रिपोर्ट ली। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त सीएचसी अधीक्षक, डीपीएम, डीसीपीएम, डीएमएचसी, डीएसएस, डीएससीओ सहित संबंधित चिकित्सा इकाई के बीपीएम और बीपीएम एवं नर्स मैटर द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# जिला जज अजय कुमार को दी गई भावभीनी विदाई

**● कार्यकाल में जनपद में हुआ सर्वाधिक मामलों का निस्तारण ●ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण व बार एसोसियेशन ने किया स्वागत व सम्मान**



सेवानिवृत जिलाजज का स्वागत करते चीफडिफेंस काउंसिल व अधिवक्ता।

**कन्नौज।** 31 वर्ष की न्यायिक सेवा के उपरांत ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव को सेवानिवृत्त होनें पर न्यायालय परिसर में ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण व बार एसोसियेशन द्वारा बिदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/ज़िला जज अजय कुमार श्रीवास्तव को प्राधिकरण के नोडल अधिकारी लोकेश वरुण व पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल द्वारा प्रतीक चिन्ह व साल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद न्यायिक अधिकारियों द्वारा जिला जज की नेतृत्व क्षमता व न्यायिक कार्यों के निष्पादन में किए गये सहयोग की प्रशंशा की व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। मोटर दुर्घटना प्राधिकरण अध्यक्ष शाहिद रजा व लोक अदालत अध्यक्ष अशोक कुमार प्रेमी ने ज़िला जज के द्वारा किए कार्यों को सर्वोत्तम बताया। चीफ़ डिफेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण तिवारी व डिप्टी डिफेंस काउंसिल दीपक श्रीवास्तव ने ज़िला जज द्वारा कन्नौज में वादों के त्वरित निस्तारण व वृक्षारोपण कार्यों की प्रशंसा की। कन्नौज बार एसोशियेशन द्वारा आयोजित विदाई समारोह में अध्यक्ष विजय सारस्वत व सचिव सतेंद्र बघेल समेत सभी अधिवक्ताओं द्वारा ज़िला जज का माल्यार्पण कर स्वागत व सम्मान किया गया। समस्त अधिवक्ताओं ने एक स्वर में ज़िला जज की न्यायिक कार्यकुशलता की सराहना की व सेवानिवृत्ति के बाद बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएँ दीं। अधिवक्ताओं ने जिला जज के कार्यकाल को विवाद रहित बताते हुए कहा कि अधिवक्ता और पुलिस को न्यायालय की जरूरत प्रतिदिन पड़ती है। उन्हें कभी यह महसूस नहीं हुआ कि कार्य निष्पादन में न्यायालय से कुछ परेशानी हुई हो।

## बार व बेंच के सहयोग से वादों का हुआ त्वरित निस्तारण, कन्नौज सदैव रहेगा याद

**कन्नौज।** जिला जज अजय कुमार श्रीवास्तव ने अपने 31 वर्षों के कार्यकाल पर चर्चा करते हुए कहा कि एक न्यायिक अधिकारी का मुख्य कर्तव्य वादकारियों को न्याय प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जब कन्नौज में उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया था तब जनपद न्यायालय में लगभग 1 लाख 7 हज़ार मुक़दमे विचाराधीन थे और आज जब मैं सेवानिवृत हो रहा हूँ तब ज़िले में महज़ 60 हज़ार मुक़दमे विचाराधीन है। उन्होंने ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद में वादकारियों को प्रदान की जा रही नि:शुल्क विधिक सहायता की सराहना की।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 1 दिसंबर, 2023



# गरीबों को कर्ज के बोझ से बचा रही सीएम सामूहिक विवाह योजनाः पटेल

**●वैदिक रीति से चित्रकूट में 184 गरीब कन्याओं का कराया गया विवाह**

**संवाददाता।** चित्रकूट



**समाज** कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गुरूवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में 184 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल,भाजपा जिला अध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव द्वारा भगवान श्रीगणेश जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण किया गया।

गुरूवार को सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि आज कामतानाथ जी की पावन धरा पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। मैं सभी वर -वधू को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि आप लोग सात फेरों को लेकर आज से यह नए जीवन की पारी खेलने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी जी ने गरीब पुत्री की शादी के लिए यह योजना जब से सरकार बनी है लागू किया है। ताकि गरीब लोग शादी के कर्ज से ना जूझे। उन्होंने 51 हजार रुपए खर्च करके गरीब कन्याओं का विवाह जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के द्वारा एक पंडाल में शामिल होकर यह पुण्य का कार्य किया जा रहा है।

बताया कि सरकार ने एक वैन प्रत्येक गांव में प्रचार-प्रसार हेतु भेजा है जो वह जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करके आप सभी योजनाओं का ऑनलाइन लाभ गांव के पंचायत भवन में बैठे पंचायत सहायक के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

# यातायात माह समापन पर संत थॉमस विद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**चित्रकूट।** यातायात माह नवम्बर-2023 के समापन के अवसर पर संत थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल चित्रकूट खुटहा शिवरामपुर में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी यातायात राज कमल, पीटीओ सन्तोष तिवारी की उपस्थिति में यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ओवर स्पीड एवं शराब पीकर वाहन चलाने के विषयों पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गयी।

इस दौरान मुख्य विकास अधीकारी, अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये सभी को यातायात नियमों का पालन के लिये जागरुक किया गया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि आप सब समाज के सूत्रधार हैं। इसलिये आप घर पर जाकर अपने परिजनों एवं रिश्तेदारों को यातायात नियमों के पालन करने के लिये जागरुक करें।

# जागरूकता बढ़ाने को बच्चे परिजनों के जन्म दिवस पर हमेशा हेलमेट गिफ्ट करेंः एसपी

**●बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में हुआ यातायात समापन समारोह**

**संवाददाता।** उरई, जालौन




**यातायात** माह नवंबर के अन्तिम दिन समापन समारोह बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल झांसी रोड उरई में आयोजित किया गया। समापन समारोह का शुभारम्भ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवल मुख्य अतिथि डा. ईरज राजा पुलिस अधीक्षक ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अथिति द्वारा बच्चों को जागरूक करते हुये कहा कि बच्चे अपने परिवार को जागरूक करने के लिए अपने परिवार के सदस्यों को दुपहिया वाहन के लिए बर्थडे या अन्य कार्यक्रमों में अपने परिवार के सदस्यों को हेलमेट गिफ्ट करें। यदि बच्चों के पास ड्राईवर लाईसेंस न हुये और वह स्टंटबाजी करते हुये गलत ठंग से गाड़ी चलते है जिससे अक्सर दुर्घटनायें होती है। उन्होंने बच्चों को स्वयं एवं आसपास लोगों को यातायात नियम पालन करने के लिये प्रेरित करें। विद्यालय के बच्चों ने एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हैलमेट प्रयोग करने का आह्वान किया। बच्चे अक्सर स्टंटबाजी करते है। मुझे इस तरह की शिकायत मिल रही है उन्होंने कहा कि इस तरह की स्टंटबाजी बंद करें।

## यातायात माह में 2,370 चालान कर वसूला शमन शुल्क



**फतेहपुर।** पुलिस लाइन परिसर में गुरुवार को यातायात माह नवंबर का समापन किया गया। एसपी उदय शंकर सिंह ने यातायात नियमों को लेकर आयोजित की गई प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा प्रचार-प्रसार के लिए उपनिरीक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। यातायात माह के दौरान 2370 चालान कर शमन शुल्क वसूला गया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह एवं समाजसेवी अशोक तपस्वी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने लगाया एसडीएम पर बोर्ड आफ रेवेन्यू विरुद्ध कार्य करने का आरोप



**जालौन, उरई।** नवीन बार एसोसिएशन तहसील के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर एसडीएम बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के खिलाफ कार्य करने का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायिक को ज्ञापन देकर निर्णय का पालन कराने की मांग की है। नवीन बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष श्रीगोविंद चतुर्वेदी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने गुरुवार को एसडीएम न्यायिक पर बार व बैंच के बीच हुए निर्णय का पालन न करने और बोर्ड आफ रेवेन्यू का पालन न करने का आरोप लगाते हुए कार्य बहिष्कार किया।

संगठन के अध्यक्ष श्रीगोविंद चतुर्वेदी ने बताया कि बार व बैंच के बीच हुए बैठक में निर्णय लिया गया था कि एसडीएम न्यायालय में सुबह 11 बजे से साढ़े 12 बजे तक और तहसीलदार न्यायालय में दोपहर एक बजे से ढाई बजे तक मुकदमे सुने जाएंगे। इसके अलावा बोर्ड आफरेवेन्यू के अनुसार एक दिन में 40 से अधिक मामले नहीं सुने जाएंगे। इसके बाद भी एसडीएम व तहसीलदार न्यायालय में एक दिन में 100 से 200 मुकदमे सुने जा रहे हैं। निर्धारित संख्या से ज्यादा न्यायालय में मामले लगने के कारण सुनवाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायिक कृष्ण कुमार सिंह को ज्ञापन देकर न्यायालय में निर्धारित संख्या में ही वाद लगाने की मांग की है।

# हरी मटर व्यापारियों ने मंडी सचिव को ज्ञापन सौंप बताईं समस्यायें



**जालौन, उरई।** हरी मटर के व्यापार में पैकिंग छोटी कराने को लेकर व्यापारियों ने बुधवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसको लेकर एसडीएम के निर्देश पर मंडी सचिव ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उनका समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। बुधवार को मटर व्यापारी हाजी रसूल राई, सोहराब राईन, इकबाल मंसूरी, अब्दुल हकीम, मोहम्मद सुलेमान, अशफाक राईन, मोहम्मद सईद, रविंद्र कुमार, जीतेंद्र कुमार, पंकज गुप्ता, छत्रपाल सिंह, नीशू गुर्जर, नरेंद्र द्विवेदी आदि ने एसडीएम सुरेश कुमार को मंडी में हरी मटर की पैकिंग जो 80 से 90 किग्रा होती है उसे घटाकर 40 से 50 किग्रा कराए जाने की मांग की थी। अन्यथा की स्थिति में व्यापारियों ने मंडी में हरी मटर न खरीदने की बात कही थी। व्यापारियों की समस्याओं पर एसडीएम ने मंडी सचिव को निर्देश दिए थे। एसडीएम के निर्देश पर मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार ने हरी मटर के व्यापारियों के साथ बैठक की।

# पहाड़पुरा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा लाभार्थियों को जिलाध्यक्ष ने बांटे प्रमाण पत्र

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष ने विकास खंड के ग्राम पहाड़पुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ ही इस दौरान प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के चयनित 10 लाभार्थियों को आवास की चाबी, पांच लाभार्थियों को किसान सम्मान निधि प्रमाणपत्र सौंपे गए। विकास खंड के ग्राम पहाड़पुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित की अध्यक्षता एवं ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है। शीघ्र ही हम विकसित राष्ट्र होंगे। पूर्व में जहां योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को नहीं मिल पाता था। अब सभी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ ले रहे हैं।

मोदी की गारंटी वाली एलईडी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें ड्रोन दीदी योजना के बारे में बताया गया कि इस योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें किसानों को किराए पर देकर समूहों की अतिरिक्त आय हो सकेगी। महिला समूहों को ड्रोन खरीदने के लिए 80 फीसदी (अधिकतम 8 लाख रुपये) सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अलावा किसान सम्मान, निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त इलाज, पीएम व सीएम आवास योजना आदि के संबंध में जानकारी दी गई और पात्रों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# एसीएफ अभियानः कारागार से भी खोजे जा रहे टीबी के रोगी



**फतेहपुर।** राष्ट्रीय क्षय (टीबी) रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत सक्रिय क्षय रोगी खोजी (एसीएफ) अभियान के तहत कारागार में भी टीबी रोगी खोजे जा रहे हैं। इस क्रम में कारागार के 1018 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 13 संभावित क्षय रोगियों के बलगम का नमूना भी लिया गया। सभी बंदियों को टीबी के लक्षण और बचाव के बारे में जागरूक किया गया। एनटीईपी के जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रशांत नरायण ने बताया कि जिन लोगों को दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आए, बलगम के साथ खून आए, रात के समय पसीना आना, लगातार वजन कम होना और भूख न लगने जैसे लक्षण दिखें तो उन्हें टीबी की जांच अवश्य करवानी चाहिए। इन लक्षणों को छुपाएं नहीं, क्योंकि इससे अन्य लोग भी संक्रमित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि केवल फेफड़ों की टीबी ही संक्रामक होती है और संक्रमित व्यक्ति के कपड़े, तौलिया या खाना साझा करने से यह नहीं फैलती है। यह छींकने या खांसने से फैलती है। इसलिए टीबी मरीज को मास्क का उपयोग करना चाहिए और खुले में थूकना नहीं चाहिए। समय से टीबी रोगी के पहचान होने और इलाज शुरू होने जाने से तीन सप्ताह बाद संक्रमण की आशंका नहीं रहती है। अगर टीबी मरीज का इलाज न हो तो वह एक वर्ष में दस से पंद्रह स्वस्थ लोगों को भी संक्रमित कर सकता है।

# किसानों पर भारी पड़ी बेमौसम बारिश क्रय केंद्रों में भीगा हजारों कुंतल धान

**संवाददाता।** असोथर, फतेहपुर



**नगर** पंचायत असोथर बीती रात करीब दो बजे से बेमौसम बरसात हो रही है। जिसके कारण क्रय केंद्रों में खुले आसमान के नीचे तौल के लिए लगभग तीन दर्जन किसान में लगभग पांच हज़ार कुंतल धान पड़ा है। किसानों का धान बारिश के पानी में भीग गया। असोथर नगर पंचायत में स्थित मंडी समिति में धान तौल के लिए 6 क्रय केंद्र बनाए गए। जहां पर एक नवंबर से लेकर 28 नवंबर तक तीन सौ चालीस कुंतल धान की ही सरकारी खरीद हो पाई है। जबकि एक कांटे में तीन सौ कुंतल प्रतिदिन तौल होनी चाहिए। सभी कांटों को मिलाकर एक हज़ार आठ सौ कुंतल प्रतिदिन होनी चाहिए, परंतु एक माह मे केवल तीन सौ अस्सी कुंतल धान की तौल हो पाई है। विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। किसान अन्नू सिंह निवासी जरौली ने बताया कि करीब डेढ़ सौ कुंतल धान तौल क्रय केंद्र असोथर में दस दिन से पड़ा है। लेकिन एसएमआई ने तौल नही कराया। बारिश के कारण चालीस प्रतिशत धान पानी में डूब कर भीग गया। किसान मुन्नी देवी ने बताया कि करीब 12 दिन से धान तौल के लिए सरकारी मंडी में पड़ा है। रात्रि में धान की रखवाली करने आ रहे पति का पैर भी टूट गया। रात में बारिश के कारण करीब बीस कुंतल धान भीग गया है। किसानी करके हम लोग परिवार चलाते हैं। जब धान ही नही खरीदा जा रहा है। तो हम अपना धान वापस लेकर जा रहे हैं।

# यादगारःवाजपेयी के बचपन की अनकही कहानी है अटल



.वाराणसी। यूफोरिया प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित इस शो में व्योम ठक्कर बाल अटल के रूप में, नेहा जोशी अटल की मां कृष्णा देवी वाजपेयी के रूप मेंय आशुतोष कुलकर्णी पिता कृष्णा बिहारी वाजपेयी के रूप मेंय मिलिंद देशपांडे दादाजी ष्श्यामलाल वाजपेयीष् के रूप मेंए राहुल जेठवा बड़े भाई ष्अवध बिहारी वाजपेयीष् के रूप मेंए आर्या जोशी भाभी ष्अवध की पत्नीष् के रूप मेंय प्रियांशु गांधी ष्सदा बिहारी वाजपेयीष् के रूप मेंए सक्षम श्रृंगऋषि ष्प्रेम बिहारी वाजपेयीष् के रूप में और एलिना ष्उर्मिला बिहारी वाजपेयीष् के रूप में एवं एलिन ष्कमला बिहारी वाजपेयीष् के रूप मे नजर आयेंगे।वाराणसी। भारतीय इतिहास में कई प्रधानमंत्री ऐसे रहे हैंए जिन्होंने बड़े.बड़े बदलाव किये। उन्होंने अपने महान दृष्टिकोण और दृढ़.निश्चय के साथ महत्वपूर्ण क्षणों में देश का नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल में कई ऐसे महत्वपूर्ण फैसले हुएए जिन्होंने देश की तकदीर बदली और भारत ने दुनिया पर अपनी छाप छोड़ी। अपने महत्वपूर्ण दृष्टिकोण और निर्णायक कदमों से इन नेताओं ने इतिहास में अपना नाम दर्ज किया और ऐसी अमिट विरासत छोड़ीए जिसने शानदार सफलता और प्रगति के एक युग को परिभाषित किया। ऐसे ही एक महत्वपूर्ण नेता थे स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी। अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रभावशाली राष्ट्राध्यक्ष थे और भारत के लोग उनकी विरासत को बहुत अहमियत देते हैं। एण्डटीवी अपने नये शो अटलष् के माध्यम से उनके बचपन के अनकहे पहलुओं को सामने लाने के लिये तैयार है। यूफोरिया प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह शो आपको अटल जी के बचपन की झलक दिखायेगाए जिन्होंने बड़े होकर भारत का नेतृत्व किया और इसे एक महान राष्ट्र बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत में ब्रिटिशराज की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो आपको अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की उन घटनाओं, मान्यताओं तथा चुनौतियों के बारे में बतायेगाए जिसकी वजह से एक ऐसे नेता का जन्म हुआए जिसे हम आज जानते हैं। शो की कहानी में अटल की माँ के साथ उनके गहरे सम्बंधों को दिखाया जाएगाए जिन्होंने उनकी धारणाओं, मूल्यों और चिंतन को गहराई से प्रभावित किया था।

# जिला कृषि अधिकारी पर अभद्रता का आरोप, कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**फतेहपुर।** जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह पर निरीक्षण के दौरान समितियों में जाकर कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कार्यालय साधन समिति सचिव परिषद के पदाधिकारियों ने विकास भवन में प्रदर्शन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। यदि ऐसा न हुआ तो सार्वजनिक तौर पर समिति में ताला बंद कर कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी गई।

साधन समिति सचिव परिषद के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह व महामंत्री नेकपाल सिंह की अगुवाई में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि समिति में जब खाद जाती है तो अधिक संख्या में किसान आ जाने के कारण कभी-कभी किसानों को मैनुअल आधार पर खाद देनी पड़ती है और बाद में उनके ई-पास मशीन में अंगूठे लगवाये जाते हैं। जिसका जिला कृषि अधिकारी जांच के नाम पर फायदा उठाते हैं जबकि जांच सहकारिता विभाग के स्तर पर होनी चाहिए। जिला कृषि अधिकारी जांच के नाम पर उत्पीड़न करते हैं। कहा कि यदि ऐसा लगता है कि समितियों में उर्वरक वितरण अनियमित ढंग से हो रहा है तो अपने अधीनस्थ राजस्व लेखपाल या अन्य कर्मचारी लगा उर्वरक वितरण करवाया जा सकता है।

# अगवा की गई बच्ची 12 घंटे में हुई बरामद पुलिस से मुठभेढ़ में घायल हुआ बदमाश

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने स्थित पार्क से कल शाम एक बदमाश ने फिंगर खिलाने के बहाने नौ साल की बच्ची का अपरहण कर लिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये 12 घंट के बाद आज गुरुवार को सिटी फारेस्ट के पास से उसे बरामद कर लिया। मुठभेढ़ में पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक हमीरपुर शहर के खालेपुरा मोहाल की नौ वर्षीय बच्ची सायरा अंबेडकर पार्क में अपनी सहेलियों के साथ खेलने गयी थी तभी सायकिल से आया एक अनजान व्यक्ति बच्ची से बात कर उसे सायकिल से फिंगर खिलाने के बहाने ले गया।

सायरा के अचानक गायब होने से घबरायी उसकी सहेलियों ने घर जाकर जानकारी दी,सायरा के मामा मोहम्मद कादिर ने मामले की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुये आसपास के सीसीटीवी खंगालना शुरु कर दिया। जिसमें एक अनजान व्यक्ति नगर के बाहर सिटी फारेस्ट की ओर जाते देखा गया। स्थानीय पुलिस ने सिटी फारेस्ट जाकर खोजबीन प्रारम्भ की जिसमे सायकिल झाड़ियों के भीतर बरामद हुई। इस पर पुलिस ने बदमाश को ललकारा जिस पर उसने अवैध तमंचे से फायर कर दिया,इस पर पुलिस ने जवाबी फायर किया जिसमे बदमाश गोली से घायल हो गया। पुलिस ने बच्ची को आज सुबह सकुशल बरामद कर लिया। अपहरण करने वाले बदमाश की पहचान सुरेंद्र धुरिया निवासी कदौरा जिला जालौन के रुप मे हुई है। पुलिस ने उसके पास से तमंजा व अवैध कारतूस बरामद किये है। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। पुलिस बदमाश को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# चिकित्सा अधिकारी आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर विशेष ध्यान देंः डीएम



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में संपन्न हुई। ग्राम शरिफ्पुर छिछनी ब्लॉक शमशाबाद में स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए । कोटेदरों से समन्वय स्थापित कर सभी ब्लॉकों में आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। सभी चिकित्सा अधिकारी आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर विशेष ध्यान दें। प्रतिदिन 500 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

लोहिया अस्पताल से अनावश्यक प्रसूति महिलाध्अन्य मरीजों को रेफर ना किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला-पुरुष को सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण में यदि कोई दोषी पाया गया तो सीधे एफ आई आर की जाएगी। लोहिया में डॉक्टर्स और मेडिकल कर्मचारी टाईम पर उपस्थित हो यह सुनिश्चित कराए। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# हिंदू महासभा प्रदेश युवा अध्यक्ष के पुत्र पर घातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष के पुत्र पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया। उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया गया। पुलिस ने मामले में एक नामजद सहित 10-12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाली के मोहगा बजरिया निहालचंद निवासी हिन्दू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमलेश मिश्रा नें बताया कि बीती रात लगभग 10: 30 बजे उनका पुत्र विमर्श मिश्रा को मोहगा बजरिया जाफर खां निवासी युवक केशव कश्यप पुत्र सुरेश कश्यप नें शराब के नशे में अपने 4-5 अज्ञात लोगों के साथ हमला कर दिया। सुरेश कश्यप नें अपने साथियों के साथ मारपीट कर दी। आरोपी केशव ने किसी धारधार हथियार से सिर पर कई बार किये जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे लेकर परिजन अस्पताल पंहुचे तो केशव ने अपने 10-12 साथियों के साथ घर पर चढ़ाई कर गाली-गलौज की।

# दंपत्ति को भूमि विवाद में मारपीट कर किया घायल, वीडियो वायरल

**फर्रुखाबाद।** भूमि पर कब्जा करने के विवाद में दम्पत्ति को दबंगों ने पीट दिया। मौके पर पंहुची पुलिस नें दो को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल बीते दिन ग्राम भगुआ नगला निवासी जग वीर पुत्र रामसिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह से भेंट की थी। जिसमे कहा था कि उसकी भूमि पर गांव के ही भू-माफिया महावीर उर्फ बिलाऊ व अमित, अरविन्द, रोहित अनूप व विमल कुमार उर्फ डॉ.बीके यादव ने कब्जा कर लिया था।

इस मामले में एसडीएम सदर से शिकायत के बाद राजस्व टीम नें मौके पर आकर पैमाइश करायी। उसी दौरान निशान बनवा रहे थे तो आरोपी अपने हाथों में लाठी-डंडे लेकर व नाजयज हथियार लेकर आ गये।उन्होंने गाली-गलौज करते हुए भगा दियाऔर दोबारा आनें पर जान से मारनें की धमकी दी । अपर पुलिस अधीक्षक नें थानाध्यक्ष कादरी गेट को आदेश किये थे की राजस्व टीम को मौके पर ले जाकर जांच करायें।

गुरुवार को सुबह दबंगो ने उस समय फिर हमला बोल दिया जब वृद्ध दम्पत्ति अपनी झोंपड़ी ठीक कर रहे थे। उसी दौरान गाँव के ही अमित यादव पुत्र कगू यादव, विमल उर्फ डाक्टर पुत्र शेर सिंह, छविराम पुत्र महावीर यादव, गबलू उर्फ संजीब पुत्र राम प्रसाद यादव, अमित यादव, अनूप यादव व रोहित यादव जगवीर की भूमि पर आये और झोपड़ी में तोड़फोड़ शुरू कर दी। जब विरोध किया तो आरोपियों नें वृद्ध दम्पति को बुरी तरह पीट दिया। मामले में जगवीर सिंह की पत्नी किताब श्री नें सीओ सिटी से शिकायत की । थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला नें बताया कि भूमि विवाद है। भूमि की पैमाइश करायी जायेगी। राजस्व टीम को बुलाया गया है। मामले की विधिवत जांच की जा रही है।

# सपा सरकारी स्कूल में कराएगी मतदेय स्थल



**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी महानगर फर्रुखाबाद की ओर से लगातार चलाई जा रही मतदाता पुनरीक्षण अभियान की मुहिम में प्रगति करते हुए आज काशीराम कॉलोनी हैबतपुर गढ़िया में महानगर की तरफ से एक कैंप लगाया गया जिसमे विनय ने राघव दत्त मिश्रा को बताया कि हम लोगों के बूथ नंबर 74 76 77 78 आदि के मत प्राइमरी स्कूल हैबतपुर गढ़िया में पड़ते हैं। लेकिन अधिक दूरी की वजह से यहां अधिक मतदाता नहीं पहुंच पाता है। यह मतदेय स्थल अगर मल्टी सरकारी स्कूल में बना दिया जाए तो मतदाताओं को आसानी रहेगी, राघव दत्त मिश्रा ने विश्वास दिलाते हुए विनय से कहा हम आपकी बात को उच्च अधिकारियों तक रखेंगे और मतदाता हित में मत देयस्थल को बदलवाने की कोशिश करेंगे।

# कोटेदारों द्वारा मोटे अनाज का स्वाद चखेंगे सूबे के उपभोक्ता

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर

**शासन** सरकारी खरीद केंद्रों के द्वारा श्री अन्न(मोटा अनाज) की खरीदारी कर उसे कोटेदारों के माध्यम से लोगों तक पहुचाने का निर्णय लिया है। ताकि लोग मोटा अनाज का स्वाद लेकर उसका उपभोग करे। हालाकि किसानों ने लक्ष्य का सापेक्ष केवल दस फीसदी ही ज्वार बोयी है। जिससे केंद्रों में सन्नाटा पसरा है।

जिले में करीब बीस हजार हेक्टेअर में श्री अन्न ज्वार, बाजरा, सावा, कोदो, रागी की बोआई की गयी थी। हमीरपुर जिले में ज्वार को सरकारी क्रय केंद्रों में खरीदारी के लिये आवंटित किया गया है इसके लिये सुमेरपुर, मौदहा, राठ, सरीला में क्रय केंद्र बनाया गया है। केवल सुमेरपुर में 464 कुंटल ज्वार की खरीदारी हो पायी है बाकी तीन केंद्रो में एक दाना केंद्र में नही आया है जब कि मोटा अनाज का उत्पादन काफी मात्रा में हुआ है। कुछ किसान मोटा अनाज को खाने के लिये डंप किये है। उपकृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव ने बताया कि शासन स्तर पर मोटा अनाज को खरीदकर उसे कोटे दारों को आपूर्ति कर उपभोक्ताओं को मुफ्त अनाज देने की योजना बनायी जा रही है ताकि लोग श्री अन्न को खाने की आदत डाले और उससे होने वाले लाभ को समझ सके। इसके लिये शासन स्तर पूरी तैयारी की जा रही है। ज्वार का समर्थन मूल्य भी शासन ने 3180 रुपये रखा है। हालाकि जिले में मोटा अनाज बाजरा का उत्पादन सबसे अधिक हुआ है, मगर बाजरा को खरीदने के लिये शासन ने हरी झंडी नही दी है। जब कि केवल कुरारा ब्लाक में अभी तक मंडी में करीब सात हजार कुंटल बाजरा खरीदा जा चुका है। डिप्टी आरएमओ घनश्याम वर्मा का कहना है कि किसानों ने ज्वार केवल जानवरो के लिये चारे के प्रयोग के लिये बोयी थी जिससे अन्न का उत्पादन नहीं हो पाया है। श्री वर्मा ने बताया कि कृषि विभाग के आकड़े के सापेक्ष किसानो ने केवल दस फीसदी ज्वार बोयी है ऐसी हालत मे ज्वार का उत्पादन कम हुआ है।

# यरुशलम में गोलीबारी में तीन की मौत

● सातवें दिन युद्ध विराम की स्थिति नाजुक

भाषा। यरुशलम



**यरुशलम के** एक बस स्टॉप पर फलस्तीनी बंदूकधारियों की गोलीबारी में कम से कम तीन इजराइली मारे गए और छह अन्य घायल हो गए, जिससे क्षेत्र में हिंसा के मौजूदा दौर के फैलने के बाद से शहर में अल्पकालिक शांति भंग हो गई। इजराइल की पुलिस ने कहा, सुबह लगभग सात बजकर 40 मिनट (स्थानीय समयानुसार) पर दो फलस्तीनी बंदूकधारी राजधानी के मुख्य प्रवेश द्वार की वीजमैन स्ट्रीट पर एक वाहन से बाहर निकले और एक बस स्टॉप पर मौजूद लोगों पर गोलियां चला दीं। पुलिस और चिकित्सकों ने कहा कि यरुशलम के प्रवेश द्वार पर एक आतंकवादी गोलीबारी हमले में तीन लोग मारे गए और छह घायल हो गए, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जाता है कि क्षेत्र में दो ऑफ-ड्यूटी (ड्यूटी पर मौजूद नहीं) सैनिकों और एक सशस्त्र आम नागरिक ने जवाबी गोलीबारी की, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। सोशल मीडिया मंच पर प्रसारित वीडियो में दोनों बंदूकधारियों के अंधाधुंध गोलीबारी शुरू करने पर बस स्टॉप पर इंतजार कर रहे कुछ लोग अलग-अलग दिशाओं में भागते दिख रहे हैं। इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने दोनों हमलावरों की पहचान पूर्वी यरुशलम के 38 वर्षीय मुराद नाम्र और उसके भाई 30 वर्षीय इब्राहिम नाम्र के रूप में की है। एजेंसी ने कहा, दोनों हमास के सदस्य थे और पहले आतंकी गतिविधि के लिए जेल जा चुके थे। एजेंसी ने कहा है कि गाजा पट्टी में आतंकवादी तत्वों के निर्देशों के तहत आतंकवादी हमलों की साजिश रचने के लिए मुराद को 2010 और 2020 के बीच जेल में डाल दिया गया था और इब्राहिम को 2014 में अज्ञात आतंकवादी गतिविधि के लिए जेल की सजा हुई थी। फुटेज से पता चला कि दोनों एम-16 असॉल्ट राइफल और एक हैंडगन से लैस थे। पुलिस को वाहन की तलाशी में भारी मात्रा में गोला-बारूद मिले। पुलिस किसी भी अतिरिक्त हमलावर से बचने के लिए इलाके की तलाशी ले रही है। हमले की जगह पर पहुंचे मैगन डेविड एडोम एम्बुलेंस सेवा के चिकित्सकों ने 24 वर्षीय महिला को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया, जबकि आठ अन्य घायलों में से एक बुजुर्ग पुरुष और एक महिला को अस्पताल में मृत घोषित किया गया। घायलों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस स्टॉप पर लगभग ठीक एक साल पहले एक घातक बम हमला हुआ था। बृहस्पतिवार का हमला इजराइल और हमास द्वारा युद्ध विराम को सातवें दिन बढ़ाने पर सहमति जताने के तुरंत बाद हुआ। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से एक घोषणा में कहा गया, युद्ध संबंधी मामलों के मंत्रिमंडल ने कल रात सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि समझौते की रूपरेखा में जिन मुद्दों पर सहमति बनी थी अगर उससे संबंधित एक सूची आज सुबह सात बजे (बृहस्पतिवार, 30 नवंबर 2023) तक नहीं दी गई तो लड़ाई तुरंत फिर से शुरू हो जाएगी। पीएमओ ने कहा, रूपरेखा की शर्तों के अनुसार महिलाओं और बच्चों की एक सूची कुछ समय पहले इजराइल को सौंपी गई थी इसलिए विराम जारी रहेगा। एक प्रेस विज्ञप्ति में पीएमओ ने कहा, आज (30 नवंबर) रिहा होने वाले बंधकों की सूची प्राप्त होने के बाद, परिवारों को सूचित कर दिया गया है। हालिया दौर की हिंसा शुरू होने के बाद से यरुशलम अपेक्षाकृत शांत है और हमास द्वारा यरुशलम में फलस्तीनियों को समर्थन देने के कई आह्वान के बावजूद कोई बड़ी झड़प की सूचना नहीं मिली है।

## इजराइल-हमास के बीच युद्धविराम एक दिन के लिए और बढ़ा

**राफा (गाजा पट्टी)।** इजराइल और हमास अस्थाई युद्धविराम एक दिन और बढ़ाने पर सहमत हो गए है जिसकी समयसीमा बृहस्पतिवार को समाप्त हो रही थी। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम बृहस्पतिवार सुबह सात बजे समाप्त होने वाला था लेकिन इसके कुछ मिनट पहले ही यह जानकारी सामने आई कि युद्धविराम एक दिन के लिए बढ़ गया है। कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्धविराम की शर्तें पहले वाली ही रहेगी जिसके तहत हमास 10 इजराइली बंधकों को प्रतिदिन रिहा कर रहा है और बदले में इजराइल 30 फलस्तीनी कैदियों को छोड़ रहा है। कतर ने युद्धविराम के लिए इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। गाजा में इजराइली बमबारी और जमीनी अभियान के बाद युद्धविराम को यथासंभव लंबे समय तक जारी रखने का अंतरराष्ट्रीय दबाव है। अब तक हमलों में हजारों फलस्तीनियों की मौत हुई है, बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए है और मानवीय संकट पैदा हुआ है। युद्ध से पूरे क्षेत्र में तनाव है। बृहस्पतिवार सुबह दो बंदूकधारियों ने एक राजमार्ग में बस और अन्य वाहनों का इंतजार कर रहे लोगों पर गोलियां चलाईं। इजराइल की आपातकालीन सेवा मैगेड डेविड एडोम ने कहा कि एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए जिनमें एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि दोनों हमलावर मारे गए। युद्धविराम बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों में अंतिम वक्त में गतिरोध हुआ। हमास ने कहा कि इजराइल ने उसकी एक प्रस्तावित सूची को खारिज कर दिया जिसमें सात कैदियों के नाम थे और इजराइल के हवाई हमलों में मारे गए तीन लोगों के अवशेष लौटाने का जिक्र था।

## क्विक न्यूज

### अभी तक स्पष्ट नहीं कि पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम क्यों तोड़ा : बीएसएफ महानिदेशक

**हजारीबाग (झारखंड)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह अब तक स्पष्ट नही हो पाया है कि पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लंबे समय से जारी संघर्ष विराम को हाल में क्यों तोड़ा। उन्होंने कहा कि फ्लैग मीटिंग के दौरान पाकिस्तान के अधिकारियों ने कोई विश्वसनीय स्पष्टीकरण नही दिया। अग्रवाल बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर झारखंड के हजारीबाग के मेरु क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के शिविर में वार्षिक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से बात कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यहां शुक्रवार को आयोजित परेड की सलामी लेने का कार्यक्रम है। बीएसएफ महानिदेशक ने कहा, जहां तक संघर्ष विराम उल्लंघन की बात है, हमें कुछ नही पता... हम हर पहलू का विश्लेषण कर रहे हैं। फ्लैग मीटिंग के दौरान, उन्होंने (पाक रेंजर्स ने) इसके (संघर्ष विराम उल्लंघन के) कारण बताए, लेकिन वे बिल्कुल भी आश्वस्त करने वाले नही थे। उन्होंने कहा, वे (पाक रेंजर्स) खुद इस बारे में आश्वस्त नही लग रहे हैं। उन्होंने बस बताने के लिए कुछ कारण दिए। पाकिस्तानी रेंजर्स ने अक्टूबर में जम्मू सेक्टर से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलीबारी की थी जिसमें बीएसएफ का एक जवान एवं एक महिला घायल हो गई थी। यह 2021 के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम उल्लंघन का पहला बड़ा मामला था। दोनों पक्षों द्वारा 25 फरवरी, 2021 को संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से कुल मिलाकर कम से कम छह बार इसका उल्लंघन हुआ है। अग्रवाल ने कहा कि बीएसएफ ने इन संघर्ष विराम उल्लंघन की घटनाओं के दौरान प्रभावी जवाबी कार्वाई की और वहां (पाकिस्तान में) बड़े पैमाने पर हताहत होने की खबरें थी। उन्होंने कहा, मै देश को आश्वस्त कर सकता हूं कि बीएसएफ प्रभावी ढंग से सीमाओ की रक्षा करेगी।

### ब्रिटेन में भारतीय, ऑस्ट्रेलियाई मिशनों ने पहले हिंद प्रशांत सम्मेलन की सह-मेजबानी की

**लंदन।** भारत, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के प्रमुख रणनीतिक और नीति विशेषज्ञ बृहस्पतिवार को यहां पहले हिंद-प्रशांत सम्मेलन के हिस्से के रूप में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करने, क्षेत्रीय सुरक्षा के खतरों को दूर करने और रणनीतिक स्थिरता बढ़ाने के लिए व्यावहारिक विचारों का पता लगाने के लिए एकजुट हुए। दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम की सह-मेजबानी भारत और ऑस्ट्रेलिया के उच्चायोगों ने काउंसिल ऑफ जियोस्ट्रैटेजी और किंग्स कॉलेज लंदन के साथ साझेदारी में की। रणनीतिक क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत के बीच, इसे हिंद-प्रशांत में अधिक सहयोग बढ़ाने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। साझेदारों के बीच घनिष्ठ संबंधों और साझा हितों को दर्शाते हुए सम्मेलन के अलग-अलग सत्र इंडिया हाउस , ऑस्ट्रेलिया हाउस और किंग्स कॉलेज लंदन में हुए। ए सभी लंदन के एल्डविच क्षेत्र में एक साथ स्थित हैं। ब्रिटेन में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त स्टीफन स्मिथ के साथ सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कहा, स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित हिंद-प्रशांत के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया की स्थाई प्रतिबद्धता हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की ताकत में परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा, आज, हमारी साझेदारी एक ऐसे क्षेत्र को संयुक्त रूप से आकार देने में हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का स्पष्ट प्रमाण है जो समावेशिता, नियम-आधारित व्यवस्था और संप्रभुता के लिए पारस्परिक सम्मान पर आधारित है।

### इश्कयापा वर्ल्ड स्ट्रीमिंग का तैयार

**हालीवुड।** आगामी रोमांटिक सीरीज़ इश्क़यापा के साथ दर्शकों को मोहित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पूरे विश्व में यह देखेगी। यह 6 एपिसोड का ड्रामा दो व्यक्तियों की कहानी के बारे में है, जो भारत के विभिन्न संस्कृतियों और क्षेत्रों से हैं,भाग्य उन्हें बहुत ही दिलचस्प और प्यारे तरीके से एक साथ लेकर आता है। यह सीरीज़ दर्शकों को विक्र म और पूई के जीवन के बारे में बताती हैए साथ ही प्यारए दोस्ती और उनके जुनून के बारे में बात करती है। जेएआर पिक्चर्स द्वारा बनाई गई इस सीरीज में परमवीर चीमा नूनुई रुअलहलेंग और विनय पाठक मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस सीरीज को 1 दिसंबर 2023 को विशेष रूप से अमेज़न मिनीटीवी पर अमेज़ॅन शॉपिंग ऐप मेंए फायर टीवी और प्ले स्टोर पर मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा। यह रोमांटिक ड्रामा हमारी संस्कृति की विविधता और पारिवारिक मूल्यों के महत्व के साथ-साथ किसी के जुनून और प्यार के लिए लड़ने के साथ.साथ समाज की विशिष्ट मानसिकता के चित्रण के बारे में एक शानदार कहानी है।

### लाहौर में पुलिस की वर्दी पहने लुटेरों ने भारतीय सिख परिवार के साथ लूटपाट की

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में पुलिस की वर्दी पहने लुटेरों ने एक भारतीय सिख परिवार के साथ लूटपाट की। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कंवल जीत सिंह और उनके परिवार के सदस्य गुरु नानक देव की जयंती पर समारोह में भाग लेने के लिए भारत से यहां आए हैं। पुलिस के अनुसार, बुधवार को परिवार के सदस्य गुरुद्वारा जनमस्थान ननकाना साहिब से लौटने के बाद खरीदारी के लिए लाहौर के गुलबर्ग इलाके में स्थित लिबर्टी मार्केट गए थे। पुलिस प्रवक्ता एहतशाम हैदर ने पीटीआई को बताया,"जब सिख परिवार एक दुकान से बाहर आया तो पुलिस की वर्दी पहने दो लुटेरों ने उन्हें रोका और हथियारों का भय दिखाकर नकदी और आभूषण लूट लिए। हैदर ने बताया कि लुटेरों ने सिख परिवार से आभूषणों के अलावा 2,50,000 भारतीय रुपए और।,50,000 पाकिस्तानी रुपए लूट लिए। घटना के बाद वहां बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और वे लोग सिख परिवार के साथ स्थानीय थाना पहुंचे। स्थानीय थाना प्रभारी ने अपने वरिष्ठ अधिकारी को इस घटना की सूचना दी। हैदर ने कहा कि पुलिस उप महानिरीक्षक रैंक के एक अधिकारी ने भारतीय सिख परिवार से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि लुटेरों को गिरफ्तार किया जाएगा तथा उनके नुकसान की भरपाई की जाएगी।

### व्हाइट हाउस इजराइल को सैन्य सहायता पर शर्तें नहीं चाहता : जैक सुलिवन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने इस सप्ताह सांसदों से कहा कि व्हाइट हाउस इजराइल को अमेरिकी सैन्य सहायता प्रदान करने को लेकर कोई शर्त नही रखना चाहता है।सुलिवन से मंगलवार को निजी तौर पर मुलाकात करने वाले सांसदों में से एक, क्रिस वान होलेन ने बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि सुलिवन ने यह स्पष्ट किया है कि सहायता के लिए व्हाइट हाउस किसी शर्त की मांग नही रख रहा है। इसलिए मैं इसे छोड़ना चाहता हूं। सुलिवन, डेमोक्रेट्स सांसदों के सवालों पर चर्चा करने के लिए अमेरिकी संसद भवन परिसर कैपिटल हिल में मौजूद थे। डेमोक्रेट्स सांसदो का सवाल था कि प्रशासन यह कैसे सुनिश्चित करेगा कि इजराइल को प्रदान किए गए किसी भी अमेरिकी हथियार का उपयोग, अमेरिकी कानून के अनुसार ही किया जाए। कुछ सांसदों ने सुझाव दिया कि गाजा में नागरिकों की मौत की बढ़ती संख्या को लेकर चिंतित अमेरिका को यह शर्त रखनी चाहिए कि इजराइल को दी जाने वाली सैन्य सहायता कैसी हो और इसका उपयोग इजराइली बलों द्वारा हमास के ठिकानों के खिलाफ कैसे किया जाए।पिछले सप्ताह बाइडेन ने संवाददाताओं से कहा था कि इजराइल को सैन्य सहायता देना एक सार्थक विचार है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यदि उन्होंने ऐसा पहले किया होता, तो हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना और भी कठिन होता।

### चैटजीपीटी का एक वर्षः एआई चमत्कार ने 5 तरीकों से दुनिया को बदल दिया

**सिडनी।** ओपनएआई की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट चैटजीपीटी को ठीक एक साल पहले आम जनता के सामने पेश किया गया था।दूसरे महीने के अंत तक 10 करोड़ उपयोगकर्ताओं के साथ यह अब तक का सबसे तेजी से बढ़ने वाला ऐप बन गया। आज, यह माइक्रोसॉफ्ट के बिंग सर्च, स्काइप और स्नैपचैट के माध्यम से एक अरब से अधिक लोगों के लिए उपलब्ध है - और अनुमान है कि ओपनएआई वार्षिक राजस्व में एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक एकत्र करेगा।हमने पहले कभी किसी प्रौद्योगिकी को इतनी तेजी से विस्तार करते नही देखा। अधिकांश लोगों को वेब का उपयोग शुरू करने में लगभग एक दशक का समय लग गया था। लेकिन इस बार तैयारी पहले से ही मौजूद थी।परिणामस्वरूप, चैटजीपीटी का प्रभाव शेक्सपियर की शैली में कैरोल की सेवानिवृत्ति के बारे में कविताएँ लिखने से कही आगे निकल गया है। इसने कई लोगों को हमारे एआई-संचालित भविष्य का स्वाद चखाया है। यहां पांच तरीके बताए गए है जिनसे इस तकनीक ने दुनिया को बदल दिया है।1

### अमेरिकाः अपीली अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ प्रतिबंध आदेश को बहाल किया

**न्यूयॉर्क,।** अमेरिका में न्यूयॉर्क की एक अपीली अदालत ने बृहस्पतिवार को उस आदेश को बहाल कर दिया, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दीवानी धोखाधड़ी मुकदमे में एक कर्मी को बदनाम किए जाने के बाद अदालत के कर्मचारियों के बारे में टिप्पणी करने से रोक दिया गया था। एकल अपीली न्यायाधीश द्वारा सुनवाई के दौरान आदेश पर रोक लगाने के दो सप्ताह बाद चार-न्यायाधीशों की पीठ का यह निर्णय आया है। न्यायाधीश की कानूनी क्लर्क के बारे में ट्रंप द्वारा सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी पोस्ट करने के बाद न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन ने तीन अक्टूबर को प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। पोस्ट में क्लर्क के निजी जीवन के बारे में निराधार आरोप लगाए गए थे। न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स के मुकदमे की सुनवाई के दूसरे दिन ट्रंप ने यह पोस्ट किया था। जेम्स ने आरोप लगाया कि ट्रंप ने कर्ज लेने और सौदे करने के लिए वित्तीय विवरणों में अपनी संपत्ति को बढ़ा-चढ़ाकर बताया। ट्रंप ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है।

### हत्या की साजिश में शामिल हुआ भारतीय नागरिक :अमेरिकी अभियोजक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश के आरोपी भारतीय नागरिक ने इस आश्वासन के बाद साजिश में शामिल होना स्वीकार किया कि गुजरात में उसके खिलाफ चल रहा एक आपराधिक मामला खारिज कर दिया जाएगा। अमेरिका की एक अदालत में बुधवार को सामने आए अभियोजन पक्ष के आरोपपत्र के अनुसार निखिल गुप्ता (52) पर न्यूयॉर्क शहर में एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में संलिप्त रहने का आरोप है। इसमें यह खुलासा नहीं किया गया है कि किस अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रची गई थी।

### दुनिया को भा रहे अकासा व तारुक तराने

**ट्रांबे।** तारुक रैना व गायिका अकासा ने बनाया धमाकेदार ट्रैक कलेयाँ दर्शकों के दिल को पूरी तरह से रोमांचित करने के लिए तैयार है। पूरी दुनिया में उनको सुना जा रहा है। अकासा के नए एल्बम कलेयाँ के चार गानों में से एक बड़ी ही मनमोहक रचना है जो प्रेम, तमन्ना और अनगिनत भावनाओं को एक सामंजस्यपूर्ण टेपेस्ट्री में पिरोती है। बेहतरीन जोड़ी, लयबद्ध बीट्स और गाने के सम्मोहित कर देने वाले बोल एक ऐसा अद्भुत, अविस्मरणीय अनुभव पैदा करने का वादा करते हैं, जो कुछ हट कर है। मनमोहक प्रेम गीत कलेयाँ केवल एक गीत ही नहीं ह, इसके साथ एक लुभावना संगीत वीडियो भी है जिसमें शानदार जोड़ी अकासा और तारुक लय को पूरी तन्मयता से महसूस कर उसकी गहराई अच्छी वाइब्स के साथ दर्शकों तक पहुंचा रहे हैं।

### संयुक्त राष्ट्र नेताओं ने भारत को दक्षिण-दक्षिण सहयोग का पैरोकार बताया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष नेताओं और राजदूतों ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने और दक्षिण-दक्षिण सहयोग का पैरोकार होने के लिए भारत के अनुकरणीय नेतृत्व की सराहना की है। उन्होने देश की जी20 अध्यक्षता और भारत तथा संयुक्त राष्ट्र के बीच स्थाई साझेदारी पर भी प्रकाश डाला। भारत ने पिछले साल दिसंबर में जी20 की अध्यक्षता एक वर्ष के लिए संभाली थी और अब वह इसे ब्राजील को सौंपने वाला है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन और दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बुधवार को यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष की सहयोगात्मक साझेदारी के छह साल पूरे होने के मौके पर यह आयोजन किया गया। संयुक्त राष्ट्र की उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने इस अवसर पर कहा, भारत लंबे समय से दक्षिण-दक्षिण सहयोग का और सतत विकास लक्ष्यो के वैश्विक अनुसरण का पैरोकार रहा है जहां वह वसुधैव कुटुम्बकम के अपने दर्शन को सामने रख रहा है।

### जापान ने अपनी ऑस्प्रे उड़ान निलंबित करने की योजना बनाई

**तोक्या।** जापान में अमेरिकी वायु सेना के ऑस्प्रे विमान के एक प्रशिक्षण अभियान के दौरान दक्षिणी तट के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद जापान अपनी ऑस्प्रे उड़ानों को निलंबित करने पर विचार कर रहा है। तोक्यो ने अमेरिकी सेना से दुर्घटना के पीड़ितों की तलाश करने वाल विमानों को छोड़कर जापान में संचालित होने वाली सभी ऑस्प्रे विमानों के परिचालन को रोकने के लिए भी कहा है। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जापान के रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तारो यामातो ने संसद में सुनवाई के दौरान कहा कि जापान कुछ समय के लिए ऑस्प्रे उड़ानें निलंबित करने की योजना बना रहा है।

### रामास्वामी के शीर्ष सहयोगी उनका साथ छोड़ ट्रंप के अभियान से जुड़े : रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए अगले साल होने वाले चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की होड़ में शामिल विवेक रामास्वामी के एक शीर्ष सहयोगी इस्तीफा देकर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अभियान में शामिल हो गए हैं। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। खबर में रामास्वामी के सहयोगी के उनका साथ छोड़ने को भारतीय-अमेरिकी नागरिक के चुनाव अभियान में ठहराव का नवीनतम संकेतक बताया गया है। सीएनएन की खबर के अनुसार, ब्रायन स्वेनसेन ने पिछले सप्ताह रामास्वामी के अभियान में राष्ट्रीय राजनीतिक निदेशक के रूप में अपनी भूमिका से औपचारिक रूप से इस्तीफा दे दिया।उनके रामास्वामी का साथ छोड़ने के घटनाक्रम से अवगत सूत्रों का हवाला देते हुए खबर में कहा गया कि स्वेनसेन अब ट्रंप के अभियान में शामिल हो गए हैं। ट्रंप के चुनाव अभियान के दो सूत्रों ने सीएनएन को बताया कि उम्मीद है कि स्वेनसेन शुरुआती मतदान वाले राज्यों, विशेष रूप से नेवादा में अभियान के संचालन पर काम करेंगे।

## भारत, ग्लोबल साउथ ने हानि और क्षति कोष के संचालन को लेकर समझौते पर खुशी जताई

**दुबई।** जलवायु संकट में कम योगदान देने के बावजूद इसका खामियाजा भुगतने वाले विकासशील और गरीब देशों को मुआवजा देने के उद्देश्य से हानि और क्षति कोष के परिचालन को लेकर हुए समझौते का भारत ने बृहस्पतिवार को सकारात्मक संकेत के तौर पर स्वागत किया। इस कोष को लेकर हुए समझौते पर मिलीजुली प्रतिक्रिया आई खास कर ग्लोबल साउथ से। संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता सीओपी28 एक सकारात्मक संकेत के साथ शुरू हुई, जिसमें देशों ने हानि और क्षति कोष के संचालन पर शुरुआती समझौता किया। डॉ. सुल्तान अल जाबेर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि विज्ञान स्पष्ट है और अब हम सभी के लिए समय आ गया है कि जलवायु कार्वाई के लिए पर्याप्त रूप से चौड़ी सड़क ढूंढी जाए। निर्णय की घोषणा के तुरंत बाद भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक्स पर पोस्ट किया: संयुक्त अरब अमीरात में पहले दिन ही सीओपी28 के रफ्तार पकड़ने का सकारात्मक संकेत... हानि और क्षति कोष के संचालन पर ऐतिहासिक निर्णय सीओपी28 के उद्घाटन सत्र में अपनाया गया। भारत हानि एवं क्षति कोष को चालू करने के फैसले का पुरजोर समर्थन करता है।



### भारत को हरदीप सिंह निज्जर मामले में कनाडा के आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिएः प्रधानमंत्री ट्रूडो

**ओटावा।** प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा है कि अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय नागरिक पर अभियोग के बाद हरदीप सिंह निज्जर मामले में कनाडा के आरोपों को भारत को गंभीरता से लेना चाहिए।ट्रूडो ने बुधवार को कहा कि ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 18 जून को निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता के आरोपों पर कनाडा के अधिकारी अगस्त से अमेरिका के अपने समकक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे है।भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका बताकर खारिज कर दिया है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश के आरोपी भारतीय नागरिक ने इस आश्वासन के बाद साजिश में शामिल होना स्वीकार किया कि गुजरात में उसके खिलाफ चल रहा एक आपराधिक मामला खारिज कर दिया जाएगा।

### चीनी फौज भारतीय सेना के साथ संबंधों को महत्व देती है : चीन का रक्षा मंत्रालय

भाषा। बीजिंग

**चीन** के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि इसकी फौज भारतीय सेना के साथ अपने संबंधों को महत्व देती है तथा पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के बीच कोर कमांडर स्तर की 20 दौर की वार्ताओं से तनाव घटाने में मदद मिली है। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले कुछ स्थानों पर तीन साल से अधिक समय से गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक एवं सैन्य वार्ता के बाद कई इलाकों से अपने-अपने सैनिकों को पीछे हटा लिया है। भारत यह कहता रहा है कि सीमावर्ती इलाकों में शांति बहाल होने तक चीन के साथ इसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते।चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी गतिरोध पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत-चीन सीमा पर मौजूदा स्थिति स्थिर बनी हुई है। शीर्ष नेताओं के मार्गदर्शन के तहत, दोनों पक्षों ने राजनयिक और सैन्य माध्यमों के जरिए प्रभावी संवाद कायम रखा है तथा वेस्टर्न सेक्टर में शेष मुद्दों का हल करने में क्रमिक प्रगति की है।

## पाकिस्तान ने सिफर मामले में इमरान के खिलाफ जेल में मुकदमा चलाए जाने को मंजूरी दी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मंत्रिमंडल ने सुरक्षा कारणों से जेल में सुनवाई करने संबंधी विशेष अदालत के फैसले के बाद बृहस्पतिवार को सिफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ मुकदमा जेल में ही चलाए जाने को मंजूरी दे दी। पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खान के खिलाफ मुकदमा जेल में ही चलाते रहने का फैसला किया था। जियो न्यूज ने अधिकारियों के हवाले से अपनी खबर में कहा कि अदालत के आदेश के बाद, जेल में ही सुनवाई किए जाने की रिपोर्ट कानून एवं न्याय मंत्रालय द्वारा पेश की गई और इसे मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दे दी गई। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान (71) गत 26 सितंबर से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं जहां पिछले सप्ताह तक उनके खिलाफ उच्च सुरक्षा वाली जेल में ही सुनवाई चल रही थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह कार्यवाही को अनुचित करार देते हुए इसके खिलाफ व्यवस्था दी थी। विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुअल हसनत जुल्करनैन ने मंगलवार को इस्लामाबाद स्थित फेडरल ज्यूडीशियल कॉम्प्लैक्स में सिफर मामले में सुनवाई की थी।

### तोशाखाना मामले में नवाज शरीफ का बयान दर्ज, एनएबी ने जवाबदेही अदालत को दी जानकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत को बृहस्पतिवार को सूचित किया गया कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में अपना बयान दर्ज कराया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख शरीफ, पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी के खिलाफ 2019 में दायर मामला इस आरोप पर केंद्रित है कि उन्हे तोशाखाना (उपहार भंडार) से रियायती कीमतों पर लक्जरी वाहन प्राप्त हुए थे। अभियोजक ने मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश मुहम्मद बशीर को सूचित किया कि शरीफ ने मामले में अपना बयान दर्ज कराया है। बचाव पक्ष के वकील ने अदालत को सूचित किया कि शरीफ को दिए गए वाहन का कोई रिकॉर्ड नही था या शरीफ द्वारा किसी वाहन की मांग के अनुरोध को साबित करने वाला कोई दस्तावेज नही था।

## पूर्वी यूक्रेन में दागी गई रूसी मिसाइलों ने इमारतों को तबाह किया, कई परिवार मलबे में दबे

**कीव।** रूसी मिसाइलों ने पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में कई आवासीय इमारतों को तबाह कर दिया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई परिवार मलबे के नीचे दब गए। रूसी बल लंबी दूरी के हथियारों के साथ इस क्षेत्र पर हमला जारी रखे हुए हैं। यूक्रेन के स्थानीय अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लीमेन्को ने कहा कि रूसी सैन्य इकाइयों ने रात में एक साथ छह एस-300 मिसाइलें दागीं। मिसाइलें दोनेत्स्क क्षेत्र के तीन शहरों में गिरीं जिनमें पोकरोव्स्क, नोवोहरोदिवका और मिर्नोहराद हैं। अधिकारियों ने कहा कि आपातकालीन कर्मियों ने नोवोहरोदिवका की एक तबाह हुई बहुमंजिला इमारत के मलबे से 62 वर्षीय व्यक्ति के शव को निकाला। उन्होंने बताया कि मलबे में एक बच्चे समेत चार और लोग दबे हो सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पोकरोव्स्क में इन हमलों में एक बहुमंजिला इमारत, नौ मकान, एक पुलिस दफ्तर और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। आपातकालीन कर्मियों ने एक व्यक्ति को बचाया जो खून से लथपथ था और उसके हाथों में छह महीने का बच्चा था।



## बिना जरूरत न लें एंटीवायोटिक : हो सकता है खतरनाक

● उपयोग पर अंकुश से दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया से लड़ सकेंगे

भाषा। सिडनी

**एंटीबायोटिक** प्रतिरोध तब पैदा होता है जब एक सूक्ष्मजीव बदल जाता है और उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता है, जो पहले प्रभावी था। इससे दवा का असर नहीं होने के कारण बीमारी बढ़ने, मृत्यु की अधिक आशंका और स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च होता है।ऑस्ट्रेलिया में, एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर यह स्थिति है कि कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है क्योंकि मौखिक एंटीबायोटिक्स अब प्रभावी नहीं हैं और उन्हें ड्रिप के माध्यम से अंत:शिरा चिकित्सा प्रदान करने की आवश्यकता होती है।दुनिया के कुछ हिस्सों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। कुछ अस्पतालों को इस बात पर विचार करना होगा कि क्या एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों के जोखिम के कारण कैंसर का इलाज करना या सर्जरी करना व्यवहार्य है।ऑस्ट्रेलिया विकसित दुनिया में एंटीबायोटिक दवाओं के सबसे अधिक उपयोगकर्ताओं में से एक है। हमें इस बहुमूल्य संसाधन का बुद्धिमानी से उपयोग करने की आवश्यकता है, अन्यथा हम भविष्य को खतरे में डाल देंगे जहां एक साधारण संक्रमण आपको मार सकता है क्योंकि कोई एंटीबायोटिक असर नहीं करेगी। एंटीबायोटिक्स का उपयोग कब नहीं करना चाहिए ?एंटीबायोटिक्स केवल कुछ संक्रमणों के लिए ही काम करते हैं। वे बैक्टीरिया के खिलाफ काम करते हैं लेकिन वायरस से होने वाले संक्रमण का इलाज नहीं करते हैं। अधिकांश समुदाय से होने वाले संक्रमण, यहां तक कि बैक्टीरिया के कारण होने वाले संक्रमण, एंटीबायोटिक दवाओं के बिना ठीक होने की संभावना अधिक होती है।जब आपको ज़रूरत न हो तो एंटीबायोटिक लेने से आप बेहतर महसूस नहीं करेंगे या जल्दी ठीक नहीं होंगे। लेकिन इससे आपको मतली और दस्त जैसे दुष्प्रभावों की संभावना बढ़ सकती है।कुछ लोग सोचते हैं कि हरा बलगम (या स्नॉट) जीवाणु संक्रमण का संकेत है, जिसके लिए एंटीबायोटिक्स की आवश्यकता होती है। लेकिन वास्तव में यह एक संकेत है कि आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली आपके संक्रमण से लड़ने के लिए काम कर रही है।यदि आप प्रतीक्षा करेंगे, तो आप अक्सर बेहतर हो जाएंगे। एंटीबायोटिक उपयोग के लिए नैदानिक अभ्यास दिशानिर्देशों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को उपयुक्त होने पर एंटीबायोटिक्स मिले। फिर भी 40ञ डाक्टर कहते हैं कि वे मरीज की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए एंटीबायोटिक्स लिखते हैं। और पाँच में से एक मरीज़ श्वसन संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक्स की अपेक्षा करता है।डॉक्टरों के लिए यह तय करना मुश्किल हो सकता है कि क्या किसी मरीज को वायरल श्वसन संक्रमण है या वह गंभीर जीवाणु संक्रमण के प्रारंभिक चरण में है, खासकर बच्चों में। एक विकल्प यह है कि देखें और प्रतीक्षा करें और यदि तबीयत बिगड़े तो मरीजों को दोबारा आने के लिए कहें।

### एंटीबायोटिक्स का कोर्स कितने समय का होता है?

एंटीबायोटिक्स के कोर्स की अनुशंसित अवधि संक्रमण के प्रकार, संभावित कारण, यह आपके शरीर में कहां है और बैक्टीरिया को मारने में एंटीबायोटिक्स कितने प्रभावी है, इस पर निर्भर करती है।अतीत में, इसकी खुराक की अवधि काफी हद तक मनमानी होती थी और इस धारणा पर आधारित थी कि संक्रामक बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए एंटीबायोटिक दवाओं को लंबे समय तक लिया जाना चाहिए। हाल के शोध इसका समर्थन नही करते है और कम अवधि लगभग हमेशा लंबी अवधि की तरह ही प्रभावी होती है, विशेष रूप से समुदाय से लगने वाले श्वसन संक्रमणों के लिए।उदाहरण के लिए, समुदाय से प्राप्त निमोनिया के लिए, शोध से पता चलता है कि एंटीबायोटिक दवाओं का तीन से पांच दिन का कोर्स कम से कम सात से 14 दिन के कोर्स जितना प्रभावी होता है। सब ख़त्म होने तक ले लो दृष्टिकोण की अब अनुशंसा नही की जाती है, क्योंकि एंटीबायोटिक एक्सपोज़र जितना अधिक होगा, बैक्टीरिया के प्रतिरोध विकसित होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी।हालाँकि, ऐसे संक्रमणों के लिए जहां बैक्टीरिया को ख़त्म करना अधिक कठिन होता है, जैसे कि तपेदिक और हड्डी के संक्रमण, आमतौर पर कई महीनों तक एंटीबायोटिक दवाएं लेने की आवश्यकता होती है।

# राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी: गहलोत

● पांचों राज्यों में भाजपा हारेगी



भाषा। नई दिल्ली

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि चुनाव बाद सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में कुछ भी आंकड़े दिखाए जाएं, लेकिन मुझे लगता है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि भाजपा राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में हारने वाली है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट करने का आरोप लगाया तथा कहा कि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर समझदार लोग विद्रोह करेंगे। राजस्थान में विधानसभा की 199 सीटों के लिए गत 25 नवंबर को मतदान संपन्न हुआ। तीन दिसंबर को मतगणना होगी। चुनाव नतीजों की संभावना से जुड़े सवाल पर गहलोत ने कहा, एग्जिट पोल कुछ भी आए, सटोरिए कुछ भी कह दें, मीडिया सर्वेक्षण में कुछ भी कहा जाए, मुझे लगता है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

उन्होंने यह दावा भी किया कि पांच राज्यों में भाजपा कहीं भी नहीं जीत रही है। उनका कहना था, इस बार राजस्थान में जनता कांग्रेस की सरकार फिर से बनाएगी। यह पहली सरकार है जिसके खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल नहीं है। मुख्यमंत्री के बारे में सबकी एक राय है, यहां तक कि भाजपा का वोटर भी कहेगा कि (मुख्यमंत्री ने) काम करने में कोई कमी नहीं रखी है। गहलोत ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और केंद्र के मंत्रियों, सभी ने डराने वाली, तनाव पैदा करने वाली भाषा बोली...ए लोग राजस्थान में सरकार गिराने में विफल रहे, यह दर्द उनके दिल में छिपा हुआ है। इसलिए उन्होंने यह योजना बनाई कि किसी भी तरह से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार फिर नहीं बनने देना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का यह प्रयास सफल नहीं हुआ, इसलिए कांग्रेस की सरकार बनेगी। विधायकों एवं सांसदों से संबंधित उत्तर प्रदेश की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को तलब किए जाने पर गहलोत ने कहा, राहुल जी पर जो लोग हमला बोल रहे हैं उनको 2024 में महंगा पड़ेगा। मोदी जी का प्रभाव अब वो नहीं रहा जो पहले होता था। उन्होंने प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी के एक कथित बयान का हवाला देते हुए कटाक्ष किया, मोदी जी ने गुजरात में (2017 के चुनाव में) कहा था कि एक मारवाड़ी मुझे हराने के लिए आया है, मैं कहां जाऊंगा, मुझे जिताओ। अब दो गुजराती राजस्थान में आ गए, अब मैं कहता हूं कि भाइयों और बहनों मैं कहां जाऊंगा, मुझे जिताओ।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बरकरार रहेगी : सिंहदेव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि कांग्रेस राज्य में सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान जिसे भी मुख्यमंत्री बनाएगा वह सभी को स्वीकार होगा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सिंहदेव ने कहा कि सभी को तीन दिसंबर तक का इंतजार करना चाहिए। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में इस महीने चुनाव हुए हैं तथा सभी राज्यों में मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।छत्तीसगढ़ की 90 सदस्ईय विधानसभा के लिए सात और17 नवंबर को दो चरणों में मतदान हुआ था। विधानसभा चुनाव परिणाम की भविष्यवाणियों के बारे में पूछे जाने पर सिंहदेव ने नई दिल्ली में पीटीआई-भाषा से कहा, जहां तक अनुमानों का सवाल है, मैं हमेशा उन्हें गंभीरता से लेता हूं। ए विभिन्न समाचार चैनलों और एजेंसियों द्वारा यह अनुमान लगाने का प्रयास है कि चुनाव में क्या हुआ होगा। हमें तीन तारीख का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार आनी चाहिए। राजस्थान में हम बेहतर हैं लेकिन वहां पांच साल एक पार्टी, अगले पांच साल दूसरी पार्टी की सरकार बनती है, इसलिए यही एकमात्र झिझक है। सिंहदेव ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है और वहां सरकार बनने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में हम सरकार बना रहे हैं। सिंहदेव ने कहा, राजस्थान मुश्किल नजर आ रहा है। तेलंगाना में क्योंकि बीआरएस लगातार दो कार्यकाल से वहां है और कांग्रेस को ज्यादा मौका नहीं दिया जाता था। मैं कुछ चैनलों पर देख रहा हूं कि मतदान केंद्र से निकल रहे मतदाता खुलेआम कह रहे हैं कि हमने कांग्रेस को वोट दिया है। और यदि यह हैदराबाद में हो रहा है तो वहां सरकार निश्चित रूप से आएगी। ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस मजबूत है। यह पूछे जाने पर कि अगर कांग्रेस छत्तीसगढ़ में सत्ता बरकरार रखती है तो मुख्यमंत्री कौन होगा, सिंहदेव ने जवाब दिया, आलाकमान जो भी तय करेगा। कोई भी खुद को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश नहीं करना चाहता और यह फैसला आलाकमान को लेना चाहिए। वे जिसे भी जिम्मेदारी लेने के लिए नामित करेंगे हम मिलकर काम करेंगे। यह पूछे जाने पर कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों का अगले साल के लोकसभा चुनावों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, उन्होंने कहा, इससे माहौल बनेगा। इन चुनावों में कांग्रेस का अच्छा प्रदर्शन निश्चित रूप से इंडिया गठबंधन के लिए माहौल तैयार करेगा। हम बदलाव चाहते हैं और बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश को सत्ता में बैठे इन फासीवादी लोगों को हटाने की जरूरत है। देश में कई एग्जिट पोल ने छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच कांटे की टक्कर की भविष्यवाणी की है।

## बीआरएस को 70 से अधिक सीट मिलेंगी, सर्वेक्षण गलत साबित होंगेः रामा राव

**हैदराबाद।** चुनाव बाद सर्वेक्षणों के नतीजों को खारिज करते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पार्टी 70 से अधिक सीट जीतकर सत्ता में वापस आएगी।सर्वेक्षणों में बताया जा रहा है कि सत्तारूढ़ बीआरएस विधानसभा चुनाव हार रही है। एक संवाददाता सम्मेलन में रामाराव ने कहा कि 2018 में कुछ एग्जिट पोल ने बीआरएस की हार की भविष्यवाणी की थी, लेकिन परिणाम कुछ और ही आया।उन्होंने कहा, मैं आपसे वादा करता हूं, आपमें से जो लोग बीआरएस के मित्र हैं और चाहते हैं कि केसीआर वापस आएं... मैं दावा करता हूं कि तीन दिसंबर (मतगणना वाले दिन) को हम वापस आ रहे हैं। हम 70 से अधिक सीट जीत कर वापसी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एग्जिट पोल के नाम पर उपद्रव और निरर्थक बातें करने वालों, आपको खुद ही शर्मसार होना पड़ेगा और आपकी प्रतिष्ठा दांव पर है। उन्होंने कहा कि पार्टी का पहले अनुमान था कि उसे 88 से अधिक सीट मिलेंगी, लेकिन जहां-तहां कुछ समस्याओं के कारण यह आंकड़ा कम हो गया। रामा राव ने यह भी कहा कि यदि कुछ सर्वेक्षण संस्थाओं का पूर्वानुमान गलत साबित होता है तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने शाम 5.30 बजे एग्जिट पोल प्रसारित करने की अनुमति देने को लेकर निर्वाचन आयोग को भी गलत ठहराया, क्योंकि तब मतदान के लिए कुछ मतदाता कतारबद्ध थे।

## केंद्र ने जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी

**देहरादून।** केंद्र सरकार ने भूधंसाव ग्रस्त जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपए की पुनर्निर्माण योजना को मंजूरी दे दी हे। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने आपदाग्रस्त जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपए की पुनर्निर्माण योजना को मंजूरी दे दी है। योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) की रिकवरी एवं रिकंस्ट्रक्शन विंडो से 1079.96 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता दी जाएगी जबकि राज्य सरकार राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से 126.41 करोड़ रुपए और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपए देगी। इसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ पए भूमि अधिग्रहण की लागत भी शामिल है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योजना की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री का आभार प्रकट किया है।

# मप्र सरकार गैस त्रासदी के बचे लोगों के लिए विभाग बंद करने की योजना बना रही है : संगठनों का दावा

**भोपाल।** भोपाल गैस त्रासदी की 39वीं बरसी से पहले, गैस पीड़ितों के कल्याण के लिए काम करने वाले पांच संगठनों ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि मध्य प्रदेश सरकार भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास विभाग को बंद करने की योजना बना रही है। हालांकि, प्रदेश सरकार के एक मंत्री ने इसका खंडन किया है। दो और तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात को यूनियन कार्बाइड फैक्टरी से जहरीली गैस के रिसाव के बाद कई हजार लोग मारे गए थे। अब यह कारखाना बंद हो चुका है। बीजीटीआरआर मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि विभाग को बंद करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। बचे लोगों के कल्याण के लिए काम करने वाले संगठनों में से एक, भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने कहा, हमें हाल ही में एक गोपनीय दस्तावेज़ मिला है भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास विभाग (बीजीटीआरआर) को बंद करने की योजना बताई गई है। राज्य




मंत्रिमंडल की अगली बैठक में चर्चा की जाने वाली इस योजना में गैस राहत विभाग द्वारा संचालित पांच अस्पतालों और नौ औषधालयों को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभागों को सौंपने का प्रस्ताव है। भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नवाब खान ने कहा, पिछले कुछ महीनों में उच्च न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त निगरानी समिति की सिफारिशों का पालन करने में गंभीर ढिलाई के लिए भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास विभाग को फटकार लगाई है। खान ने दावा किया कि गैस पीड़ित मरीजों के कम्प्यूटरीकृत पंजीकरण, इलाज के प्रोटोकॉल और देखभाल की गुणवत्ता में बहुप्रतीक्षित सुधार करने के बजाय, सम्बन्धित अधिकारी न्यायिक प्रतिबंधों से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

# सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए श्रमिक एम्स की जांच में पाए गए स्वस्थ

**ऋषिकेश।** उत्तरकाशी जिले की सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए सभी 41 श्रमिक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में हुई चिकित्सकीय जांचों में स्वस्थ पाए गए और उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी गई जिसके बाद कई श्रमिक अपने घरों के लिए रवाना हो गए हैं। एम्स प्रशासन ने यहां मीडिया को बताया कि सभी मजदूर चिकित्सकीय जांच में स्वस्थ पाए गए हैं और उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी गई है। इसके बाद सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए कई श्रमिक अपने गृह प्रदेश के लिए रवाना हो गए। एम्स के जनरल मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. रविकांत ने बताया कि श्रमिकों का गहन परीक्षण किया गया और उनकी रक्त जांच, ईसीजी और एक्सरे रिपोर्ट सामान्य आई हैं।उन्होंने कहा, वे शारीरिक रूप से स्वस्थ और चिकित्सकीय रूप से स्थिर हैं। हमने उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी है। सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा ढहने के कारण उसके अंदर 17 दिनों तक फंसे रहे श्रमिकों को मंगलवार रात बाहर निकाले जाने में सफलता मिली थी। सिलक्यारा के निकट चिन्यालीसौड़ अस्पताल में चिकित्सकीय निगरानी में रखने के बाद उन्हें बुधवार को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर के जरिए एम्स ऋषिकेश पहुंचाया गया था। डॉ. रविकांत ने कहा कि वह इतना लंबा वक्त सुरंग में रहे हैं इसलिए इन्हें वातावरणीय अनुकूलन की जरूरत है जो कुछ दिनों में हो जाएगा।यहां से छुट्टी होने के बाद भी इन श्रमिकों का एम्स से सम्पर्क बना रहेगा और इनके स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए श्रमिकों के मोबाइल नंबर ले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के गृह राज्यों के मेडिकल कॉलेज व अस्पताल से भी संपर्क कर इनके बारे में बता दिया गया है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को दो सप्ताह बाद अपने निकटवर्ती अस्पताल में जाकर चिकित्सा जांच कराने की सलाह दी गई है।

## क्विक न्यूज

### गुजरात में खराब आयुर्वेदिक सिरप पीने से पांच लोगों की मौत

**नडियाद (गुजरात)।** गुजरात के खेड़ा जिले में कथित तौर पर मिथाइल अल्कोहल युक्त आयुर्वेदिक सिरप पीने से कम से कम पांच लोगो की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खेड़ा के पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने बताया कि इन लोगों की मौत 28 और 29 नवंबर को हुई। मिथाइल अल्कोहल एक जहरीला पदार्थ है। खेड़ा जिले में नडियाद शहर के निकट बिलोदरा गांव में एक दुकानदार द्वारा कालमेघसव- आसव अरिष्ट नामक आयुर्वेदिक सिरप लगभग 50 लोगों को बेचा गया था। शराब के आदी लोग कभी-कभी ऐसे औषधीय सिरप का दुरुपयोग करते है। गुजरात में शराबबंदी लागू है। पुलिस अधीक्षक गढ़िया ने कहा, पिछले दो दिन में सिरप पीने से पांच लोगों की मौत हो चुकी है और दो अन्य का अभी भी इलाज किया जा रहा है।

### भारत के तीसरे 700 मेगावॉट की क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा रिएक्टर का हॉट कंडीशनिंग चरण पूरा : एनपीसीआईएल

**नई दिल्ली।** राजस्थान के रावतभाटा में विकसित किए जा रहे भारत के तीसरे 700 मेगावॉट की क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा रिएक्टर ने बृहस्पतिवार को अपनी प्राथमिक ताप परिवहन प्रणाली की हॉट कंडीशनिंग के पूरा होने के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने एक बयान में कहा, राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना (आरएपीपी) 7 और 8 की इकाई-7, स्वदेशी 700 मेगावॉट श्रृंखला के तीसरे रिएक्टर ने 30 नवंबर को प्राथमिक ताप परिवहन (पीएचटी) प्रणाली की हॉट कंडीशनिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक ढंग से पूरा किया। हॉट कंडीशनिंग एक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य उच्च तापमान और उच्च दबाव की स्थिति में घटक कार्यात्मकताओ जैसे इनिशियल फ्यूल लोडिंग (आईएफएल), फर्स्ट एप्रोच टू क्रिटिकेलिटी (एफएसी) और विद्युत उत्पादन शुरू होने की जांच करना है।

### कुपवाड़ा में लश्कर मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ की टीम के साथ मिलकर लश्करटीआरएफ के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और आतंकवादियों के सहयोगी परवेज अहमद और शौकत अहमद के खुलासे पर एक जंगल से हथियार बरामद किए है। इस संबंध में हंदवाड़ा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। जांच शुरू कर दी गई है तथा मामले में और गिरफ्तारियां तथा बरामदगी होने की उम्मीद है।

### दिव्यंगता को आशुतोष ने दिया मात

**कानपुर।** अमेज़न में कस्टमर सर्विस एसोसिएट के तौर पर काम करने वाले आशुतोष उपाध्याय अपनी अद्भुत इच्छाशक्ति और विजयी होने की कहानी बयां करते हैं। वाराणसी उत्तरप्रदेश के रहने वाले आशुतोष का अनुभव चुनौतियों से लड़ने और जीवन के लक्ष्य तक पहुंचने का एक सार है। आशुतोष के दाहिने पैर में वल्गस विकृति की गंभीर समस्या हो गई थी जिसकी वजह से उनके लिए जीवन आसान नहीं था। आशुतोष दृढ़ता की बदलावकारी ताकत के बारे में बताते हुए कहते हैं। अमेज़न की लीडरशिप टीम के साथ.साथ सहकर्मियों का काफी सहयोग मिला खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान जब मेरे पिताजी का देहांत हुआ था। मुझे यहां जिस तरह का सम्मान और अवसर मिले उसका मैं शुक्रगुजार हूं। आशुतोष के लिए अमेज़न सिर्फएक काम करने की जगह नहीं, बल्कि यह एक कम्युनिटी है जोकि हर किसी को अपेक्षाओं को नकाराने का अवसर देता है। उनका कहना है कि वे एक ऐसी कंपनी में काम करके बेहद खुश हैं जोकि विविधता और समावेशन को महत्व देती हैए जिसकी वजह से उन्हें लगातार नए तरीके से सोचने में मदद मिली। साथ ही वे अपनी दिव्यांगता और बाकी सारी चीजों के साथ अपनी पहचान बरकरार रख पाए। मेरा व्यक्तिगत जीवनए संभव चीजों को एक नए रूप में परिभाषित करने का मौका बनी।

### रवि किशन ने प्रशंसकों किया अचंभित

**मुंबई।** हाल ही में इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रवि किशन ने चलती हुई शूटिंग को गुस्से में आकर अचानक रोक दिया और इसके बाद वे फिल्म सेट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह जो कुछ भी हुआए उससे न सिर्फक्रू बल्कि फैंस भी हैरान हैं। अपने हल्के फुल्के हास्य के लिए अनूठी पहचान रखने वाले रवि के इस दुर्लभ अंदाज़ को देखने के बाद इंटरनेट पर जैसे सनसनी ही मच गई है और नेटिज़न्स इस बात पर अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं कि संभवतः उनके आक्रोश का कारण क्या हो सकता है। लेकिन इस घटना के बारे में असली वजह फिलहाल रहस्य बनी हुई है। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि कोई न कोई ऐसी बात रही होगी, जिस पर वे असहमत रहे होंगे, हो सकता है यही वजह हो,ए जिसके कारण रवि किशन को चलती शूटिंग को रोकना पड़ा। वहीं सेट से जुड़े करीबी सूत्रों ने शूटिंग के दौरान हुई गरमागरम बहस का संकेत दिया है, लेकिन उन्होंने इसके बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया है।

## हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में ताज़ा बर्फबारी प्रदेश शीतलहर की चपेट में

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले जनजातीय क्षेत्रों और अन्य ऊंची पहाड़ियों पर ताजा बर्फबारी हुई है जबकि मध्य और निचली पहाड़ियों पर तेज़ और बर्फीली हवाओं के साथ कहीं-कहीं बारिश होने के कारण राज्य के अधिकांश हिस्से तीव्र शीत लहर की चपेट में हैं। ऊना में सबसे ज्यादा 28 मिमी बारिश हुई। इसके बाद डलहौजी में 19 मिमी, बंगाणा में 15 मिमी, भुंतर में 10 मिमी, कांगड़ा और चंबा में 9.5-9.5 मिमी, घमरूर में 9 मिमी, कांगड़ा में 7.3 मिमी, धर्मशाला और भरमौर में 5-5 मिमी, देहरा गोपीपुर, जोगिंदरनगर और नादौन में 3-3 मिमी में बारिश हुई। दिन के अधिकतम तापमान में कुछ डिग्री की गिरावट आई और यह सामान्य से पांच से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। शिमला में लोग गंभीर शीतलहर की स्थिति का सामना रहा है। राजधानी के आसमान में काले बादल छाए हुए हैं और शहर में हल्की बारिश के साथ बर्फीली हवाएं चल रही हैं।

# विकास को दृष्टिकोण स्नेह्य साथ मानवीय मूल्यों को समाहित करना होगाः राहुल गांधी



**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को विकास के दृष्टिकोण में आमूल-चूल बदलाव का आह्वान किया और आर्थिक प्रगति को सद्भाव, शांति, स्नेह तथा सम्मान जैसे मौलिक मानवीय मूल्यों के साथ जोड़ने आवश्यकता पर जोर दिया। कांग्रेस सांसद ने अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में मननथावाडी नगर पालिका में अमृत पेयजल परियोजना का उद्घाटन करने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, विकास के साथ हमें उस देश की प्रकृति के बारे में भी सोचना होगा जिसमें हम रहते हैं। क्या हम एक सामंजस्यपूर्ण देश, एक स्नेही देश बना रहे हैं? क्या हमारा देश ऐसा है जो अपने सबसे कमजोर लोगों की देखभाल करता है, उन लोगों की रक्षा करता है जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है? क्या हम देश का विकास कर रहे हैं और सबसे बुनियादी मानवीय मूल्यों के बारे में भूल रहे हैं? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, हमें एक ऐसी जगह बनने की आकांक्षा रखनी होगी जहां हर कोई सुरक्षित, स्नेह और सम्मान महसूस करे। वायनाड से सांसद गांधी ने कहा, अगर हम अपने देश को विकसित करना चाहते हैं तो सद्भाव, शांति, सम्मान और स्नेह बेहद महत्वपूर्ण हैं। वास्तव में यही सच्चा विकास है।

# मैं रबर स्टांप या हां में हां मिलाने वाला व्यक्ति नहीं हूं: कुछ विधेयकों को रोकने पर केरल के राज्यपाल ने कहा

भाषा। तिरुवनंतपुरम

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कोई रबर स्टांप या हां में हां मिलाने वाले व्यक्ति नहीं हैं, जो अपना दिमाग लगाए बिना राज्य विधानसभा की ओर से पारित विधेयकों पर अपनी मंजूरी दे देंगे।खान ने कहा कि जब कोई अध्यादेश या विधेयक उनके सामने आता है, तो वह यह पता लगाने के लिए अपना दिमाग लगाते हैं कि यह संवैधानिक और कानूनी रूप से सही है या नहीं। उन्होंने कहा कि केरल के लोगों के कल्याण के लिए बनाया गया कोई विधेयक या अध्यादेश उनकी मेज पर एक घंटे भी नहीं रहेगा।उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं इसका तुरंत निस्तारण कर दूंगा। लेकिन जहां वे (सरकार) संस्थानों, विश्वविद्यालयों और उनकी स्वायत्तता को नष्ट करने के लिए कानून की शक्ति का इस्तेमाल करते हैं और संविधान की भावना के खिलाफ जाते हैं तो वे मुझसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि मैं उनकी हां में हां मिलाऊं। राज्यपाल ने कहा, मैं रबर स्टांप नहीं हूं। राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए सुरक्षित सात विधेयकों के बारे में खान ने कहा कि उन्होंने मंत्रियों के आने और उन विधेयकों की सामग्री को समझाने के लिए लगभग दो साल तक इंतजार किया था। उन्होंने कहा, मंत्री आए लेकिन स्पष्टीकरण नहीं दे सके।

खान ने कहा कि चूंकि सरकार ने उनके द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण देने के बजाय उच्चतम न्यायालय जाने का फैसला किया इसलिए, उन्होंने सात विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेज दिया।उन्होंने यह दावा करते हुए अपनी कार्वाई को उचित ठहराया कि सात विधेयकों में से चार धन विधेयक की प्रकृति के थे क्योंकि उनमें व्यय शामिल था और इसलिए उन्हें राज्य विधानसभा में पेश करने के लिए राज्यपाल की पूर्व अनुमति आवश्यक थी।शेष तीन के बारे में खान ने कहा कि ए विधेयक यूजीसी के नियमों के विपरीत हैं।उनके फैसले की विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीसन ने आलोचना की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को अनावश्यक रूप से रोक नहीं सकते। उन्होंने कहा, उन्हें लगभग दो साल तक विधेयकों को अनुचित तरीके से रोक कर नहीं रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष लंबित विधेयकों की विषयवस्तु के खिलाफ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच कोई विवाद या मतभेद नहीं है और यह सब जनता को गुमराह करने की कार्वाई है।

# भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली व्यवस्था समाप्त हो चुकी हैः धनखड़

भाषा। नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ऐसे समय में भूमि, समुद्र, वायु और अंतरिक्ष के क्षेत्र में देशों की अग्रणी पंक्ति में खड़ा है, जब देश में एक ऐसी व्यवस्था है जो सभी के लिए समान अवसर को प्रोत्साहित करती है।धनखड़ ने कहा कि व्यापक स्तर पर बदलाव लाने वाली प्रौद्योगिकियों ने पैठ बनाई है और ऐसा पहली बार हुआ है कि भारत उन अग्रणी देशों में शामिल है जो इस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

लोक प्रशासन पर एक पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी में भारत की उपलब्धि का प्रदर्शन पिछले साल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के जलावतरण और कई स्वदेशी रक्षा उपकरणों के विकास से हुआ।

उन्होंने हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हल्के लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, जब आपने अपना करियर शुरू किया था, हमारे देश में एक ऐसी व्यवस्था थी जिसमें दुर्भाग्य से संरक्षण का एक तत्व, भ्रष्टाचार का एक तत्व अंतर्निहित था। लोग सोचते थे कि वे कानून से ऊपर हैं। धनखड़ ने कहा कि अब, एक ऐसी व्यवस्था है जो समान अवसर प्रदान करती है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अतीत में देश तकनीकी उन्नति में मदद के लिए दूसरे देशों की ओर देखता था। उन्होंने कहा, अब हम अनुसंधान, क्वांटम कंप्यूटिंग में हैं, हम अग्रिम पंक्ति में हैं... हमारा देश उन कुछ देशों में से एक है जो 6जी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 6जी का व्यावसाईकरण 2025 से 2030 तक होगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वंदे भारत ट्रेन पर पथराव की हालिया घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और दोषियों के लिए ऐसी सजा दिए जाने पर जोर दिया जो दूसरों के लिए नजीर बने।

# पूर्व भाजपा विधायक पार्टी से निष्कासित कांग्रेस में कर सकते है वापसी

भाषा। अगरतला

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की त्रिपुरा इकाई ने बृहस्पतिवार को अपने पूर्व विधायक अरुण चंद्र भौमिक को पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।यह निष्कासन भौमिक द्वारा यहां कांग्रेस भवन का दौरा करने और त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख आशीष कुमार साहा के साथ बैठक किए जाने के एक दिन बाद हुआ है।

भाजपा के मीडिया प्रभारी सुनीत साकार ने संवाददाताओं से कहा, अनुशासन का उल्लंघन करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के लिए, दक्षिण त्रिपुरा में बेलोनिया निर्वाचन क्षेत्र से हमारे पूर्व विधायक अरुण चंद्र भौमिक को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। अनुभवी वकील भौमिक 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे और बेलोनिया सीट से चुनाव जीते थे।

वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया और तब से वह हाशिए पर हैं। कभी तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे भौमिक ने अपने निष्कासन के बाद पत्रकारों से कहा, इसे घर वापसी कहें... मैं पार्टी की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल होने जा रहा हूं, जो दिसंबर के मध्य में त्रिपुरा का दौरा करने वाली हैं। प्रदेश भाजपा की गतिविधियों पर निराशा व्यक्त करते हुए भौमिक ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री माणिक साहा से दो बार मिलने की कोशिश की लेकिन असफल रहे।

# आयोग को पांच राज्यों के चुनावों में कई बार कसनी पड़ी नकेल, 2000 करोड़ रुपए से अधिक जब्त

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में सभी पार्टियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कई मौकों पर सख्ती बरती। अधिकारियों ने इस दौरान मुफ्त में बांटी जाने वाली बहुत सी चीजें, ड्रग, नकदी और शराब जब्त की जिनकी कीमत 2,000 करोड़ रुपए से अधिक है तथा इनका इस्तेमाल मतदाताओं को लुभाने के लिए किया जाना था। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में सात नवंबर और 17 नवंबर को मतदान हुआ था। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 25 नवंबर और तेलंगाना को 30 नवंबर को वोट डाले गए थे। मिजोरम में सात नवंबर को मतदान हुआ था। इन सभी राज्यों में मतगणना तीन दिसंबर को होगी। स्थानीय चुनाव मशीनरी की शिकायतों और सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए आयोग ने कई प्रमुख नेताओं को कारण बताओ नोटिस और सलाह जारी की कि वे आचार संहिता के प्रावधानों का पालन करें। तेलंगाना के वित्त मंत्री हरीश राव द्वारा रायथु बंधु योजना के तहत किस्त जारी करने के बारे में घोषणा किए जाने को आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। आयोग ने प्रदेश में रबी फसलों के लिए किसानों को वित्तीय सहायता के वितरण के लिए तेलंगाना सरकार को दी गई अनुमति वापस ले ली। निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को कुछ शर्तों के आधार पर आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान रबी फसलों के लिए किस्त का भुगतान करने की मंजूरी दे दी थी।आयोग ने सरकार से पांच दिसंबर तक इन पांच राज्यों में योजनाओं और पहल पर अपने व्यापक संपर्क कार्यक्रम, प्रस्तावित विकसित भारत संकल्प यात्रा को रोकने के लिए भी कहा था।सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया था कि आदर्श आचार संहिता लागू होने तक यात्रा चुनाव वाले राज्यों को कवर नहीं करेगी।प्रतिद्वंद्वी दलों की शिकायतों के आधार पर आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, उनकी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख तथा तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया। बाद में उन्हें एक परामर्श जारी किया गया और आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करने को कहा गया।हाल में चुनाव आयोग ने तेलंगाना के अखबारों में अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने वाले विज्ञापनों पर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार से स्पष्टीकरण मांगा था।कर्नाटक के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए उससे पूर्व मंजूरी नहीं ली।

# श्रृंखला जीतने पर टीम इंडिया की नजरें

## ● युवा गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद






**भाषा।** रायपुर

**भारतीय टीम** आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उतरेगी तो ग्लेन मैक्सवेल की गैर मौजूदगी का फायदा उठाते हुए युवा गेंदबाज डैथ ओवरों में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में भारत के दूसरे दर्जे के गेंदबाज आखिरी दो ओवरों में 43 रन बनाने से भी आस्ट्रेलिया को रोक नहीं सके। आस्ट्रेलिया ने 223 रन का विशाल लक्ष्य हासिल करके मैच जीता। प्रसिद्ध कृष्णा ने चार ओवरों में 68 और आखिरी ओवर में 21 रन दे डाले। दीपक चाहर की टीम में वापसी हुई है और वह नई गेंद से उपयोगी साबित हो सकते हैं। वहीं एक मैच के ब्रेक के बाद डैथ ओवरों के विशेषज्ञ मुकेश कुमार भी टीम में लौटे हैं। प्रसिद्ध और आवेश खान के पास विविधता और नएपन का अभाव दिखा। दोनों ने 130 या 140 की रफ्तार से गेंदबाजी की लेकिन गेंद की लैंग्थ में विविधता नहीं ला सके जिससे बल्लेबाज के लिए उसे भांपना आसान हो गया। इसके अलावा दोनों प्रभावी यॉर्कर डालने में भी नाकाम रहे। बल्लेबाजी में श्रेयस अय्यर की वापसी के मायने हैं कि तिलक वर्मा को बाहर रहना पड़ सकता है चूंकि यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और फिनिशर रिंकू सिंह का चयन तो तय है। भारतीय टीम मैक्सवेल की कमी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी जिन्होंने अपने दम पर आस्ट्रेलिया को तीसरा मैच जिताया था। उन्होंने 48 गेंद में 104 रन की नाबाद पारी खेली थी। स्टीव स्मिथ और एडम जम्पा भी स्वदेश लौट चुके हैं चूंकि वे विश्व कप टीम में भी थे और भारत में प्रवास काफी लंबा हो गया था। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप से पहले कार्यभार प्रबंधन और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए अपने कई शीर्ष खिलाड़ियों को इस श्रृंखला से फारिग कर दिया है। अब भारतीय गेंदबाजों के सामने टिम डेविड, जोश फिलीप और बेन मैकडरमोट की चुनौती होगी जो पिछले पांच छह सप्ताह में सीमित ओवरों के क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इनके अलावा विश्व कप फाइनल में यादगार पारी खेलने वाले ट्रेविस हेड और अनुभवी कप्तान मैथ्यू वेड भी टीम में हैं। गुवाहाटी की तरह यहां भी ओस की भूमिका अहम होगी और टॉस जीतने वाला कप्तान लक्ष्य का पीछा करना चाहेगा। इससे पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को दूसरी पारी में गीली गेंद से जूझना होगा। भारत के युवा बल्लेबाजों यशस्वी, ईशान किशन, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और खुद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जरूरत के समय अच्छी पारियां खेली हैं। रूतुराज गायकवाड़ ने तीसरे मैच में 57 गेंद में 123 रन बनाए।

# राहुल को वनडे टीम की कमान, टी-20 टीम की अगुआई करेंगे सूर्यकुमार

## ● द.अफ्रीका के खिलाफ टीम घोषित

## रोहित टेस्ट कप्तान



**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 टीम की कप्तानी की पेशकश किए जाने के बावजूद रोहित शर्मा का दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सीमित ओवरों के क्रिकेट से ब्रेक का आग्रह स्वीकार कर लिया है। साथ ही जसप्रीत बुमराह को 26 दिसंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला के लिए रोहित की अगुआई वाली टीम का उप कप्तान बनाया गया है। सीमित ओवरों के मुकाबलों से ब्रेक का विराट कोहली का आग्रह भी स्वीकार कर लिया गया है। सूर्यकुमार यादव और लोकेश राहुल को क्रमशः टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम की कमान सौंपी गई है। हालांकि समझा जाता है कि अगर रोहित सबसे छोटे प्रारूप में खेलने का फैसला करते हैं तो हार्दिक पंड्या अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में कप्तानी के लिए स्वतः पसंद नहीं होंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, रोहित को टी20 टीम की कप्तानी की पेशकश की गई थी लेकिन वह ब्रिटेन में छुट्टियां मना रहा है और विश्व कप के अंत तक चार महीने के व्यस्त सत्र के बाद विस्तारित ब्रेक चाहता है। लेकिन कप्तान के रूम में ड्रेसिंग रूम में उसका काफी सम्मान है और अगर वह टी20 विश्व कप में भारत की अगुआई के लिए सहमत होता है तो वह कप्तानी करेगा।

### भारत में टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने की कवायद में स्टोक्स ने कराई सर्जरी

**लंदन।** अगले साल जनवरी में भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट रहने की कवायद में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने बाएं पैर की सर्जरी कराई है। 32 वर्ष के स्टोक्स इस साल आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन एशेज टेस्ट में गेंदबाजी नही कर सके थे और विश्व कप में भी बतौर बल्लेबाज ही खेले थे। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि वह विश्व कप के बाद आपरेशन कराएंगे।

# ड्रेसिंग रूम में रो रहे थे रोहित और विराटः अश्विन



### हार्दिक को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया जाता है तो रोहित शिष्टता से इसे स्वीकार कर लेंगेः अश्विन

**चेन्नई।** भारत के चोटी के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि अगर हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया जाता है तो रोहित शर्मा पूरी शिष्टता के साथ इसे स्वीकार कर लेंगे क्योंकि भारतीय कप्तान मे अहं भाव ज्यादा नही है। हार्दिक दो सत्र तक गुजरात टाइटंस की कप्तानी करने के बाद हाल मे फिर से मुंबई इंडियंस से जुड़े। उन्होंने 2015 में मुंबई की टीम की तरफ से ही आईपीएल मे पदार्पण किया था। वह 2022 मे गुजरात टाइटंस से जुड़ गए थे और उन्होने पहले सत्र मे ही इस टीम को विजेता बनाया था। रोहित अभी मुंबई इंडियंस के कप्तान है लेकिन हार्दिक के टीम से जुड़ने के बाद कयास लगाए जा रहे है कि उन्हें कप्तानी सौंपी जा सकती है। अश्विन ने पूर्व क्रिकेटर एस बद्रीनाथ के साथ अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा, रोहित शर्मा मे ज्यादा अहंकार नही है। वह एक शानदार इंसान और बहुत अच्छा कप्तान है। (यदि हार्दिक को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया जाता है तो) वह इसे पूरी शिष्टता के साथ स्वीकार कर लेंगे। क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे मे पूछे जाने पर अश्विन ने कहा कि जिस दिन वह खेलने के लिए खुद को प्रेरित नही कर पाएंगे उस दिन इस खेल को अलविदा कह देंगे। जिस दिन मुझे लगेगा कि मै खेलने के लिए खुद को प्रेरित नही कर पा रहा हूं। जिस दिन मुझे सुबह उठकर बल्लेबाजी या गेंदबाजी करने को लेकर खीझ पैदा होगी। उस दिन मै समझ जाऊंगा कि अब खेल खत्म हो चुका है।

**चेन्नई।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि हाल में वनडे विश्व कप के अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ड्रेसिंग रूम में अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने 19 नवंबर को खेले गए फाइनल में भारत को 6 विकेट से हराकर अपना छठा वनडे विश्व कप खिताब जीता था। भारत की हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय ड्रेसिंग रूम में गए थे और उन्होंने रोहित और कोहली का हौसला बढ़ाने की कोशिश की थी। लेकिन अश्विन ने कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल दिल तोड़ने वाला था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर पूर्व क्रिकेटर सुब्रमण्यम बद्रीनाथ के साथ बातचीत करते हुए कहा, हां, हम दर्द महसूस कर रहे थे। रोहित और विराट की आंखों में आंसू थे और यह देखकर बहुत बुरा लग रहा था। कुछ भी हो ऐसा नहीं होना चाहिए था। यह टीम बेहद अनुभवी थी और हर कोई जानता था कि क्या करना है। भारत भले ही विश्व कप नहीं जीत पाया लेकिन कोहली और रोहित ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया। अश्विन ने एक बल्लेबाज और कप्तान के रूप में रोहित की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, अगर आप भारतीय क्रिकेट पर गौर करो, तो हर कोई यही कहेगा कि महेंद्र सिंह धोनी सर्वश्रेष्ठ कप्तान है, लेकिन रोहित शर्मा भी बेजोड़ इंसान है, वह टीम में शामिल प्रत्एक खिलाड़ी के बारे में अच्छी समझ रखता है। अश्विन ने कहा, उसे प्रत्एक खिलाड़ी की पसंद और नापसंद का पता है और उसकी समझ बहुत अच्छी है। प्रत्एक खिलाड़ी को अच्छी तरह से समझने के लिए वह अपनी तरफ से प्रयास करता है। अश्विन ने पूरे विश्व कप में केवल एक मैच खेला। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के पहले मैच में चेन्नई में खेले थे जिसमें उन्होंने 34 रन देकर एक विकेट लिया था।अश्विन से पूछा गया कि रोहित ने उन्हें फाइनल में अंतिम एकादश में शामिल क्यों नहीं किया तो उन्होंने कप्तान का समर्थन किया और कहा कि विजई टीम में बदलाव करना आसान नहीं होता है। जहां तक मेरा फाइनल में खेलने का सवाल है तो टीम का संयोजन महत्वपूर्ण होता है बाकी चीज बाद में आती हैं। यह किसी और की जगह खड़े होकर चीजों को उसके नजरिए से देखने से जुड़ा है। अगर मैं रोहित की जगह होता तो मैं भी लगातार जीत हासिल कर रही टीम में बदलाव करने से पहले 100 बार सोचता। अश्विन ने कहा, टीम में सब कुछ सही चल रहा था तो फिर क्यों एक तेज गेंदबाज को विश्राम देकर तीन स्पिनरों को खिलाया जाए। ईमानदारी से कहूं तो मैं रोहित की सोच को समझता था। फाइनल में खेलना बड़ी बात होती और मैं इसके लिए तैयार था लेकिन इसके साथ ही मैं बाहर बैठकर टीम का हौसला बढ़ाने और खिलाड़ियों तक पानी पहुंचाने के लिए भी तैयार था।

### संतोष ट्रॉफी के अंतिम दौर में हिस्सा लेंगी 12 टीम

**नई दिल्ली।** संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के अगले साल फरवरी-मार्च मे होने वाले अंतिम दौर मे 12 टीम हिस्सा लेंगी जिन्हे छह टीम के दो ग्रुप मे बांटा गया है। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष चार टीम क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश करेंगी।

### युगांडा ने टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**विंडहोक (नामीबिया)।** युगांडा ने गुरुवार को यहां रवांडा को नौ विकेट से हराकर अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका मे होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। युगांडा मौजूदा अफ्रीकी क्वालीफायर के जरिए मुख्य टूर्नामेंट मे जगह बनाने वाली नामीबिया के बाद दूसरी टीम है। अफ्रीका क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल मे युगांडा ने रवांडा को हराकर शीर्ष दो मे जगह सुनिश्चित की। युगांडा की यह छह मैच मे पांचवी जीत है। रवांडा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर मे सिर्फ 65 रन पर सिमट गई। युगांडा ने इसके जवाब मे सिर्फ 8.1 ओर मे एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। युगांडा इस तरह टी20 विश्व कप मे खेलने वाला पांचवां अफ्रीकी देश बनेगा।

### आईलीग खिलाड़ियों से मैच में हेराफेरी के लिए संपर्क किया गया : एआईएफएफ

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि कई आई लीग खिलाड़ियों से हाल ही मे मैचों मे हेराफेरी के लिए संपर्क किया गया। एआईएफएफ ने मामले की जांच का वादा किया है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह नही बताया कि उन्हे यह सूचना कैसे मिली, किन खिलाड़ियों से और किसने संपर्क किया लेकिन कहा कि महासंघ खेल मे नैतिकता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने एक बयान मे कहा , हमे सूचना मिली है कि खिलाड़ियों से संपर्क किया गया।

### पाकिस्तानी टेस्ट कप्तान शान मसूद को डी से बढाकर बी श्रेणी का करार

**लाहौर।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद का करार बृहस्पतिवार को डी श्रेणी की बजाय बी श्रेणी का कर दिया गया। उनकी कप्तानी मे टीम टेस्ट श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई। बाबर आजम के कप्तानी से हटने के बाद 34 वर्ष के मसूद को आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 . 25 चक्र के खत्म होने तक 15 नवंबर को टेस्ट कप्तानी सौंपी गई थी।

### चैम्पियंस लीग : आर्सनल 6-0 से जीतकर अगले दौर में

**जिनेवा।** आर्सनल ने लेंस को 6-0 से हराकर ग्रुप मे शीर्ष रहते हुए चैम्पियंस लीग फुटबॉल के अगले दौर मे प्रवेश कर लिया जबकि मैनचेस्टर युनाइटेड आखिरी स्थान पर रहा। दूसरे स्थान पर काबिज पीएसवी इंडोवेन भी ग्रुप बी से अंतिम 16 मे पहुंच गई। पीएसवी ने सेविला को 3-2 से हराया। अब 16 दिसंबर से शुरू होने वाले अंतिम 16 मुकाबलों के लिए 12 टीमो की पुष्टि हो चुकी है। मैनचेस्टर युनाइटेड बाहर होने की कगार पर है। मैनचेस्टर युनाइटेड ने गालाटासारे से 3- 3 से ड्रॉ खेला। उसे इससे पहले बायर्न म्युनिख और कोपेनहेगन ने हराया था।

### मैच में हेराफेरी के लिए संपर्क किया गया

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि कई आई लीग खिलाड़ियों से हाल ही में मैचों में हेराफेरी के लिए संपर्क किया गया। एआईएफएफ ने मामले की जांच का वादा किया है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह नही बताया कि उन्हें यह सूचना कैसे मिली, किन खिलाड़ियों से और किसने संपर्क किया लेकिन कहा कि महासंघ खेल मे नैतिकता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### श्रेयस के शामिल होने से बड़ा प्रभाव पड़ेगाः बिश्नोई

**रायपुर।** भारत के युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने शुक्रवार को कहा कि श्रेयस अय्यर टी20 बल्लेबाज के रूप में अपनी विशेष छाप छोड़ चुके हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम दो मैच में उनकी वापसी से बड़ा प्रभाव पड़ेगा। अय्यर श्रृंखला के पहले तीन मैच में नहीं खेले थे। उन्होंने हाल में समाप्त हुए वनडे विश्व कप में 11 मैच में 530 रन बनाए थे। बिश्नोई ने मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, अय्यर की वापसी से बल्लेबाजी में बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने टी20 क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी है और विश्व कप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। सीनियर खिलाड़ी होने के कारण उनके अनुभव का भी हमें फायदा मिलेगा। बिश्नोई ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की भी प्रशंसा की और कहा कि वह गेंदबाजों को पूरी स्वतंत्रता देते हैं। एक कप्तान के रूप में सूर्य भाई आपको पूरी स्वतंत्रता देते हैं। वह आपको अपने अनुसार क्षेत्ररक्षण सजाने और गेंद की लेंथ तय करने की पूरी छूट देते हैं। उन्होंने पिछले दो-तीन मैच में शानदार कप्तानी की है। भारत के कई सीनियर खिलाड़ियों को इस श्रृंखला से विश्राम दिया गया।

### शंटो के शतक से बांग्लादेश को 205 रन की बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश)।** नजमल हुसैन शंटो कप्तान के रूप मे अपने पहले मैच में ही शतक जड़ने वाले बांग्लादेश के पहले क्रिकेटर बने, जिससे उनकी टीम ने गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली। शंटो के नाबाद 104 रन की मदद से बांग्लादेश ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 212 रन बनाए थे और उसने 205 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। शंटो के साथ चौथे विकेट के लिए 96 रन जोड़ने वाले मुशफिकुर रहीम 43 रन बना कर खेल रहे थे। बांग्लादेश ने अपने दोनो सलामी बल्लेबाज 26 रन तक गंवा दिए थे। इसके बाद शंटो ने कप्तानी पारी खेलकर टीम को वापसी दिलाई। बाएं हाथ के स्पिनर अयाज पटेल ने जाकिर हसन (17) को आउट किया जबकि पहली पारी मे 86 रन बनाने वाले महमूदुल हसन (08) रन आउट हुए।

### एनएसएफ ने ओलंपिक से पहले विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया होगाः पीटी उषा

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि सभी राष्ट्रीय खेल महासंघो (एनएसएफ) ने पेरिस खेलो मे जाने वाले खिलाड़ियों की ट्रेनिंग सह प्रतियोगिता का खाका तैयार कर लिया होगा क्योंकि उनकी सफलता के लिए उचित योजना बनाना महत्वपूर्ण है। उषा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति मे कहा, उचित योजना बनाना महत्वपूर्ण है जिससे कि ओलंपिक खेलो से पहले तैयारी के सभी पहलुओ का ध्यान रखा जा सके। सभी एनएसएफ ने अगले वर्ष के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव सह प्रतियोगिता योजना के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया होगा। ओलंपिक से पहले डोपिंग उल्लंघन से बचने के लिए आईओए अपने कोर समूह के खिलाड़ियों को डोपिंग रोधिग नियमो पर शिक्षित करने के लिए विशेष सेमिनार का आयोजन भी करेगा।

### ओलंपिक में सफलता के लिए अधिक लोगों के खेलों से जुड़ने की जरूरतः बिंद्रा

**बेंगलुरू।** अभिनव बिंद्रा का मानना है कि सिर्फ एलीट खिलाड़ियों मे निवेश करने से भारत खेल महाशक्ति नही बनेगा और अगर देश को ओलंपिक मे अपने पदको की संख्या को दोहरे अंक मे पहुंचाना है तो अधिक लोगों को खेलों से जुड़ना होगा। भारत के शीर्ष खिलाड़ियों को पिछले कुछ समय मे सरकार और कारपोरेट घरानो से काफी वित्तीय समर्थन मिला है और नतीजे बेहतर ही होंगे क्योंकि शीर्ष खिलाड़ियों को विदेशो मे ट्रेनिंग का मौका मिल रहा है और वे शीर्ष सहयोगी स्टाफ के साथ काम कर रहे है। बिंद्रा ने हालांकि कहा कि सिर्फ शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों पर निवेश पर्याप्त नही होगा। बिंद्रा ने यहां आरसीबी इनोवेशन लैब लीडर्स मीट के दौरान कहा, अगर आप 50 (ओलंपिक पदक) जीतना चाहते है तो यह सिर्फ एलीट (खिलाड़ियों) पर पैसा लगाने से नही होगा।

### वालेंशिया में पांच देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी संभालेंगे हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह 15 से 22 दिसंबर तक स्पेन के वालेंशिया मे होने वाले पांच देशो के टूर्नामेंट मे भारत की 24 सदस्ईय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम मे युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट 2023 . 24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिए अहम होगा। इसमें भारत का सामना स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। गोलकीपिंग मे पी आर श्रीजेश और कृशन बी पाठक के साथ सूरज करकेरा भी होंगे। डिफेंस की कमान हरमनप्रीत, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित , संजय और नीलम संजीप सेस के हाथ मे होगी। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि इस टूर्नामेंट से युवाओ को दुनिया की शीर्ष टीमो के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका मिलेगा।

### गनेमत-अंगद की जोड़ी को स्कीट मिश्रित खिताब

**नई दिल्ली।** युवा शॉटगन निशानेबाज गनेमत सेखों ने अंगद वीर सिंह बाजवा के साथ मिलकर गुरुवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप मे स्कीट मिश्रित टीम का खिताब जीता। पंजाब की इस जोड़ी ने पहले क्वालिफिकेशन राउंड मे 140 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और फिर स्वर्ण पदक के मुकाबले मे राजस्थान की दर्शना राठौड़ और अनंतजीत सिंह नरूका की जोड़ी को 47-41 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश के ओलंपियन मैराज अहमद खान और अरीबा खान ने हरियाणा की संजना सूद और ईशान सिंह को 44-38 से हराकर कांस्य पदक जीता। गनेमत ने बुधवार को महिला स्कीट में स्वर्ण पदक जीता था जो सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप मे उनका पहला पदक भी था।

### पोकेमॉन ने जीता गूगल प्ले बेस्टगेम का पुरस्कार

**दिल्ली।** नियांटिक के सबसे बड़े ऑगमेंटेड रियलिटी मोबाइल गेम में से एक पोकेमॉन गो को 2023 में भारत में गूगल प्ले के बेस्ट ऑनगोइंग गेम पुरस्कार दिया गया है। यह पुरुस्कार पोकमॉन गो के लॉन्च के बाद सात साल से खिलाड़ियों को जोड़े रखने के निरंतर प्रयासों और आकर्षकए बेहतरीन वास्तविक अनुभव, प्रौद्योगिकी और सामुदायिक संपर्क देने में गेम की स्पष्ट सफलता का प्रमाण है,जो भारत और दुनिया भर में लाखों ट्रेनर्स के साथ प्रतिध्वनित होता है। 2016 में पोकेमॉन गो के लॉन्च के बाद सेए नियांटिक ने दुनिया भर में पोकेमॉन प्रशंसकों को खुद से जोड़ने और उन्हें अपने आस पड़ोस का पता लगाने के लिए प्रेरित कर अटूट समर्पण दिखाया है। लगातार रोमांचक फीचर्सए इवेंटए इन.गेम रिवार्ड्स और गेम और उसमें शामिल बेहतरीन टेक्नोलॉजी के इनोवेटिव अपडेट के साथए कंपनी ने हमेशा पोकेमॉन गो एडवेंचर को समृद्ध बनाने को प्राथमिकता दी है और ट्रेनर्स के लिए सफलतापूर्वक लगातार विकसित होने वाला गहन अनुभव तैयार किया है। नियांटिक ने हाल ही में गेम में हिंदी भाषा को जोड़ा है ताकि भारत में मौजूद व्यापक उपभोक्ता खुद को पोकेमॉन गो का हिस्सा बना सकें। नियांटिक के इमर्जिंग मार्केट्स के उपाध्यक्ष ओमार टेलेज़ ने कहा कि भारत में गूगल प्ले पर बेस्ट ऑनगोइंग गेम के रूप में पोकेमॉन गो को मिला पुरुस्कार नियांटिक और हमारे अविश्वसनीय समुदाय की सहयोगात्मक भावना की एक नई परिभाषा है। यह पुरुस्कार हमारे ट्रेनर्स और कम्युनिटीज के प्रेम को दर्शाती है जो 2016 में इस खेल को इस दुनिया में पेश करने के बाद से हर गुजरते साल के साथ बढ़ रहा है।

### राज गार्डन की लगातार दूसरी जीत, उस्मान फिर चमके

**प्रथम तारा देवी क्रिकेट टूर्नामेंट**

**लखनऊ।** राज गार्डन ने प्रथम तारा देवी क्रिकेट टूर्नामेंट में द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हराते हुए अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर गुरुवार को यह मैच पिच की स्थिति के चलते 28 ओवर का खेला गया जिसमें द क्रिएटर्स क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.1 ओवर में 60 रन ही बना सका। शुरुआती क्रम के लड़खड़ाने के बाद शिवांश त्रिपाठी 18 व आलोक मौर्या 16 ही टिक कर खेल सके। राज गार्डन से सईदुल्लाह उस्मान ने 5 ओवर में एक मेडन के साथ 16 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। जेबान अंसारी व रंजीत गौतम को दो.दो विकेट मिले। जवाब में राज गार्डन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 12.4 ओवर में 4 विकेट पर 61 रन बनाकर जीत अपनी झोली में डाल ली। वैभव यादव ने 14, प्रमोद कुमार ने 10 और नैतिक कुमार व अविनाश यादव ने नाबाद 10.-0 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब से सतीश कुमार को 2 विकेट मिले। मैन ऑफद मैच का पुरस्कार राज गार्डन के सईदुल्लाह उस्मान को मिला।

# शेल्के व संगीता को रिकर्व में स्वर्ण, कंपाउंड में महाराष्ट्र का दबदबा



**अयोध्या।** महाराष्ट्र ने कंपाउंड वर्ग में अपना दबदबा साबित करते हुए गुरुवार को यहां समाप्त हुई सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में 10 में से छह स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के तुषार शेल्के और हरियाणा की संगीता रिकर्व वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियन बने। कंपाउंड वर्ग में महाराष्ट्र ने पांच में से चार स्वर्ण पदक जीते। उसके खिलाड़ी प्रथमेश जावकर और विश्व चैंपियन अदिति स्वामी ने व्यक्तिगत वर्ग में सोने के तमगे हासिल किए। महाराष्ट्र में इसके अलावा महिला और पुरुष वर्ग की टीम स्पर्धा भी जीती। कंपाउंड वर्ग में महाराष्ट्र को एकमात्र झटका मिश्रित टीम स्पर्धा में लगा, जहां प्रथमेश फुगे और अदिति की जोड़ी प्रिंस राजपूत और नीरा सिलहोरिया से 154-156 से हारकर अंतिम-16 से आगे नहीं बढ़ पाई। दिल्ली के प्रियांश और प्रगति ने पंजाब को 158-150 से हराकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र ने रिकर्व वर्ग में पुरुष और महिला टीम के स्वर्ण पदक भी जीते। पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत फाइनल में शेल्के ने झारखंड के मृणाल चौहान को 6-0 से जबकि महिला रिकर्व व्यक्तिगत फाइनल में संगीता ने रिद्धि को शूटऑफ में 6-5 (10-9) से हराया।

# पंघाल और थापा सेमीफाइनल में


## ●राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

**शिलॉंग।** विश्व चैम्पियनशिप के उपविजेता अमित पंघाल (51 किलो) और 2021 एशियाई चैम्पियन संजीत (92 किलो) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और एसएससीबी के 12 मुक्केबाजों ने पुरूषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा भी अंतिम चार में पहुंच गए। उन्होंने दिल्ली के शशांक प्रधान को 5-0 से हराया और अब उनका सामना महाराष्ट्र के हरिवंश तिवारी से होगा। पंघाल ने जम्मू कश्मीर के मोहम्मद आरिफ को सर्वसम्मति से लिए गए फैसले पर हराया। अब उनका सामना आरएसपीबी के अंकित से होगा। संजीत ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता आरएसपीबी के नमन तंवर को 92 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हराया। अब उनका सामना अखिल भारतीय पुलिस के विकी से होगा। एसएससीबी के बरूण सिंह (48 किलो), पवन (54 किलो), सचिन (57 किलो), आकाश (60 किलो), वंशज (63.5 किलो), रजत (67 किलो), आकाश (71 किलो), दीपक (75 किलो), लक्ष्य (80 किलो) और जुगनू (86 किलो) ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाई। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर (92 प्लस किलो) ने चंडीगढ के नवजोत सिंह को मात दी। अब उनका सामना दिल्ली के विशाल कुमार से होगा।

### आठ जूनियर मुक्केबाज जूनियर विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में, पदक पक्के किए

**नई दिल्ली।** आठ भारतीय मुक्केबाजो ने गुरुवार को आर्मेनिया के एरेवान मे चल रही आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के छठे दिन सेमीफाइनल मे जगह बनाकर पदक सुनिश्चित किए। टूर्नामेंट मे अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत की सात जूनियर लड़कियों मे से छह ने सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। एशियाई जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप की दो स्वर्ण पदक विजेताओ परी (50 किग्रा) और निधि (66 किग्रा) ने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलो मे क्रमशः रोमानिया की म्यूलर मिकाइला और चीनी ताइपे की काओ चुन एइ को 5-0 के समान अंतर से हराया। पायल (48 किग्रा) ने आयरलैंड की डोहर्टी लॉरेन के खिलाफ 5-0 की आसान जीत दर्ज की जबकि अमीषा (54 किग्रा) ने भी दक्षिण कोरिया की किम जियाइ के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की।

# जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में भारत का जीत के साथ आगाज



**भाषा।** सैंटियागो

**भारतीय टीम** ने एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में कनाडा को 12-0 से हराकर शानदार शुरूआत की। भारत के लिए मुमताज खान ने चार (26वां, 41वां, 54वां और 60वां) , अन्नु (चौथा, छठा, 39वां मिनट) और दीपिका सोरेंग (34वां, 50वां और 54वां) ने तीन तीन गोल किए। डिप्पी मोनिका टोप्पो ने 21वें मिनट में और नीलम ने 45वें मिनट में गोल दागे। भारत ने आक्रामक शुरूआत की और जल्दी ही अन्नु ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर बढत दिला दी। दो गोल करने के बावजूद भारत ने आक्रामक खेल जारी रखा और पहले क्वार्टर तक बढ़त 2-0 की बनी रही। दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा रहा। डिप्पी और मुमताज ने इसका फायदा उठाकर एक एक फील्ड गोल दाग दिया। इस बीच कनाडा को मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। हाफटाइम तक भारत के पास चार गोल की बढ़त थी। दूसरे हाफ में दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया जिसके बाद अन्नु ने भी हैट्रिक पूरी की। मुमताज ने अपना दूसरा गोल भी दागा। वहीं नीलम ने पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत की बढ़त 8-0 की कर दी। आखिरी क्वार्टर में दीपिका और मुमताज ने गोल दागे। भारत का सामना शुक्रवार को जर्मनी से होगा।

# प्रियांशु ने सिंगल्स में कायम रखी भारतीय चुनौती, जीत के साथ अंतिम आठ में पहुंचे

## ●सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैपियनशिप

## ●महिला डबल्स में पोनप्पा व क्रेस्टो और गायत्री व जॉली भी क्वार्टर फाइनल में



**लखनऊ।** 30 नवंबर 2023। भारत की उभरती हुई बैडमिंटन सनसनी प्रियांशु राजावत ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 में सिंगल्स में भारतीय चुनौती कायम रखते हुए पुरुष एकल के अंतिम आठ में जगह बना ली। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में आज प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इसमें महिला डबल्स में गायत्री गोपीचंद व त्रिशा जॉली और अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रेस्टो की भारतीय जोड़ी ने भी क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। दूसरी ओर महिला सिंगल्स में उन्नति हुड्डा, पुरुष सिंगल्स में किरन जार्ज, महिला सिंगल्स में राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्यायए अस्मिता चालिहाए जनानी अनंथ कुमार, रूत्विका शिवानी गुड, डे मिक्स डबल्स में नितिन कुमार व नवधा मंगलम, बी. सुमित रेड्डी व एनण्सिकी रेड्डी,पुरुष डबल्स में ध्रुव रावत व चिराग सेन, आयुष मखीजा व वेंकट गौरव प्रसाद का अभियान हार के साथ समाप्त हो गया। महिला डबल्स के प्री क्वार्टर फइनल में भारत की त्रिशा जाली व गायत्री गोपीचंद ने हमवतन धनन्या नंदकुमार व ऋद्धि कौर तूर के खिलाफ 21-9, 21-5 की जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई। महिला डबल्स के एक अन्य प्री क्वार्टर फइनल में भारत की अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रेस्टो ने भारत की रुतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराया। दूसरी ओर मिक्स डबल्स में रोहन कपूर के साथ जोड़ी बनाकर उतरी अश्विनी पोनप्पा को हार मिली।

### प्रियांशु ने दिखाया जलवा

पुरुष सिंगल्स में भारत के प्रियांशु राजावत ने भी 21-18, 11-6 की जीत से अंतिम आठ में जगह बना ली। प्रियांशु ने पहले गेम में 21-18 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में प्रियांशु 11-6 से आगे थे लेकिन सतीश को हाथ में चोट लगने के चलते मैच छोड़ना पड़ा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।